@Qpatrika
@qaumipatrika hindi
instagram.com/qaumipatrika

# कौमी पत्रिका
राष्ट्रीय दैनिक अखबार

दिल्ली-हरियाणा-पंजाब-चण्डीगढ़-उत्तर प्रदेश से प्रसारित
शनिवार, 31 अगस्त 2024

VISIT:
www.qaumipatrika.in
Email: qpatrika@gmail.com

R.N.I. No. UP-HIN/2007/21472 सम्पादक - गुरचरन सिंह बब्बर वर्ष 17 अंक 295 qaumipatrikahindi 011-41509689, 23315814, 9312262300 गाजियाबाद संवत् 2077-78, पेज (12) मूल्य 3.00 रुपये (हवाई शुल्क 50 पैसे अतिरिक्त)

## सुप्रीमो ममता बनर्जी की अराजकता की राजनीति हुई उजागर: पेमा खांडू

कोलकाता, 30 अगस्त। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के गैरजिम्मेदाराना टिप्पणी के लिए जमकर आलोचना की है। दरअसल 28 अगस्त को कोलकाता में तृणमूल छात्र शाखा की रैली को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने कहा था कि अगर बंगाल जला तो, असम, उत्तरपूर्व, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और दिल्ली भी प्रभावित होंगे। इस पर पलटवार करते हुए सीएम पेमा खांडू ने यह भी आरोप लगाया कि टीएमसी सुप्रीमो की टिप्पणी ने उनकी अराजकता की राजनीति को उजागर कर दिया है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने दावा किया कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की पूर्वोत्तर क्षेत्र पर की गई हालिया टिप्पणी गैर-जिम्मेदाराना थी और देश की एकता की भावना के खिलाफ थी। इस दौरान सीएम पेमा खांडू ने यह भी आरोप लगाया कि टीएमसी सुप्रीमो की टिप्पणी ने उनकी अराजकता की राजनीति को उजागर कर दिया है। बता दें कि पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी की ये टिप्पणी कोलकाता में एक पोस्टग्रेजुएट ट्रेनी डॉक्टर के कथित बलात्कार और हत्या के खिलाफ व्यापक विरोध प्रदर्शनों के बाद आई थी। वहीं इस मामले में सीएम पेमा खांडू ने एक्स पर किए गए अपने पोस्ट में लिखा, पश्चिम बंगाल की सीएम की तरफ से पूर्वोत्तर पर की गई अप्रिय टिप्पणी बेहद गैर-जिम्मेदाराना है और उनकी हताशा को दर्शाती है। यह उनकी अराजकता की राजनीति को उजागर करती है और हमारे देश में एकता की भावना के खिलाफ है। मैं इसकी कड़ी निंदा करता हूं। उन्होंने कहा कि पूर्वोत्तर क्षेत्र के लोग शांतिप्रिय हैं और उन लोगों की कड़ी निंदा करते हैं जो शत्रुता और विभाजन को बढ़ावा देते हैं। सीएम खांडू ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट पर लिखा, अब समय आ गया है कि विभाजनकारी बयानबाजी से आगे बढ़कर एक मजबूत, अधिक सामंजस्यपूर्ण राष्ट्र के निर्माण पर ध्यान केंद्रित किया जाए।



# कोलकाता कांड: ममता ने पीएम मोदी को लिखा एक और पत्र

**सिम्मी कौर बब्बर**

कोलकाता, 30 अगस्त। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक और पत्र लिखा है। इस दौरान ममता ने दुष्कर्म और हत्या के जघन्य अपराधों पर कड़े केंद्रीय कानून और सजा तथा एक निश्चित समय सीमा में मामलों के निपटारे की मांग की। ममता बनर्जी ने पत्र में लिखा कि आपको 22 अगस्त को भी एक पत्र लिखा था। उसमें मैंने दुष्कर्म की घटनाओं पर कड़े केंद्रीय कानून बनाने और ऐसे अपराध में शामिल अपराधियों को कड़ी सजा देने की जरूरत के बारे में बताया गया था। इस तरह के संवेदनशील मुद्दे पर आपकी तरफ से कोई जवाब नहीं मिला। ममता ने इसे लेकर पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि आपके जवाब की जगह केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय से एक सामान्य जवाब मिला। यह मामले की गंभीरता को देखते हुए नाकाफी है। ममता ने पत्र में बताया कि पश्चिम बंगाल में उनकी सरकार ने इस मुद्दे को हल करने के लिए पहले ही महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इनमें 88 फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (स्नङ्गस्ष्ट) और 62 पॉक्सो अदालतों के साथ-साथ बच्चों के खिलाफ अपराध के लिए 10 विशेष अदालतों की स्थापना शामिल हैं। सभी अदालतें राज्य की ओर से चलाई जा रही हैं। ममता ने पीएम मोदी से हस्तक्षेप करने और इन अदालतों में स्थायी न्यायिक अधिकारियों की नियुक्ति की अनुमति देने का आग्रह किया है। इससे पहले वाले पत्र में ममता ने दावा किया था कि पूरे देश में प्रतिदिन 90 दुष्कर्म के मामले होते हैं। पत्र के जवाब में केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने लिखा था कि पिछले महीने लागू की गई भारतीय न्याय संहिता में कड़ी सजा का प्रावधान है। इससे महिलाओं के खिलाफ अपराधों के मामलों में त्वरित न्याय का प्रावधान किया गया है। इससे पहले ममता बनर्जी ने तृणमूल छात्र परिषद के 27वें स्थापना दिवस को आरजी कर डॉक्टर को समर्पित किया था। उन्होंने कहा था कि आरजी कर महिला डॉक्टर दुष्कर्म-हत्या मामले की जांच कई दिनों से केंद्रीय जांच एजेंसी कर रही है। कहां है न्याय? कहां तक पहुंची जांच? ममता ने कहा कि ऐसे कृत्यों की केवल एक ही सजा है- फांसी पर लटकाना। अगले हफ्ते हम विधानसभा सत्र बुलाएंगे और दुष्कर्मियों के लिए मृत्युदंड सुनिश्चित करने के लिए 10 दिनों के भीतर एक विधेयक पारित करेंगे। हम इस विधेयक को राज्यपाल के पास भेजेंगे। अगर वह इसे पारित नहीं करते हैं, तो हम राजभवन के बाहर धरना देंगे। यह विधेयक पारित होना ही चाहिए और वह इस बार जवाबदेही से बच नहीं सकते। दरअसल, 9 अगस्त की सुबह आरजी कर मेडिकल कॉलेज में चौथी मंजिल पर बने सेमिनार हॉल में डॉक्टर का अर्धनग्न अवस्था में शव मिला था। शव के पास उसका मोबाइल और लैपटॉप बरामद किया गया था। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में महिला डॉक्टर के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई। हत्याकांड को लेकर पश्चिम बंगाल समेत पूरे देश में डॉक्टरों का विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया।



## शरद पवार ने सुरक्षा लेने से किया इनकार

**कौमी संवाददाता**

मुंबई, 30 अगस्त। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी एसपी के प्रमुख शरद पवार ने आज गृह मंत्रालय द्वारा दी गई जेड प्लस कैटेगरी की सुरक्षा लेने से इनकार कर दिया। गृह मंत्रालय ने कुछ दिन पहले उन्हें जेड प्लस सुरक्षा देने का फैसला लिया था, जिसमें सीआरपीएफ के 58 कमांडोज उनकी सुरक्षा में तैनात किए जाने थे। जानकारी सामने आ रही है कि उन्होंने सुरक्षा एजेंसियों द्वारा सुझाए गए कुछ उपायों को मानने से इनकार कर दिया है। केंद्र ने केंद्रीय एजेंसियों द्वारा खतरे के आकलन की समीक्षा के बाद उन्हें केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) की वीआईपी सुरक्षा शाखा की जेड प्लस सुरक्षा दी थी। हालांकि, पवार का कहना है कि उन्हें यह नहीं पता कि उनकी सुरक्षा क्यों बढ़ाई जा रही है। 83 वर्षीय महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में अपने घर के अंदर अतिरिक्त सुरक्षाकर्मियों को तैनात करने, शहर के भीतर यात्रा करने के लिए इस्तेमाल किए जाने




वाले वाहन को बदलने और उनके वाहन के अंदर दो सुरक्षाकर्मियों द्वारा उन्हें सुरक्षा देने के प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया है। हालांकि,पवार सुरक्षा उपायों को बढ़ाने के तहत दिल्ली में अपने घर की चारदीवारी की ऊंचाई बढ़ाने के लिए तैयार हो गए हैं। पूर्व रक्षा मंत्री ने यह बात शुक्रवार को यहां एक बैठक में सुरक्षा एजेंसियों सीआरपीएफ और दिल्ली पुलिस के प्रतिनिधियों को बताई है। उनके अलावा, दिल्ली अग्निशमन सेवा, केंद्रीय लोक निर्माण विभाग, नई दिल्ली नगरपालिका परिषद और केंद्रीय गृह मंत्रालय के प्रतिनिधियों ने भी बैठक में हिस्सा लिया। गृह मंत्रालय ने कुछ दिन पहले उन्हें जेड प्लस सुरक्षा देने का फैसला लिया था, जिसमें सीआरपीएफ के 58 कमांडोज उनकी सुरक्षा में तैनात किए जाने थे। बता दें कि शरद पवार पहले भी जेड प्लस सुरक्षा को लेकर अपनी उदासीनता जाहिर कर चुके हैं। अभी हाल ही में जब उन्हें ये सुरक्षा दिए जाने का फैसला लिया गया था, पवार ने तब भी इस पर तंज कसा था। जेड प्लस सुरक्षा मिलने को लेकर उन्होंने अपनी प्रतिक्रिया में इसे जासूसी का जरिया बताया था। पवार ने कहा था कि उन्हें दी गई जेड प्लस सुरक्षा उनके बारे में प्रामाणिक जानकारी प्राप्त करने का एक तरीका हो सकता है, क्योंकि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। जेड-प्लस सुरक्षा मिलने पर शरद पवार ने संदेह जताते हे कहा था कि उन्हें दी गई जेड-प्लस सुरक्षा उनके बारे में जानकारी निकालने का प्रयास हो सकता है, क्योंकि महाराष्ट्र में इस साल विधानसभा चुनाव होने वाला है। केंद्र सरकार ने बुधवार को शरद पवार को जेड-प्लस सुरक्षा प्रदान करने की घोषणा की थी। जेड-प्लस सुरक्षा प्रदान करने को लेकर किए गए सवाल पर एनसीपी-एसपी प्रमुख ने कहा कि उन्हें इस कदम के पीछे का कारण नहीं मालूम।

## असम सरकार ने दो घंटे का जुमा ब्रेक खत्म किया

गुवाहाटी, 30 अगस्त। असम की हिमंत बिस्व सरमा सरकार ने राज्य विधानसभा के कर्मचारियों को दो घंटे के लिए दिए जाने वाले जुमा ब्रेक को खत्म करने का फैसला किया है। सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने खुद सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में इस फैसले की जानकारी दी। असम के मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि 2 घंटे के जुमा ब्रेक को खत्म करके, असम विधानसभा ने उत्पादकता को प्राथमिकता दी है और औपनिवेशिक बोझ की एक और निशानी को हटा दिया है। इस प्रथा को मुस्लिम लीग के सैयद सादुल्ला ने 1937 में शुरू किया था। इस ऐतिहासिक फैसले के लिए स्पीकर बिस्वजीत दैमारी और हमारे विधायकों का आभार। जुमा ब्रेक खत्म करने के सरकार के फैसले पर असम के मंत्री पीयूष हजारिका ने ट्वीट कर लिखा कि असम में सच्ची धर्मनिरपेक्षता को फिर से हासिल करने के लिए यह फैसला एक मील का पत्थर है। असम विधानसभा ने आज हर शुक्रवार को जुम्मा की नमाज के लिए 2 घंटे के ब्रेक की प्रथा को समाप्त कर दिया है। यह प्रथा औपनिवेशिक असम में सादुल्ला की मुस्लिम लीग सरकार द्वारा शुरू की गई थी। गौरतलब है कि लोकसभा, राज्यसभा और अन्य राज्यों की विधानसभाओं में नमाज पढ़ने के लिए ब्रेक देने का प्रावधान नहीं है। इसलिए असम विधानसभा के अध्यक्ष ने भी इस ब्रिटिश कालीन नियम को समाप्त करने का फैसला किया है। सोमवार से गुरुवार तक असम विधानसभा का समय सुबह साढ़े नौ बजे से शुरू होता है और शुक्रवार को यह सुबह नौ बजे से शुरू होता है ताकि नमाज के लिए दो घंटे का ब्रेक दिया जा सके।

## पैरालंपिक में पदक जीतने पर अवनि-मोना और प्रीति को पीएम मोदी ने दी बधाई

**सौरभ शर्मा**

पेरिस, 30 अगस्त। पेरिस पैरालंपिक का आगाज हो चुका है। शुक्रवार को भारतीय पैरा शूटर अवनि लेखरा और मोना अग्रवाल ने महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में क्रमशः स्वर्ण और कांस्य पदक जीतकर देश को गौरवान्वित किया। वहीं, प्रीति पाल ने महिलाओं की 100 मीटर (टी35) रेस में कांस्य पदक अपने नाम करने में कामयाबी हासिल की। तीनों की इस उपलब्धि पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें बधाई दी। अवनि ने पेरिस पैरालंपिक में 249.7 का स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। इसी के साथ उन्होंने अपने ही पैरालंपिक रिकॉर्ड को तोड़ दिया। पीएम ने उन्हें बधाई देते हुए कहा- आर2 महिला 10मीटर एयर राइफल एसएच1 इवेंट में प्रतिष्ठित स्वर्ण जीतने के लिए अवनि लेखरा को बधाई। इसी के साथ उन्होंने इतिहास रच दिया है। वह तीन पैरालंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला एथलीट हैं! उनका समर्पण भारत को गौरवान्वित करता है।



वहीं, पैरा शूटर मोना अग्रवाल ने 10 मीटर एयर राइफल स्टैंडिंग एसएच1 स्पर्धा में 228.7 का स्कोर बनाकर तीसरा स्थान हासिल किया और भारत को कांस्य पदक दिलाया। पीएम ने मोना को भी बधाई दी। उन्होंने कहा- मोना अग्रवाल को पेरिस पैरालंपिक 2024 में आर2 महिला 10 मीटर एयर राइफल एसएच1 स्पर्धा में कांस्य पदक जीतने पर बधाई। उनकी उल्लेखनीय उपलब्धि उनके समर्पण और उत्कृष्टता की खोज को दर्शाती है। भारत को मोना पर गर्व है। महिलाओं की 100 मीटर (टी35) रेस में भारत की प्रीति पाल ने कांस्य पदक जीता है। उन्होंने 14.31 सेकंड में 100 मीटर की दूरी तय की। पैरिस पैरालंपिक में यह भारत का तीसरा पदक है। चीन की ही गुओ कियानकियान ने इस स्पर्धा में रजत पदक जीता। उन्होंने 13.74 सेकंड में रेस पूरी की। वहीं, चीन की ही झोउ ने 1.58 सेकंड में रेस पूरी की और स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। पीएम ने उन्हें बधाई देते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा- भारत के लिए गौरव की बात यह है कि प्रीति पाल ने पैरालंपिक 2024 में 100 मीटर टी35 स्पर्धा में कांस्य पदक जीता है। उन्हें बधाई। यह सफलता निश्चित रूप से उभरते एथलीटों को प्रेरित करेगी।

## जगदीश टाइटलर के खिलाफ मुकदमा चलाने के पर्याप्त सबूत

**तेजिन्दर कौर बब्बर**

नई दिल्ली, 30 अगस्त। अदालत ने शुक्रवार को सीबीआई को 1984 के सिख विरोधी दंगों के मामले में कांग्रेस नेता जगदीश टाइटलर के खिलाफ आरोप तय करने का निर्देश दिया है। अदालत ने कहा जगदीश टाइटलर के खिलाफ हत्या, दंगा, हत्या के लिए उकसाने इत्यादि आरोप में मुकदमा चलाने के पर्याप्त साक्ष्य है। पुल बंगश इलाके में हुए दंगो में तीन लोगों की मौत हो गई थी। राउज एवन्यू अदालत के विशेष न्यायाधीश राकेश स्याल ने टाइटलर को आईपीसी की धारा 143 (अवैध रूप से एकत्र होना), 147 (दंगा करना), 153ए (विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना), 188 (लोक सेवक द्वारा विधिवत रूप से जारी आदेश की अवज्ञा करना), 295 (पूजा स्थल को नुकसान पहुंचाना या अपवित्र करना), 436 (घर को नष्ट करने के इरादे से आग या विस्फोटक पदार्थ से उत्पात मचाना), 451 (घर में घुसना), 380 (घर में चोरी करना), 149 (साझा उद्देश्य), 302 (हत्या) और 109 (उकसाना) के तहत आरोप तय करने का निर्देश दिया है। के लिए अदालत में शारीरिक रूप से उपस्थित होना होगा। अदालत ने टाइटलर को पेश होने का निर्देश देते हुए सुनवाई 13 सितंबर को तय की है। अदालत ने हाल ही में टाइटलर को धारा 148 (घातक हथियारों से लैस होकर दंगा करना) के तहत आरोप मुक्त कर दिया है। यह मामला बादल सिंह, सरदार ठाकुर सिंह और गुरबचन सिंह की जलाकर हत्या और 1 नवंबर, 1984 को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की हत्या के एक दिन बाद पुल बंगश गुरुद्वारा में आग लगाने से संबंधित है। दिल्ली पुलिस ने उसी दिन मामला दर्ज किया था। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने नानावटी आयोग की सिफारिशों पर नवंबर 2005 में नए सिरे से मामला दर्ज किया, जिसका गठन 2000 में किया गया था और जिसने पांच साल बाद अपनी रिपोर्ट पेश की थी। ट्रायल कोर्ट ने पिछले साल 26 जुलाई को मामले में दाखिल आरोपपत्र का संज्ञान लिया और टाइटलर को कोर्ट में पेश होने के लिए समन जारी किया। टाइटलर ने अग्रिम जमानत याचिका दायर की। पिछले साल अगस्त में सत्र अदालत ने मामले में टाइटलर को अग्रिम जमानत दे दी थी। अदालत ने उन्हें 1 लाख के निजी मुचलके और उसी राशि की जमानत दी थी।



## मणिपुर के सीएम को बंगाल पर बोलने का कोई नैतिक अधिकार नहीं

नई दिल्ली, 30 अगस्त। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की नेता सागरिका घोष ने शुक्रवार को मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह की आलोचना की। सिंह ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया था कि उन्होंने कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में महिला डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के खिलाफ हो रहे प्रदर्शनों को ठीक से नहीं संभाला। घोष ने कहा कि मणिपुर की स्थिति को देखते हुए सिंह को पश्चिम बंगाल पर टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में मणिपुर के मुख्यमंत्री ने अपनी पश्चिम बंगाल की समकक्ष पर आरोप लगाया था कि उन्होंने डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के बाद हुए प्रदर्शनों को सही तरीके से नहीं संभाला। हालांकि, घोष ने मणिपुर की स्थिति का जिक्र किया और दावा किया हजारों लोग अब भी राहत शिविरों में रह रहे हैं। टीएमसी नेता ने कहा, मणिपुर के मुख्यमंत्री के विपरीत पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री बनर्जी ने लगातार दुष्कर्म और हत्या पीड़िता के लिए न्याय को सबसे ऊपर रखा है। उन्होंने कहा, कोलकाता पुलिस ने इस मामले को चौबीस घटों के भीतर ही सुलझा दिया। जबकि इसके विपरीत मणिपुर में 18 महीने बीत जाने के बाद भी हजारों लोग राहत शिविरों में पीड़ित हैं। जातीय हिंसा में 220 से ज्यादा लोग मारे गए और पुलिस ने महीनों तक प्राथमिकी भी दर्ज नहीं की। उन्होंने कहा, मणिपुर के मुख्यमंत्री को पश्चिम बंगाल पर टिप्पणी करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है, क्योंकि वह 18 महीनों में अपने लोगों को उम्मीद और राहत देने में पूरी तरह से विफल रहे हैं। हम महिलाओं की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध हैं।

## भाजपा में शामिल हुए झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन

**नरेश मल्होत्रा**

रांची, 30 अगस्त। चंपई सोरेन ने झामुमो से इस्तीफा देने के बाद आधिकारिक रूप से भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और झारखंड भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी मौजूद रहे। हाल ही में उन्होंने झारखंड मुक्ति मोर्चा में खुद का अपमान होने की बात कह कर पार्टी से अलग राह तलाशने की बात कही थी। इसके बाद दिल्ली में चंपई की भाजपा नेतृत्व से मुलाकात की थी। इसके बाद बीते 28 अगस्त को झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा से इस्तीफा दिया था। अपने इस्तीफे को एक्स पर पोस्ट करते हुए चंपई सोरेन ने लिखा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा की प्राथमिक सदस्यता और सभी पदों से त्याग पत्र दिया था। झारखंड के आदिवासियों, मूल वासियों, दलितों, पिछड़ों और आम लोगों के मुद्दों को लेकर हमारा संघर्ष जारी रहेगा। चंपई ने 1974 में जमशेदपुर स्थित राम कृष्ण मिशन हाई स्कूल से 10वीं की पढ़ाई की थी। जब बिहार से अलग झारखंड राज्य की मांग उठ रही तो उस दौरान चंपई का नाम खूब चर्चा में रहा। कोल्हान के टाइगर के नाम से मशहूर चंपई इस आंदोलन के लिए समर्थन जुटाने में अहम भूमिका निभाते थे। उनकी सक्रियता में 1990 के दशक में जमशेदपुर में टाटा स्टील फैक्ट्री के गेट पर एक चर्चित आंदोलन शामिल है। शिबू सोरेन के साथ ही चंपई ने भी झारखंड के आंदोलन में भाग लिया। इसके बाद ही लोग उन्हें झारखंड टाइगर के नाम से भी बुलाने लगे। चंपई संयुक्त बिहार में 1991 में उपचुनाव जीतकर पहली बार विधायक बने थे। के.सी. मार्डी के इस्तीफे के बाद चंपई ने बतौर निर्दलीय चुनाव जीता था। फिर 1995 में झामुमो के टिकट पर चुनाव जीतकर विधायक बने थे। वहीं 2005 में चंपई झारखंड विधानसभा के लिए चुने गए थे। इसके बाद 2009 में भी विधायक बने। उन्होंने अर्जुन मुंडा वाली सरकार में सितंबर 2010 से जनवरी 2013 तक विज्ञान और प्रौद्योगिकी, श्रम और आवास मंत्री की जिम्मेदारी संभाली। वहीं जुलाई 2013 से दिसंबर 2014 तक खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, परिवहन कैबिनेट मंत्री थे। 2014 में फिर झारखंड विधानसभा के लिए चुने गए। वहीं 2019 में भी विधायक बने। इसके साथ ही वह हेमंत सरकार में परिवहन, अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री बन गए। 2019 में चंपई ने अपनी संपत्ति 2.55 करोड़ बताई थी। 31 जनवरी, 2024 को भूमि घोटाले के आरोपों के बाद प्रवर्तन निदेशालय ने हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी से ऐन पहले उन्होंने पद से त्यागपत्र दिया। इसके बाद 2 फरवरी को सोरेन सरकार में परिवहन मंत्री रहे चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री पद मिल गया। वह हेमंत सोरेन के सबसे खास लोगों में माने जाते रहे हैं। चंपई ने शिबू सोरेन के साथ लंबे समय तक काम किया है। इसी साल जुलाई झारखंड में एक बार फिर नेतृत्व परिवर्तन हुआ। अदालत से जमानत मिलने के बाद सोरेन को 28 जून को जेल से रिहा कर दिया गया। चंपई सोरेन ने 3 जुलाई को झारखंड के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। अगले दिन यानी 4 जुलाई को हेमंत सोरेन तीसरी बार झारखंड के मुख्यमंत्री बन गए। नई सरकार में चंपई को कैबिनेट मंत्री के रूप में जल संसाधन, उच्च शिक्षा और तकनीकी शिक्षा जैसे विभागों की जिम्मेदारी मिली।




## रिहाई के बाद फिर से हिरासत में क्यों लिया गया यूट्यूबर: सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, 30 अगस्त। सर्वोच्च न्यायालय ने शुक्रवार को तमिलनाडु सरकार से पूछा कि मशहूर यूट्यूबर सावुकू शंकर को कई आपराधिक मामलों में रिहाई के तुरंत बाद क्यों गिरफ्तार किया गया। शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि अगर मामले अलग-अलग और स्वतंत्र हैं, प्राथमिकियों को मिलाया नहीं जा सकता। मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला व न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ जेल में बंद यूट्यूबर की याचिका पर अगली सुनवाई दो सितंबर को करेगी। तमिलनाडु सरकार की ओर से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी पेश हुए। सीजेआई ने उनसे कहा, हम अलग-अलग प्राथमिकियों वाले मामलों को एकसाथ नहीं रखेंगे। जमानत आदेश को देखें और बताएं कि क्यों के जिस दिन उसे रिहा किया जाता है और फिर उसे तुरंत हिरासत में लिया जाता है। रोहतगी ने कहा, मुझे सोमवार को वापस आने दीजिए। पीठ ने गौर किया कि पंद्रह प्राथमिकियों को पहले ही जोड़ दिया गया है। इसने कहा कि वह प्रथम दृष्टया राज्य सरकार द्वारा गुंडा अधिनियम के तहत आरोपी की नए सिरे से हिरासत के पहलू पर विचार करेगी। अदालत ने कहा, आप (रोहतगी) जांच करें कि क्या पंद्रह प्राथमिकियां एक साक्षात्कार से जुड़ी हैं। हम इसे सोमवार को देखेंगे। अदालत ने दोनों पक्षों को संक्षिप्त नोट जमा करने को कहा। रोहतगी ने कहा, राज्य सरकार ने आरोप लगाया था कि शंकर ने कहा है कि मद्रास उच्च न्यायालय के सभी न्यायाधीश भ्रष्ट हैं और यह मामला ऐसा नहीं है, जहां सर्वोच्च न्यायालय को दखल देना चाहिए। रोहतगी ने कहा कि उसने महिला पुलिस अधिकारियों के खिलाफ भी बात की है। शंकर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील आर. बालासुब्रमण्यम ने रोहतगी की दलीलों का विरोध किया और कहा कि देश में कुल बंदियों में से 51 फीसदी हर साल तमिलनाडु से आते हैं और यह गुंडा अधिनियम के बड़े पैमाने पर दुरुपयोग को दर्शाता है। शंकर ने राज्य पुलिस द्वारा उनकी नई हिरासत को चुनौती दी है। इसके अलावा उन्होंने सर्वोच्च न्यायालय में प्राथमिकी को रद्द करने की भी मांग की। शीर्ष अदालत ने शुरू में आरोपी से कहा था कि वह उच्च न्यायालय से संपर्क करे।



## ईरान ने वेस्ट बैंक में इजरायल के सैन्य अभियान की निंदा की

**एजेंसी**

**तेहरान।** ईरानी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने वेस्ट बैंक में फिलिस्तीनी शहरों और शिविरों पर इजरायली सेना के हालिया हमलों की कड़ी निंदा की। श्री कनानी ने बयान में कई उत्तरी वेस्ट बैंक शहरों में इजरायल द्वारा 30 घंटे के सैन्य अभियान की आलोचना की, जिसके कारण कई फिलिस्तीनियों की मौत हुई और घरों तथा अवसंरचनाओं को नुकसान पहुंचा। उन्होंने कहा कि इजरायली सेना के हमले, जिसमें शहरी और सेवा अवसंरचना का क्रूर विनाश और चिकित्सा केंद्रों में हिंसक प्रवेश शामिल है, फिलिस्तीनी नागरिकों की हत्या और उनके खिलाफ अपराधों के दायरे को बढ़ाने के इजरायली इरादे को दर्शाते हैं।




## यूक्रेनी सेना ने एफ-16 विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने की पुष्टि की

**कीव।** यूक्रेनी सशस्त्र बलों के जनरल स्टाफ ने पुष्टि किया कि यूक्रेन में लड़ाई के दौरान एक एफ-16 लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जनरल स्टाफ ने टेलीग्राम पर एक बयान में कहा कि लड़ाई में शामिल एफ-16 लड़ाकू विमानों ने चार मिसाइलों को नष्ट कर दिया और अगले लक्ष्य के करीब पहुंचते समय एक विमान का संपर्क टूट गया।



उन्होंने घटना की तारीख बताए बिना बयान में कहा कि बाद में पता चला कि विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया और पायलट की मौत हो गई। यूक्रेनी रक्षा मंत्रालय का विशेष आयोग दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए घटनास्थल का अवलोकन कर रहा है। इससे पहले दिन में, यूक्रेनी वायु सेना ने कहा कि पायलट ओलेक्सी मेस 26 अगस्त को यूक्रेन पर रूसी हमले को नाकाम करते समय मारा गया। वायु सेना ने यह निर्दिष्ट नहीं किया कि वह एफ-16 का पायलट था या नहीं।अगस्त की शुरुआत में, यूक्रेनी राष्ट्रपति वलोडिमिर ज़ेलेंस्की ने घोषणा किया था कि एफ-16 का पहला खेप यूक्रेन पहुंच चुका है।

## इजरायल, हमास गाजा में पोलियो टीकाकरण के लिए लड़ाई पर विराम लगाने पर सहमत

**संयुक्त राष्ट्र।** इजरायल और हमास पोलियो टीकाकरण अभियान के लिए गाजा पट्टी में लड़ाई को तीन अलग-अलग क्षेत्रों में, तीन दिनों के लिए रोकने पर सहमत हुए हैं। यह जानकारी विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के एक अधिकारी ने दी। वेस्ट बैंक और गाजा के डब्ल्यूएचओ कार्यालय के प्रमुख रिक पीपरकोर्न ने न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संवाददाताओं से कहा कि गाजा में पोलियो टीकाकरण अभियान एक सितंबर से शुरू होगा। पीपरकोर्न के अनुसार, समझौता स्थानीय समयानुसार सुबह 6 बजे से दोपहर 3 बजे के बीच होने के लिए है, जो मध्य गाजा में लड़ाई में तीन दिन के विराम के साथ शुरू होगा, फिर दक्षिणी गाजा में एक और तीन दिवसीय विराम और उसके बाद उत्तरी गाजा में तीन दिवसीय विराम। यह अभियान लगभग 6,40,000 बच्चों को लक्षित करता है, जिसमें जन्म से लेकर 10 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को टीके की दो खुराक दी जाती है। गाजा पट्टी में इस महीने की शुरुआत में 25 वर्षों में पोलियोवायरस संक्रमण का पहला मामला दर्ज किया गया। पोलियो एक अत्यधिक संक्रामक वायरल बीमारी है जो मुख्य रूप से पांच वर्ष से कम उम्र के बच्चों को प्रभावित करती है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, यह मुख्य रूप से मल-मौखिक मार्ग के माध्यम से व्यक्ति-से-व्यक्ति में फैलता है या सामान्यतः दूषित पानी या भोजन के माध्यम से।

## तुर्की संसदीय समूह गाजा का दौरा करना चाहेगा: कुर्तुलमस

**अंकार।** तुर्की की ग्रैंड नेशनल असेंबली (संसद) के अध्यक्ष नुमान कुर्तुलमस कहा कि तुर्की का एक संसदीय समूह गाजा का दौरा करना चाहता है। उन्होंने कहा कि इसके लिये योजना बनाने और अंतिम परिणामों को समझने की आवश्यकता है। अध्यक्ष कुर्तुलमस ने हैबर्टर्क ब्रॉडकास्टर के साथ एक साक्षात्कार में कहा हम सभी कल सुबह गाजा जाकर सभी फिलिस्तीन को निकटतम सहायता प्रदान करना चाहते हैं, लेकिन हमें यहां जाने के बाद अंत में परिणाम के बारे में सोचना होगा। उन्होंने कहा हमें हमेशा गाजा आने के प्रस्ताव मिले है। इससे पहले अगस्त में, फिलिस्तीनी राष्ट्रपति महमूद अब्बास ने तुर्की संसद में अपने सहयोगियों के साथ गाजा का दौरा करने की घोषणा की थी।

## ब्रिटिश राजदूत की आपत्ति के बाद साउथ कोरिया ने लिया बड़ा फैसला, सुरक्षा पैनल में महिलाओं की बढ़ाई तादाद

**एजेंसी**

**सियोल।** दक्षिण कोरिया के एकीकरण मंत्रालय ने आगामी सुरक्षा नीति मंच के लिए पैनलिस्ट के रूप में और अधिक महिलाओं को शामिल करने का फैसला किया है, क्योंकि ब्रिटेन के शीर्ष दूत ने महिला वक्ताओं के कम प्रतिनिधित्व के कारण कार्यक्रम को अस्वीकार कर दिया था।

समाचार एजेंसी की वेबसाइट पर छपी एक रिपोर्ट के मुताबिक, मंत्रालय ने मंगलवार को होने वाले 'ग्लोबल कोरिया फोरम' के लिए 6 महिला पैनलिस्ट का नाम शामिल किया है। ध्यान दें, यह कदम ऐसे वक्त में उठाया गया है, जब हाल ही में ब्रिटिश राजदूत कॉलिन क्रुक्स ने लिंग समानता के अभाव पर चिंता जाहिर करते हुए इस फोरम में हिस्सा लेने से साफ इनकार कर दिया था। मंत्रालय ने बताया कि उन्होंने लिंग और राष्ट्र की परवाह किए बगैर सभी विशेषज्ञों से संपर्क स्थापित किया, लेकिन पैनल में महिला विशेषज्ञों को नजरअंदाज कर महज पुरुष विशेषज्ञों को ही शामिल किया गया।

वहीं, क्रुक्स की घोषणा के तुरंत बाद मंत्रालय ने पैनल में एक महिला



और दो अन्य पुरुषों को शामिल किया। मंत्रालय ने महिला पैनलिस्ट को शामिल करने का फैसला किया, क्योंकि क्रुक्स ने फोरम में हिस्सा लेने से साफ इनकार कर दिया था। जिसके बाद यह विषय मीडिया में खूब छाया रहा। एकीकरण मंत्रालय द्वारा आयोजित ग्लोबल कोरिया फोरम, कोरियाई प्रायद्वीप के संबंध में सुरक्षा और नीति पर एक वार्षिक मंच है। इस वर्ष की थीम 'स्वतंत्रता, शांति और समृद्धि के लिए एकीकृत कोरियाई प्रायद्वीप' है।

बता दें कि यह पहली दफा नहीं है कि जब अमेरिकी राजदूत ने महिला सहभागिता का अभाव बताकर किसी कार्यक्रम से किनारा किया हो, बल्कि इससे पहले भी वे कई मौकों पर महिला सहभागिता पर जोर दे चुके हैं।

उनका मानना है कि राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर पर होने वाले किसी भी कार्यक्रम में लिंग समानता का विशेष ध्यान देकर उनके विचारों का स्वागत किया जाना चाहिए, ताकि वैश्विक स्तर पर विकास को गति मिल सके। वे हमेशा से ही इस बात पर बल देते हुए आए हैं कि नीति निर्माण में महिला सहभागिता जरूरी है।

## हिजबुल्ला का दावा कि उसने इजरायल पर आत्मघाती ड्रोन से किया हमला

**एजेंसी**

**बेरूत।** हिजबुल्ला ने इजरायल में एक आत्मघाती ड्रोन हमला करने का दावा किया है। यह हमला इजरायली सेना की 210 वें गोलन डिवीजन पर हुआ है।

शाम को शिया समूह के एक बयान के मुताबिक, ÷बेका और मासना इलाके में हुए दुश्मन के हमले से मौतों के बाद हमारे लड़ाकों ने नफाह बैरक्स और उत्तरी इजरायल में सटीक आत्मघाती ड्रोन से सीधा हमला किया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, हिजबुल्ला ने एक बयान में कहा, लड़ाकों ने जारित और दोवेव इलाके के साथ रुवायसत अल-अलाम और अल-समाका जैसे इजराली इलाके में भी हमला किया है। इस दौरान, लेबानानी आर्मी सूत्रों ने समाचार एजेंसी को बताया कि इजरायली ड्रोन्स और युद्धक विमानों द्वारा लेबनान के सीमा क्षेत्र में स्थित गांवों और कस्बों में हमले से करीब नौ घर तबाह हो गए जबकि 20 अन्य घर क्षतिग्रस्त हो गए।

दोनों देशों के बीच 8 अक्टूबर 2023 को तब और तनाव बढ़ गया था जब हमास द्वारा इजरायल पर हमले के एक दिन बाद इसके समर्थन में हमास के सशस्त्र समूहों ने भी इजरायल पर एक साथ कई बड़े रॉकेट हमले किए थे। इसका जवाब देते हुए इजरायली सेना ने भी दक्षिणी लेबनान में भारी बमबारी की थी।



## बंगलादेश में विद्रोह के दौरान मारे गये थे 1,000 से अधिक लोग, 400 लोगों ने दृष्टि गंवाई

**एजेंसी**

**ढाका।** बंगलादेश में छात्रों के नेतृत्व वाले जन विद्रोह के दौरान 1,000 से ज्यादा लोग मारे गए और 400 से अधिक लोग दृष्टिहीन हो गए थे। देश की स्वास्थ्य सलाहकार नूरजहां बेगम ने यह जानकारी दी। उन्होंने राजारबाग में केंद्रीय पुलिस अस्पताल का दौरा करने के बाद स्थानीय मीडिया से बातचीत के दौरान विरोध प्रदर्शन में हताहतों की संख्या के बारे में बताया।

ह्यूमन राइट्स सपोर्ट सोसाइटी ने कहा कि 21 अगस्त को उसे पीड़ितों के परिवारों, अस्पतालों, प्रत्यक्षदर्शियों और राष्ट्रीय दैनिक समाचार पत्रों से विरोध प्रदर्शन के दौरान 819 लोगों की मौत की जानकारी प्राप्त हुई थी।



संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त कार्यालय की 16 अगस्त को प्रकाशित प्राथमिक रिपोर्ट के अनुसार, बंगलादेश में 16 जुलाई से 11 अगस्त के बीच छात्रों के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान 650 लोग मारे गए। सुश्री नूरजहां ने कहा कि कई घायल पुलिसकर्मियों का पुलिस अस्पताल में इलाज चल रहा है, कई के पैर और सिर में चोटें आई हैं, लेकिन वे ठीक हो रहे हैं। एक घायल छात्र कोऑर्डिनेटर का भी अस्पताल में इलाज चल रहा है। डेली स्टार के अनुसार, सलाहकार ने अस्पताल के सर्जरी विभाग में घायल पुलिस अधिकारियों से बातचीत की और उनकी स्थिति के बारे में जानकारी प्राप्त की। सुश्री नूरजहां ने विद्रोह के दौरान दृष्टि गंवा चुके लोगों को विशेष देखभाल प्रदान करने की सरकार की कोशिशों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि कई पीड़ितों की एक या दोनों आंखों की रोशनी चली गयी है।

# अमेरिका में भीषण गर्मी, यूएस नेशनल वेदर सर्विस ने जारी किया अलर्ट

**एजेंसी**

**लॉस एंजेल्स।** अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्यों में इस सप्ताह भीषण गर्मी के कारण रिकॉर्ड स?तर पर उच्च तापमान दर्ज किया गया। यूएस नेशनल वेदर सर्विस ने इसके चलते 60 मिलियन से अधिक लोगों के लिए अलर्ट जारी किया है।

समाचार एजेंसी ने अमेरिकी नेशनल वेदर सर्विस (एनडब्ल्यूएस) के हवाले से बताया कि शिकागो, डेस मोइनेस और टोपेका जैसे मध्य-पश्चिमी क्षेत्रों के शहरों पर लोग अत्यधिक गर्मी का सामना कर रहे हैं। अमेरिकी नेशनल वेदर सर्विस (एनडब्ल्यूएस) ने लोगों को इस भीषण गर्मी के चलते गर्मी और उमस से जुड़े खतरों को लेकर चेतावनी जारी की है। वहीं, अमेरिका के मध्य-पश्चिमी राज्यों ने भी खतरनाक गर्मी की तैयारी करते हुए कई पब्लिक कूलिंग सेंटर (सार्वजनिक शीतलन केंद्र) स्थापित किए हैं।



अत्यधिक गर्मी और नमी संयुक्त राज्य अमेरिका में मौसम से संबंधित मौत का प्रमुख कारण है। अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अनुसार, देश में हर साल लगभग 1,220 लोगों की अत्यधिक गर्मी से मौत होती है। पिछले साल इसी माह में देश के बड़े हिस्से में भीषण गर्मी के कारण अमेरिका के एरिजोना, नेवादा और टेक्सास राज्यों में 147 लोगों की मौत हो गई थी।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार पिछले साल भी भीषण गर्मी से ये तीन राज्य सबसे अधिक प्रभावित हुए। कैलिफोर्निया, दक्षिण के कुछ हिस्सों और मध्यपश्चिम में भी गर्मी से संबंधित कई मौतें दर्ज की गईं।

मैरिकोपा काउंटी में आधिकारिक तौर पर गर्मी से संबंधित कम से कम 39 मौतें दर्ज की गईं। उस समय सीएनएन ने अपनी रिपोर्ट में कहा था कि जून के अंत में तापमान रिकॉर्ड-तोड़ स्तर तक बढ़ गया और जुलाई के दौरान दक्षिण और दक्षिण-पश्चिम के अधिकांश हिस्सों में तापमान बढ़ता रहा। 2023 में जून से जुलाई तक लगातार 31 दिन 43 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तापमान के साथ फीनिक्स किसी भी अमेरिकी शहर का सबसे गर्म महीना रहा।

# आईएईए प्रमुख ग्रॉसी जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र का दौरा करेंगे

**एजेंसी**

**वियना।** अंतष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के प्रमुख राफेल ग्रॉसी अगले सप्ताह जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) का दौरा करेंगे, क्योंकि वहां परमाणु सुरक्षा की स्थिति खतरनाक बनी हुई है।आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रॉसी ने एक बयान में कहा कि वह अगले सप्ताह जेडएनपीपी का दौरा करेंगे। उन्होंने बताया कि वह अपनी यात्रा के दौरान उच्च स्तरीय वार्ता करेंगे और जेडएनपीपी एवं उसके आसपास हुई हालिया गतिविधियों तथा उनके परिणामों का आकलन करेंगे। श्री ग्रॉसी की यात्रा जेडएनपीपी में 'हाल ही में हुई गंभीर रूप से चिंताजनक




घटनाओं' के बाद होने वाली है, जिसमें संयंत्र के कूलिंग टॉवर में आग लगना और इस महीने की शुरुआत में सुविधा के पास ड्रोन हमला शामिल है।

आईएईए प्रमुख ने परमाणु सुरक्षा की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्प व्यक्त किया और चेतावनी देते हुए कहा, ÷परमाणु दुर्घटना को हर कीमत पर टाला जाना चाहिए और परमाणु ऊर्जा संयंत्र पर कभी भी हमला नहीं किया जाना चाहिए। परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं, और इससे किसी को कोई लाभ नहीं होगा। बयान के अनुसार, जेडएनपीपी में तैनात आईएईए विशेषज्ञों ने समय-समय पर संयंत्र के पास ही कई बार विस्फोट और सैन्य गतिविधियों के अन्य संकेत सुने हैं, जो अब तक जारी हैं।

श्री ग्रॉसी ने यूक्रेन के ऊर्जा बुनियादी ढांचे की बढ़ती भेद्यता और देश के संचालित परमाणु ऊर्जा संयंत्रों की सुरक्षा पर इसके संभावित प्रभाव पर गहरी चिंता व्यक्त की।

## इंडिगो की चेन्नई से श्रीलंका के जाफना के बीच दैनिक उड़ान होगी शुरू

**एजेंसी**

**जाफना।** भारतीय एयरलाइन इंडिगो एक सितंबर से चेन्नई और श्रीलंका के जाफना के बीच दैनिक उड़ान शुरू करेगी। एयरलाइन के एक अधिकारी ने यहां यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान में भारत की एलायंस एयर जाफना के लिए दैनिक उड़ानें संचालित करती है।एलायंस एयर ने 11 नवंबर 2019 को चेन्नई से जाफना के लिए अपनी पहली अंतरराष्ट्रीय उड़ान का संचालन शुरू किया। 'डेली मिरर' की रिपोर्ट के अनुसार यह उड़ान भारत के विदेश मंत्रालय की ओर से वित्तीय सहायता के साथ शुरू हुयी है और इस मार्ग पर उड़ान को व्यावसायिक दृष्टि से व्यवहारिक बनाने के लिये मंत्रालय ने धन सहायता दी है। इस मदद से दोनों देशों के बीच समबन्ध और गहरे होंगे। अब जाफना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के विस्तार की योजना भी बन रही है।'डेली मिरर' के




अनुसार, भारत में नागापट्टिनम और जाफना के पास कांकेसंथुराई (केकेएस) के बीच एक यात्री नौका सेवा भी हाल ही में फिर से शुरू हुई।इंडश्री फेरी सर्विसेज द्वारा संचालित 'शिवगंगा' नाम की नौका ने हाल ही में लगभग 50 यात्रियों को लेकर इस मार्ग पर अपनी पहली यात्रा लगभग चार घंटे में पूरी की।

# कमला हैरिस ने नीतिगत बदलावों का किया बचाव, बोलीं 'मूल्य नहीं बदले हैं'

**एजेंसी**

**वाशिंगटन।** अमेरिकी उपराष्ट्रपति और डेमोक्रेटिक राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा है कि उनके ÷मूल्यों में कोई बदलाव नहीं आया है÷। उन्होंने कहा कि उनके सिद्धांत नहीं बदले हैं। उन्होंने सिर्फ उन प्रमुख मुद्दों पर अपना रुख बदल लिया है जो उनकी उम्मीदवारी को तय सकते थे, जैसे कि फ्रैकिंग, जिसका उन्होंने एक बार विरोध किया था और अब नहीं करती हैं।

उन्होंने सीएनएन एंकर डाना बैश के साथ एक इंटरव्यू के दौरान यह बात कही। व्हाइट हाउस के लिए डेमोक्रेटिक पार्टी से टिकट मिलने के बाद यह हैरिस का पहला इंटरव्यू था। फ्रैकिंग, चट्टानों के अंदर से प्राकृतिक गैस और पेट्रोलियम निकालने की एक प्रक्रिया है। यह पेंसिल्वेनिया राज्य में काफी लोकप्रिय है, जिसकी भूमिका राष्ट्रपति चुनाव में काफी अहम होती है।माना जा रहा है कि ये अमेरिका में 2024 के राष्ट्रपति



चुनाव के नतीजे तय करेगा। फ्रैकिंग का वो लोग विरोध करते हैं, जिनका ये मानना है कि यह भूमिगत और सतही जल को प्रदूषित करता है। डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस ने पहले इसका विरोध किया था और कहा था कि इस पर प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए। जब हैरिस से इंटरव्यू में पूछा गया कि क्या वह फ्रैकिंग पर प्रतिबंध लगाएंगी तो उन्होंने कहा, मैंने 2020 में डिबेट के दौरान यह स्पष्ट कर दिया था कि मैं उपराष्ट्रपति के रूप में फ्रैकिंग पर प्रतिबंध नहीं लगाऊंगी। मैं राष्ट्रपति के रूप में फ्रैकिंग पर प्रतिबंध नहीं लगाऊंगी। इसे लेकर मैंने बिल्कुल स्पष्ट कर दिया कि मेरा स्टैंड क्या है। हम 2024 में हैं और मैंने फैसला नहीं बदला है, और न ही मैं इसे बदलने जा रही हूं। मैंने अपनी बात रखी थी और आगे भी मैं अपनी बात रखूंगी।

कमला हैरिस से इंटरव्यू में पूछा गया कि उस समय आपने अपना स्टैंड क्यों बदला था ? उपराष्ट्रपति ने इसका उत्तर देते हुए कहा कि, मैं यह स्पष्ट करना चाहती हूं कि मेरे मूल्य नहीं बदले हैं। बता दें कि अमेरिका में 10 सितंबर को चुनाव से पहले की आखिरी और सबसे बड़ी प्रेजिडेंट डिबेट होनी है। डेमोक्रेटिक पार्टी की उम्मीदवार कमला हैरिस राष्ट्रपति की प्रबल दावेदार मानी जा रही है। युवाओं में उनकी काफी लोकप्रियता है। रिपब्लिकन उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप और उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के बीच कड़ी टक्कर नजर आ रही है।

# 30 घंटे के ऑपरेशन के बाद इजरायली सेना वेस्ट बैंक के तुबास से वापस लौटी

**एजेंसी**

**रामल्लाह।** करीब 30 घंटे के सैन्य ऑपरेशन के बाद इजरायली सेना वेस्ट बैंक के उत्तरी शहर तुबास से वापस लौट गई है। फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने ये जानकारी दी है।

समाचार एजेंसी ने बताया कि चार फिलिस्तीनियों की हत्या और घरों तथा बुनियादी ढांचे को नष्ट करने के बाद तुबास के दक्षिण में स्थित फारा शरणार्थी शिविर से इजरायली सेना वापस लौट गई है।

इस बीच, फिलिस्तीन मौद्रिक प्राधिकरण ने एक प्रेस बयान में कहा कि जेनिन शहर में कुछ बैंक शाखाओं में बैंकिंग सेवाएं बाधित हो गई, क्योंकि इजरायली सेना ने शहर में इंटरनेट केबल नष्ट कर दी।

उसने कहा कि फाइबर केबल की मरम्मत और इंटरनेट सेवाएं बहाल होने के बाद बैंक सेवाएं फिर से शुरू कर दी जाएंगी। फिलिस्तीनी और इजरायली सूत्रों के अनुसार, इजरायली सेना ने बुधवार रात को तुलकर्म, जेनिन और तुबास शरणार्थी



शिविरों में बड़े पैमाने पर सैन्य अभियान शुरू किया था। इजरायल का कहना है कि वहां कुछ आतंकवादी इजरायल के खिलाफ ऑपरेशन में शामिल थे, और उनको गिरफ्तार करना जरूरी था।

उधर, फिलिस्तीनी सुरक्षा सूत्रों ने बुधवार को कहा कि जेनिन, तुबास और तुलकरम शहरों के साथ-साथ कई कैंप को भी निशाना बनाया गया, जिससे स्थानीय बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा।

**कौमी पत्रिका**

**संपादक-गुरचरन सिंह बब्बर**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक, गुरचरन सिंह बब्बर ने कौमी पत्रिका प्रिंटिंग प्रेस, सेक्टर ए-4/ए-144 इंडस्ट्रीयल एरिया ट्रोनिका सिटी लोनी (गाजियाबाद), उत्तर प्रदेश से छापकर प्रकाशित किया।

**Corporate Office:**
5, Bahadurshah Zafar Marg
ITO, New Delhi-110002

फोन : 011-41509689, 23315814
मोबाइल नंबर : 9312262300

**E - mail address :** qpatrika@gmail.com
**Website:** www.qaumipatrika.in

**R.N.I. No.**
**UP-HIN/2007/21472**

**Legal Advisors:**
Advocate Mohd. Sajid
Advocate Dr. A.P.Singh
Advocate Manish Sharma
Advocate Pooja Bhaskar Sharma

# पीएम मोदी को इस्लामाबाद में एससीओ बैठक के लिए भेजा गया न्योता : पाकिस्तान विदेश कार्यालय

**एजेंसी**

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने औपचारिक रूप से इस बात की पुष्टि की कि उसने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अक्टूबर के मध्य में इस्लामाबाद में होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) की बैठक के लिए आमंत्रित किया गया है।

पाकिस्तानी मीडिया के अनुसार विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने अपने साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि बैठक में भाग लेने के लिए राष्ट्र प्रमुखों को निमंत्रण भेजा गया है। उन्होंने कहा, भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भी निमंत्रण भेजा गया है। उन्होंने कहा कि कुछ देशों ने पहले ही बैठक में भाग लेने की पुष्टि कर दी है।

बलूच ने कहा, इसकी जानकारी उचित समय पर दी जाएगी कि किस देश ने बैठक में हिस्सा लेने की पुष्टि की है। पाकिस्तान 15-16 अक्टूबर को एससीओ के शासनाध्यक्षों की बैठक की मेजबानी करने वाला है। इस बैठक से पहले मंत्रिस्तरीय बैठक और वरिष्ठ अधिकारियों की कई दौर की बैठकें होंगी, जो एससीओ सदस्य देशों के बीच वित्तीय, आर्थिक, सामाजिक-सांस्कृतिक और मानवीय सहयोग पर केंद्रित होंगी। ऐसी उम्मीद




है कि पीएम मोदी भारत का प्रतिनिधित्व करने के लिए एक मंत्रिस्तरीय प्रतिनिधिमंडल नियुक्त कर सकते हैं। पहले भी, एससीओ सीएचजी बैठकों में भारत का प्रतिनिधित्व मंत्रियों द्वारा किया गया है और इस बार भी यही पैटर्न होने वाला है। पीएम मोदी इस साल 3-4 जुलाई को कजाकिस्तान में आयोजित एससीओ के राष्ट्राध्यक्षों के 24वें वार्षिक शिखर सम्मेलन में भी शामिल नहीं हुए थे और विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अस्ताना में भारत का प्रतिनिधित्व किया था। पाकिस्तानी विश्लेषकों का कहना है कि उन्हें उम्मीद नहीं है कि पीएम मोदी बैठक के लिए पाकिस्तान आएंगे। राजनीतिक विश्लेषक कामरान यूसुफ ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी और अन्य सभी सदस्य देशों को निमंत्रण देना एक प्रोटोकॉल है, जिसका पालन कोई भी मेजबान देश करता है। पाकिस्तान ने भी यही किया है। मैं इसे राजनीतिक स्टंट के रूप में नहीं देखता। हालांकि, प्रधानमंत्री मोदी इस्लामाबाद आएंगे, मैं इसा नहीं सोचता। पिछले वर्ष पाकिस्तान के तत्कालीन विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी एससीओ विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए भारत आए थे।

# ब्लू लाइन लो फ्लोर डीटीसी बस में लगी आग, यात्री सुरक्षित

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली की सड़कों पर दौड़ रही डीटीसी और कलस्टर की बसों में आए दिन आग लगने की घटनाएं सामने आ रही हैं। जगतपुरी इलाके में सुबह के वक्त सवारियों से भरी एक ब्लू लाइन लो फ्लोर डीटीसी बस में अचानक आग लग गई। गनीमत यह रही की बस में सवार सभी यात्री पूरी तरह से सुरक्षित हैं। उनको समय से ही बस से उतार दिया गया था। बस में आग लगने की सूचना पीछे से आ रहे एक बाइक सवार ने ड्राइवर को दी। इसके तुरंत बाद ड्राइवर ने बस को रोककर सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल दिया। इसके बाद जगतपुरी, प्रीत विहार, पटपडगंज इलाके में कई किलोमीटर तक लंबा जाम लग गया। आग लगने की सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी गई। इसके बाद मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंची और आग पर काबू पाया गया। उल्लेखनीय जखीरा फ्लाईओवर के पास उस वक्त हड़कंप मच गया था, जब कलस्टर बस में अचानक आग लग गई थी। चालक और कंडक्टर ने पहले ही खुद ही आग पर काबू पाने का प्रयास किया था, लेकिन देखते ही देखते पूरी बस आग का गोला बन गई और सभी सवारियों को पहले ही सुरक्षित बाहर निकाल दिया गया था। यह बस नई दिल्ली से नांगलोई की तरफ जा रही थी।

# दुष्कर्म के मामले में फरार आरोपित गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शालीमार बाग इलाके में नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर फरार चल रहे आरोपित को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने करीब ढाई साल बाद गिरफ्तार किया। पकड़े गए आरोपित की पहचान मोहम्मद जुमरात (39) के रूप में हुई है। इसकी गिरफ्तारी पर दिल्ली पुलिस ने 20 हजार रुपये का इनाम भी घोषित किया हुआ था। केस दर्ज होने के बाद जब इसे गिरफ्तार नहीं किया गया तो कोर्ट ने इसे भगोड़ा घोषित कर दिया। पुलिस ने सूचना के बाद आरोपित को दिल्ली के किराड़ी इलाके से गिरफ्तार किया है। वारदात के बाद आरोपित जम्मू भाग गया था। वहां छिपकर आरोपित ने काफी समय तक मजदूरी की। अब वह दिल्ली आ गया था। क्राइम ब्रांच के डीसीपी संजय कुमार सेन ने बताया कि जुमरात के फरार होने के बाद टीम पिछले काफी समय से उसकी तलाश कर रही थी। इस बीच टीम को सूचना मिली कि आरोपित किराड़ी इलाके में रह रहा है। सूचना को पुख्ता कर पुलिस ने किराड़ी में छापेमारी कर आरोपित को दबोच लिया।

# उत्तराखंड की यात्रा पर धनखड़

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने शनिवार से दो दिन की उत्तराखंड की यात्रा पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने यहां बताया कि श्री धनखड़ 31 अगस्त से एक सितंबर तक उत्तराखंड के दो दिवसीय दौरे पर रहेंगे। यात्रा के दौरान श्री धनखड़ उत्तराखंड के देहरादून में स्थित वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद-भारतीय पेट्रोलियम संस्थान के



वैज्ञानिकों, संकाय सदस्यों और छात्रों से बातचीत करेंगे। दूसरे दिन वह देहरादून स्थित राष्ट्रीय भारतीय सैन्य महाविद्यालय जाएंगे। उपराष्ट्रपति ऋषिकेश में एम्स का दौरा भी करेंगे, जहां वह संस्थान के छात्रों और संकाय सदस्यों से मिलेंगे।

# बिहार के चंद्रकिशोर को श्रीलाल शुक्ल इफको साहित्य सम्मान

**नई दिल्ली।** वर्ष 2024 के श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान के लिए कथाकार चंद्रकिशोर जायसवाल और प्रथम श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको युवा साहित्य सम्मान के लिए रेनू यादव के नाम की घोषणा की गई है। दोनों को यह सम्मान 30 सितंबर को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में प्रदान किया जाएगा। रचनाकारों का चयन वरिष्ठ साहित्यकार असगर वजाहत की अध्यक्षता वाली चयन समिति ने किया है। इस वर्ष की सम्मान चयन समिति में डॉ. अनामिका, प्रियदर्शन, यतीन्द्र मिश्र, उत्कर्ष शुक्ल और डॉ. नलिन विकास शामिल थे। श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको साहित्य सम्मान के अंतर्गत साहित्यकार को प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति पत्र और 11 लाख रुपये की राशि प्रदान की जाती है। इफको निदेशक मंडल के अनुमोदन से इस वर्ष से शुरू हुए श्रीलाल शुक्ल स्मृति इफको युवा साहित्य सम्मान के अंतर्गत साहित्यकार को एक प्रतीक चिह्न, प्रशस्ति-पत्र और ढाई लाख रुपये का चेक प्रदान किया जाएगा।

**चन्द्रकिशोर का परिचय**

चन्द्रकिशोर जायसवाल का जन्म 15 फरवरी, 1940 को बिहार के मधेपुरा जिले के बिहारीगंज में हुआ। उन्होंने पटना विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में स्नातकोत्तर की शिक्षा हासिल की। अरसे तक अध्यापन के बाद भागलपुर अभियंत्रणा महाविद्यालय से प्राध्यापक के रूप में सेवानिवृत्त हुए।

# दिल्ली सरकार ने माफ की वाहन ट्रैकिंग फीस

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली में रजिस्टर्ड टैक्सी, ग्रामीण सेवा चालकों को दिल्ली सरकर की तरफ से बड़ी राहत मिली है। दिल्ली सरकार ने व्हीकल ट्रैकिंग फीस माफ कर दी है। इससे करीब डेढ़ लाख वाहन मालिकों को राहत मिलेगी।

परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने व्हीकल ट्रैकिंग फीस माफ करने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दिल्ली में करीब ढाई लाख पब्लिक ट्रांसपोर्ट के वाहन हैं। इसमें 85,000 ऑटो हैं, अन्य करीब डेढ़ लाख वाहन टैक्सी, ग्रामीण सेवा आदि से संबंधित सवारी वाहन है। इन सभी वाहनों को सालाना टैक्स के साथ 1,416 रुपये व्हीकल ट्रैकिंग फीस देनी पड़ती है। 2019 में ऑटो को इस फीस से बाहर कर दिया गया था। यानी कि ऑटो चालकों को व्हीकल ट्रैकिंग फीस नहीं देनी होती है, लेकिन अन्य डेढ़ लाख वाहनों को व्हीकल ट्रैकिंग फीस सालाना जमा करनी होती है। परिवहन मंत्री ने कहा कि जेल में रहते हुए भी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने एक ऐतिहासिक फैसला लिया है। डेढ़ लाख ऐसे वाहन हैं, जो पब्लिक ट्रांसपोर्ट के रूप में रजिस्टर हैं। इन सभी वाहनों की व्हीकल ट्रैकिंग फीस को माफ कर दिया है। उन्होंने कहा कि वाहन चालक लंबे समय से इसकी मांग कर रहे थे। पहले वाहनों के ट्रैकिंग की जिम्मेदारी दिल्ली इंटीग्रेटेड मल्टी मॉडल ट्रांसपोर्ट सिस्टम (डिम्ट्स) के पास थी, लेकिन अब यह जिम्मेदारी एनआईसी को दे दी गई है। परिवहन मंत्री ने कहा कि इससे पहले भी दिल्ली सरकार ने ऑटो व टैक्सी चालकों को राहत दी थी। 2019 में वाहनों फिटनेस फीस 50 प्रतिशत कम की गई थी। रजिस्ट्रेशन फीस 1,000 रुपये थी उसे 300 रुपये किया गया था। रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट की फीस 500 से 150 रुपये किया गया।

वहीं सुबह इलेक्ट्रिक बस में आग लगने के मामले में परिवहन मंत्री कैलाश गहलोत ने कहा कि यह बस चार साल पुरानी थी। गनीमत रही की आग फैलने से पहले ही सभी यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। बस में आग क्यों लगी, इसकी जांच कराई जाएगी जो भी जिम्मेदार होगा उस पर कार्रवाई होगी।

# दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री ने तुगलकाबाद में बने तीन नवनिर्मित मोहल्ला क्लीनिकों का किया उद्घाटन

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने तुगलकाबाद विधानसभा में नवनिर्मित 3 मोहल्ला क्लीनिक का उद्घाटन किया। अब मोहल्ला क्लीनिक की संख्या बढ़कर 548 हो गई है, जहां सभी तरह का इलाज मुफ्त में किया जाता है। महिलाओं के लिए विशेष मोहल्ला क्लीनिक खोले जा रहे हैं। जहां उनकी जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सभी कर्मचारी और डॉक्टर महिलाएं होंगी। आने वाले दिनों में दिल्ली के अलग अलग क्षेत्रों मे और भी मोहल्ला क्लीनिक खोले जाएंगे।

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि कुछ लोगों ने दिल्ली की जनता के खिलाफ बड़ी साजिशें रची हैं और दिल्ली की जनता के काम में बाधा डालने की कोशिश की है। कुछ लोग हैं जो चाहते हैं की मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के द्वारा दिल्ली की जनता

> **पिछले कुछ साल में सभी मोहल्ला क्लीनिकों में 2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने इलाज कराया है। प्रभावी इलाज मिलने से आम तौर पर महंगे प्राइवेट अस्पतालों में जाने वाले संपन्न लोग भी अब मोहल्ला क्लीनिक में इलाज करा रहे हैं।**

को जो मुफ्त और बेहतर सुविधाएं मुहैया कराई जा रही है, वह बंद हो जाएं ढ्ढ इतनी अड़चनों के बावजूद दिल्ली की केजरीवाल सरकार दिल्ली की जनता के हित में लगातार बेहतर काम कर रही है ढ्ढ उन्होंने कहा कि चाहे कोई लाख अड़चन लगा ले लेकिन मैं दिल्ली के हर निवासी को भरोसा दिलाता हूं कि हम किसी भी काम को रुकने नहीं देंगे।

भारद्वाज ने कहा कि मोहल्ला क्लीनिक से दिल्ली के लोगों को काफी फायदा हो रहा है। पिछले कुछ साल में सभी मोहल्ला क्लीनिकों में 2 करोड़ से ज्यादा लोगों ने इलाज कराया है। प्रभावी इलाज मिलने से आम तौर पर महंगे प्राइवेट अस्पतालों में जाने वाले संपन्न लोग भी अब मोहल्ला क्लीनिक में इलाज करा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बताया कि दिल्ली में कुल 548 मोहल्ला क्लीनिक संचालित हैं, जिनमें ये 3 नए शामिल हैं।

# दिल्ली सरकार ने विंटर एक्शन प्लान को लेकर की एक्सपर्ट मीट

एजेंसी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय की अध्यक्षता में गुरुवार को दिल्ली सचिवालय में पर्यावरण को बेहतर बनाने और विंटर एक्शन प्लान के लिए एक्सपर्ट मीट का आयोजन किया गया। जिसमें डीपीसीसी, पर्यावरण विभाग, यूएनईपी, एपिक इंडिया, क्लीन एयर एशिया, आईआईटी कानपुर (ऑनलाइन) के साथ सभी संबंधित विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हुए।

गोपाल राय ने बताया कि विशेषज्ञों ने गंभीर दिनों में दिल्ली के अंदर कृत्रिम बारिश कराने का सुझाव आया था। कृत्रिम बारिश के मिले सुझाव पर आईआईटी कानपुर के विशेषज्ञों और सभी संबंधित विभागों के साथ मीटिंग करने के लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को शुक्रवार को पत्र लिखेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने वायु प्रदूषण को कम करने के लिए कई कड़े कदम उठाए हैं, जिसके कारण अच्छे, संतोषजनक और मध्यम दिनों की संख्या में वृद्धि हुई है। 2016 में अच्छे, संतोषजनक और मध्यम श्रेणी के दिनों की संख्या 110 थी, जो 2023 में बढ़कर 206 हो गई है। इस एक्सपर्ट कांफ्रेंस में डीपीसीसी, पर्यावरण विभाग, आईएमडी, आईआईटी, यूएनईपी, सीड्स, क्लीन एयर एशिया, ग्रीनपीस, आईएआरआई,टेरी समेत अन्य विभागों व संस्थाओ के अधिकारी और प्रतिनिधि शामिल हुए। गोपाल राय ने कहा कि विभिन्न विभागों और संस्थाओं के अधिकारी और प्रतिनिधियों द्वारा सुझावों पर आगे का विंटर एक्शन प्लान तैयार किया जाएगा। इस मीट का मुख्य उद्देश्य यह है कि एक्सपर्ट द्वारा दिए गए सुझाव से विंटर एक्शन प्लान को और प्रभावी बनाया जा सके। सुझाव आया था कि दिल्ली के अंदर जो गंभीर दिन होते हैं, उनमें कृत्रिम बारिश कराई जाए। कृत्रिम बारिश के सुझाव को लेकर सभी सम्बंधित विभागों के साथ मीटिंग बुलाने के लिए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री को शुक्रवार को पत्र लिखेंगे।

उन्होंने कहा कि हर साल हमारी सरकार गर्मी और सर्दियों के मौसम में होने वाले प्रदूषण से निपटने के लिए समर और विंटर एक्शन प्लान लांच करती है। इस वर्ष का विंटर एक्सन प्लान में 14 सूत्रीय फोकस बिंदु चिंहित किए गए हैं। जिस पर सरकार आगामी दिनों में प्रमुखता के साथ काम करेगी ।

ये हैं 14 सूत्रीय फोकस बिंदु-

- धूल प्रदूषण
- वाहनों से होने वाले प्रदूषण
- पराली जलाना
- ओपन कूड़ा बर्निंग
- औद्योगिक प्रदूषण
- ग्रीन वार रूम एवं ग्रीन ऐप
- हॉट स्पॉट
- रियल टाईम सोर्स अपोरशमेंट स्टडी
- हरित क्षेत्र को बढ़ाना/ वृक्षारोपण
- ई-वेस्ट ईको पार्क
- जन भागीदारी को बढ़ावा
- पटाखे
- केन्द्र सरकार एवं पड़ोसी राज्यों के साथ संवाद
- ग्रेप का कार्यान्वयन जैसे बिंदु शामिल है

**पांच सितंबर को संबंधित विभागों के साथ होगी समीक्षा बैठक**

पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने बताया कि विंटर एक्शन प्लान को लेकर 5 सितंबर को सभी संबंधित विभागों के साथ समीक्षा बैठक कर इस पर संयुक्त कार्य योजना तैयार की जाएगी। इस बैठक का मुख्य मकसद दिल्ली के अंदर प्रदूषण के खिलाफ इस जंग में संयुक्त कार्य योजना का निर्माण करना है। बैठक में अलग-अलग विभागों को विंटर एक्शन प्लान के तहत निर्धारित किए गए फोकस बिंदुओं के आधार पर विशिष्ट कार्य सौंपे जाएंगे। जिसके अनुरूप दिल्ली सरकार इस वर्ष का विंटर एक्शन प्लान तैयार करेगी।

# भाजपा में शामिल होने के बाद वापस आए पार्षद रामचंद्र, आम आदमी पार्टी में फिर हुए शामिल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भाजपा में कुछ दिन पहले शामिल हुए वार्ड नंबर 28 से पार्षद रामचंद्र अब दोबारा आम आदमी पार्टी में वापस आ गए हैं। उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव (संगठन) ने रविवार को आम आदमी पार्टी' को छोड़कर भाजपा में शामिल हुए वार्ड



रामचंद्र बवाना विधानसभा से विधायक भी रह चुके हैं और वर्तमान में आम आदमी पार्टी से पार्षद हैं। पार्षद रामचंद्र ने बताया कि उनको अपने गलत निर्णय का अहसास हुआ और वो पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया, सांसद संजय सिंह और डॉ संदीप पाठक समेत आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मिलकर दोबारा अपने परिवार में वापसी की इच्छा जताई। मनीष सिसोदिया, संजय सिंह और डॉ. संदीप पाठक ने रामचंद्र को उनके समर्थकों के साथ दोबारा आम आदमी पार्टी परिवार में शामिल करा दिया। दिल्ली के पूर्व नंबर 28 से पार्षद रामचंद्र से मुलाकात की। इस दौरान पार्षद रामचंद्र ने बताया कि भाजपा में शामिल होना उनकी बड़ी भूल थी, लेकिन अब वो अपने परिवार में लौट कर अपनी इस भूल को सुधारना चाहते हैं। इसके बाद पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने ससम्मान उनकी घर वापसी करा दी। इस संबध में मनीष सिसोदिया ने एक्स पर पोस्ट कर कहा कि आम आदमी पार्टी के पुराने साथी, बवाना विधानसभा के पूर्व विधायक और वर्तमान पार्षद रामचंद्र से मुलाक़ात हुई और आज वो अपने आम आदमी पार्टी परिवार में लौट आए हैं।

# डीयू में नवागंतुक छात्रों का एबीवीपी ने किया स्वागत

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) के कार्यकर्ताओं ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों में प्रवेश लेने वाले नए छात्रों का कॉलेज गेट पर तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवं उनके सफल अकादमिक भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी।उल्लेखनीय है कि दिल्ली विश्वविद्यालय में पहले वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए आज से नए सत्र का प्रारंभ हो चुका है, जिसको लेकर नवागंतुक छात्रों के बीच हर्षोल्लास का माहौल है तो वहीं छात्र अपने निवास एवं अन्य अकादमिक संबंधित विषयों की समस्याओं को लेकर चिंतित भी हैं।

इस क्रम में एबीवीपी ने दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न महाविद्यालयों में नवागंतुक छात्रों की हर एक प्रकार की समस्याओं के समाधान की सुनिश्चितता देते हुए नवागंतुक छात्रों का तिलक लगाकर एवं मिठाई खिलाकर स्वागत किया एवं



उनके बेहतर अकादमिक भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी। एबीवीपी ने रामजस महाविद्यालय, हिंदू महाविद्यालय, किरोड़ीमल महाविद्यालय, मोतिलाल नेहरू महाविद्यालय, अदिति महाविद्यालय, श्यामलाल महाविद्यालय सहित दिल्ली विश्वविद्यालय के 50 अन्य महाविद्यालयों में नवागंतुक छात्रों को तिलक लगाकर एवं उनकी सहायता कर स्वागत किया। विश्वविद्यालय मेट्रो स्टेशन पर वेलकम फ्रेशर्स की एक सुंदर रंगोली भी एबीवीपी ने बनाई। एबीवीपी दिल्ली के प्रदेश मंत्री हर्ष अत्री ने कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय में प्रवेश लेने वाले हर एक छात्र एवं छात्राओं का हार्दिक स्वागत है। एबीवीपी छात्रों के सर्वांगीण विकास एवं उनकी हर एक समस्याओं के समाधान के लिए कैंपस परिसर में 365 दिन उपस्थित रहेगी।? एबीवीपी कार्यकर्ताओं ने पहले दिन छात्रों को पीजी हॉस्टल, कॉलेज के संबंध में विभिन्न जानकारियां दीं।

# महिला की गला रेतकर हत्या

एजेंसी


**नई दिल्ली।** रनहोला थाना इलाके में एक महिला की गला रेतकर हत्या कर दी गई। उसका शव घर के अंदर ही पड़ा हुआ था। महिला एक व्यक्ति के साथ यहां रह रही थी, जो घटना के बाद से फरार है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नजदीकी अस्पताल के शवगृह में सुरक्षित रखवा दिया है। फिलहाल पुलिस केस दर्ज कर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज को खंगाल कर मामले की जांच कर रही है।

बाहरी जिले के डीसीपी जिमी चिरम के अनुसार, पुलिस कंट्रोल रूम को सुबह साढ़े पांच बजे एक घर में महिला का शव होने की सूचना मिली थी, जिसके बाद मौके पर स्थानीय पुलिस पहुंची तो यह पता चला कि घर के भीतर 30 साल की महिला की लाश पड़ी है और उसके गले पर कट का निशान है। जांच में मरने वाली महिला की पहचान रानी के रूप में हुई है।

# भाजपा के चार सांसदों ने उपराज्यपाल से मुलाकात कर सौंपा ज्ञापन

एजेंसी

**नई दिल्ली ।** दिल्ली भाजपा के चार सांसदों के प्रतिनिधिमंडल ने दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना से मुलाकात कर दिल्ली देहात से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर उन्हें एक ज्ञापन सौंपा है। प्रतिनिधिमंडल में उत्तर पूर्वी दिल्ली से सांसद मनोज तिवारी, दक्षिणी दिल्ली से सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी, पश्चिमी दिल्ली से सांसद कमलजीत सहरावत एवं उत्तर पश्चिमी दिल्ली से सांसद योगेन्द्र चांदोलिया शामिल थे। उपराज्यपाल ने भाजपा सांसदों द्वारा सौंपे गये ज्ञापन का संज्ञान लेते हुये उस पर उचित कार्रवाई करवाने का आश्वासन दिया। भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने अपने ज्ञापन में दिल्ली देहात के प्रमुख मुद्दे उठाए जिसमें म्यूटेशन की समस्या, बिजली के मीटर हेतु डीडीए एनओसी, वैकल्पिक प्लॉट का आवंटन शामिल है। दिल्ली के 89 गांवों को छह साल पहले शहरीकृत घोषित कर दिया गया था जिससे दिल्ली देहात में जितनी भी कृषि भूमि है उसमें दिल्ली भूमि सुधार बंद कर दिया गया था तथा यह गांव दिल्ली विकास प्राधिकरण को विकास हेतु सौंप दिये गये थे। इसके बाद म्यूटेशन को बंद कर दिया गया था। इस को मुआवजे के साथ-साथ एक रिहायशी वैकल्पिक प्लाट देने एवं रोजगार के लिये एक दुकान देने का प्रावधान था, परन्तु 20 वर्षों के पश्चात भी यह अभी तक नहीं दिये गये। इस





वजह से न तो कोई किसान जमीन को बेच सकता है और न ही कृषि जमीन उनके लीगल हायर्स को ट्रांसफर हो पाती है। इस कारण किसान परिवारों को बहुत दिक्कत हो रही है। सांसदों ने कहा कि दिल्ली सरकार द्वारा गांवों की खेती की जमीन का अधिग्रहण वर्ष 2002-03 में किया गया था। सरकार की खेती की जमीन अधिग्रहण करने के अनुसार किसानों समस्या से दिल्ली के ज्यादातर गांव प्रभावित हैं। इसके साथ दिल्ली में मास्टर प्लॉन 2041 के तहत एवं नई कालोनियों को बनाने से रोकने के लिये डीडीए ने 26 जून, 2023 को बिजली कंपनियों के साथ हुई एक बैठक में बिजली कंपिनयों को निर्देश दिया था, जिसमें उन्हें नये बिजली के मीटर के आवेदन पर डीडीए से एनओसी की मांग करने की बात कही थी।

# जिसका रस अनंतकाल से बना है वही बनारस है: उप राज्यपाल मनोज सिन्हा





एजेंसी

**नई दिल्ली ।**जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने यहां कहा कि प्राचीन काल से 21वीं सदी तक की यात्रा में दुनियां में कोई भी शहर अपने मूल स्वरुप को यथावत रख पाया है तो वह केवल बनारस है।

राजधानी दिल्ली में गिरिजा दर्शन ट्रस्ट द्वारा गुरुवार को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम बूंदन फुहार में मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित श्री सिन्हा ने कहा कि जिसका रस अनंतकाल से बना हुआ है वही बनारस है। बूंदन फुहार कार्यक्रम का आयोजन मानसून में बनारस घराने की संगीत को जीवंत बनाने के लिए किया गया।

इस कार्यक्रम को संगीतमय करने के लिये बनारस घराने की प्रसिद्ध गायिका विदुषी सुनंदा शर्मा, तबला वादक पंडित मिथिलेश कुमार झा, हारमोनियम वादक पंडित विनय मिश्रा शामिल हुये। श्री सिन्हा ने कहा, 'सही मायने में देखा जाए तो बनारस एक शब्द नहीं बल्कि भाव है, बनारस मुखर भी है और मौन भी, वह सतह भी है और वह पारित भी है। बनारस अस्तित्व की पगध्वनि है जहाँ सुरों को साधने का अर्थ स्वयं को साधते हुये देखना है। उन्होंने कहा, बनारस घराने के संगीतकारों ने न केवल बनारस का नाम रौशन किया है बल्कि विश्व पटल पर हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत को स्थापित किया है। संगीत की पीढ़ियों से चली आ रही परंपरा में प्रशिक्षित गायिका सुनंदा शर्मा ने अपनी सुरमयी आवाज में प्रस्तुति दी।


**Lost & Found**

I, Daljit Singh, S/o late. S. Pritam Singh, R/O H-376,3rd floor palam vihar Gurugram-122017, have Lost my Re-allotment document of factory No: 1789,M.I.E Part B bahadurgarh Haryana. In this regard already lodge FIR NO. 132570072401077 Dated.30.08.2024,if anybody find document of above said property contact above mentioned address & M.No. 9999866787

**Name Change**

I, NO.16118510F, Rank-NK, Name- A OMKAR residing at H NO. 1-90/A, MADDUR MANDALAM, NIDJINTA, MAHABUB NAGAR, ANDHRA PRADESH-509411 have changed my father's name from A NARAYANA to ALIMA CHINNA NARAYANA for all future purposes and in my service records my father's date of birth wrongly mentioned as 22/01/1960 instead of his correct date of birth as 01/08/1954 vide Affidavit dated 30/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I, NO-16133521L Rank-SPR, Name- MANIKANTHA ISHWAR CHACHADI residing at VILL-HITTANAGI, PO- SUTAGATTI, TEH-SAVADATTI, DIST- BELGAUM, KARNATAKA-591126 have changed my father's name from ISHWAR to ISHWAR BASAPPA CHACHADI for all future purposes vide affidavit dated 30/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I, NO-16133521L Rank-SPR, Name- MANIKANTHA ISHWAR CHACHADI residing at VILL-HITTANAGI, PO- SUTAGATTI, TEH-SAVADATTI, DIST- BELGAUM, KARNATAKA-591126 have changed my mother's name from BASAVVA to BASAVVA ISHWAR CHACHADI for all future purposes vide affidavit dated 30/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I, USHA KUMARI Wife of No. 15713043M Rank-HAV Name-RAMBABU SAH R/o VILL-ALIYASPUR, PO-SADHPUR, PS-GARKHA, DIST- SARAN, BIHAR-841415, have changed my name from USHA KUMARI to USHA DEVI for all future purposes vide Affidavit dated 30/08/2024 before Notary Public, Delhi.

**Name Change**

I, NIKITESH S/O PARAS NATH residing at HOUSE NO- B E-377, GALI NO-8, HARI NAGAR, MAYA PURI, DELHI-110064 have changed my name to NIKITESH KUMAR for all future purpose.

**Name Change**

I, PARAS S/O RAMDEV BEEN residing at HOUSE NO- B E-377, GALI NO- 8, HARI NAGAR, MAYA PURI, DELHI- 110064 have changed my name to PARAS NATH for all future purpose.

**Name Change**

I, Manjula W/o Ramesh Chandra Dobriyal R/o Flat.No-470, Shree Awas Apartment Sector -18 B Dwarka South West Delhi, Delhi-110078, Have Changed My Name To Manjula Dobriyal For Future Purpose.

**PUBLIC NOTICE**

Be it know to General Public that my clients SMT. JAMILA KHATUN W/O LATE RAMJAAN ALI R/o RZ-18C, GALI NO-25A, INDRA PARK PALAM COLONY, SOUTH WEST DELHI- 110045, has disowned and debarred their son's namely Mr. ASHRAF ALI S/O SH. RAMJAN ALI R/O RZ-18C, GALI NO-25A, INDRA PARK PALAM COLONY, SOUTH WEST DELHI- 110045, from RZ-18C, KH NO-862/637, INDRA PARK, PALAM COLONY, NEW DELHI-110045 and moveable and unmovable properties due to their misbehavior, misconduct and disobedient attitude and my client has severed all relations with all of them. If in future if anybody deals with them shall do at his/her own risk and my clients shall not be responsible in any manner for their any kind of act and deeds.

**MANOJ KUMAR TOMAR**
ADVOCATE
OFFICE AT A-596, GALI NO-17,
MAHAVIR ENCLAVE PART-2,
NEW DELHI-110059
MOB. NO. 9319338232

**Name Change**

I, MAHAVEERI M/o 14827660Y Rank- HAV/MT, Name- RAJVEER SINGH R/o VPOJATOLI RATHWAN, DIST-BHARATPUR PIN- 321025 (RAJASTHAN), have changed my name from MAHAVEERI to MAHAVIRI and date of birth from 01/07/1959 to 01/01/1960 for all future purposes. Vide affidavit No IN- DL45362592647247W date 29.08.2024 before Public Notary Delhi.

**Name Change**

I, JC344093W Rank- NB/ SUB, Name- JAGJIT SINGH Unit - 236ENGR REGT R/o VILL- BARWALI KALAN, PO - BARWALI KHURD, DIST - FATEHGARH SAHIB, TEH- KHAMANO, STATE - PUNJAB ,PIN - 141411, have changed my mother name from BALWINDER SINGH to BALJINDER KAUR and his correct date of birth is 02.06.1972 for all future purposes. Vide affidavit No IN- DL45363877259810W dated 29.08.2024 before Public Notary Delhi.

**Name Change**

I, Neha Dass D/o Shri Charan Dass, Address:- 102, Sea Court Tower 2, Jaypee Greens, Greater Noida 201310 Have changed my name to Neha Gupta for all future purpose.

**Name Change**

I, MAHAVEER SINGH F/o 14827660Y Rank- HAV/MT, Name- RAJVEER SINGH R/o VPO-JATOLI RATHWAN, DIST-BHARATPUR PIN-321025 (RAJASTHAN), have changed my name from MAHAVEER SINGH to MAHAVIR SINGH and date of birth from 01/07/1954 to 01/01/1956 for all future purposes. Vide affidavit No IN DL45358229720291W dated 29.08.2024 before Public Notary Delhi.

## हार के खौफ से निकाय चुनाव से भागी भाजपा सरकार : कुमारी सैलजा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सिरसा से लोकसभा सांसद कुमारी सैलजा ने कहा कि भाजपा सरकार की राजनीतिक जमीन खिसक चुकी है, इस बात का सरकार में बैठे लोगों को पहले ही आभास हो गया था। इसलिए ही हार के डर से शहरी निकायों के चुनाव कराने से भाजपा सरकार बचती रही है। 8 नगर निगम, चार नगर परिषद व 21 नगर पालिका के निवासी चुनाव का इंतजार कर रहे हैं। प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनते ही शहरी निकायों के लंबित चुनाव कराए जाएंगे।मीडिया को जारी बयान में कुमारी सैलजा ने कहा कि प्रदेश में 11 नगर निगमों में से सिर्फ 3 पंचकूला, अंबाला शहर व सोनीपत को ही इस समय जनता के चुने नुमाइंदे चला रहे हैं। अस्तित्व में आने के बाद से मानेसर नगर निगम के चुनाव आज तक नहीं करवाए गए हैं। गुड़गांव व फरीदाबाद नगर निगम का कार्यकाल खत्म हुए अरसा बीत चुका है। जबकि, हिसार, पानीपत, रोहतक, यमुनानगर, करनाल नगर निगम का कार्यकाल दिसंबर महीने में खत्म हो चुका है। पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि नगर परिषद अंबाला, थानेसर, सिरसा, नगर पालिका कालांवाली, सिवानी, आदमपुर, बराड़ा, रादौर, बवानी खेड़ा, लोहारू, जाखल मंडी, फर्रूखनगर, नारनौंद, बेरी, जुलाना, पूंडरी, कलायत, नीलोखेड़ी, अटेली मंडी, कनीना, तावडू, हथीन, कलानौर, खरखौदा, आदि के चुनाव सालों से पेंडिंग पड़े हुए हैं। इनमें से कितनी ही जगह तो वार्डबंदी का काम अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है।

## कांग्रेस सरकार बनने पर किया जाएगा अपराध का सफाया, व्यापारियों को मिलेगी सुरक्षा : भूपेंद्र हुड्डा

**चंडीगढ़।** पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने व्यापारियों पर हो रही लगातार फायरिंग और फिरौती की वारदातों पर गहरी चिंता जाहिर की है। उन्होंने कहा कि जींद में एकबार ऐसी ही वारदात समाने आई है, जहां हार्डवेयर और पेंट्स के शोरूम पर बदमाशों ने फायरिंग की। एक के बाद एक सामने आ रही इन वारदातों से स्पष्ट है कि प्रदेश में कानून व्यवस्था का दिवाला पिट चुका है। बदमशा बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं और व्यापारी समेत हर वर्ग खौफ के साये में जी रहा है। हुड्डा ने कहा कि चंद दिन पहले ही ऐसी वारदातों के विरोध में जुलाना और हिसार में व्यापारियों ने बंद बुलाया था। बावजूद इसके सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंगी। आचार सहिंता के बावजूद बदमाश बेरोकटोक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने व्यापारी वर्ग खुद को अकेला ना समझे, कांग्रेस पूरी मजबूती से उनके साथ खड़ी है। जल्द ही प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनेगी और बीजेपी के जंगलराज का सफाया करते हुए कानून व्यवस्था का राज स्थापित किया जाएगा। प्रदेश से अपराध का खात्मा कांग्रेस सरकार की प्राथमिकता होगी। हुड्डा आज कांग्रेस में नई ज्वाइनिंग के मौके पर बोल रहे थे।

## हरियाणा सरकार पर संवैधानिक संकट

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार पर संवैधानिक संकट आ गया है। राज्य में 12 सितंबर से पहले विधानसभा का सत्र बुलाना संवैधानिक जरूरी है। ऐसे में विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच प्रदेश सरकार ने चुनाव आयोग से 31 अगस्त को कैबिनेट बैठक बुलाने की अनुमति मांगी है। इस बैठक में एक दिन के लिए विधानसभा का मानसून सत्र बुलाने या फिर विधानसभा भंग करने का निर्णय लिया जा सकता है। दरअसल, हरियाणा विधानसभा का आखिरी सत्र 13 मार्च को बुलाया गया था, जब तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल के इस्तीफे के बाद नए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने विश्वास मत हासिल किया था। संवैधानिक रूप से छह महीने के अंतराल में एक बार विधानसभा सत्र बुलाना जरूरी है, इसलिए 12 सितंबर तक सदन की बैठक जरूरी है। अगर सरकार मानसून सत्र नहीं बुलाती तो फिर संवैधानिक संकट टालने के लिए मुख्यमंत्री को राज्यपाल से विधानसभा भंग करने की सिफारिश करनी होगी। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के एडवोकेट हेमंत कुमार ने भी विधानसभा का विशेष सत्र बुलाने के लिए राष्ट्रपति को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा गया है कि संविधान के अनुच्छेद 174 (1) में स्पष्ट उल्लेख है कि विधानसभा के दो सत्रों के बीच छह महीने से ज्यादा का अंतराल नहीं होना चाहिए। आज तक कभी ऐसी स्थिति नहीं आई है कि छह महीने में कोई सत्र न बुलाया गया हो।

## जिला उपभोक्ता आयोग ने रिलायंस स्मार्ट स्टोर को लगाई फटकार

**कैथल।** जिला उपभोक्ता आयोग ने रिलायंस स्मार्ट स्टोर को सेवाओं में कमी और अनफेयर ट्रेड प्रैक्टिस के चलते फटकार लगाते हुए 10000 रुपए जुर्माना किया है। यह जुर्माना मुआवजे के तौर पर शिकायतकर्ता को देने के ओदश किए गए हैं। इस बारे में जिला बार एसोसिएशन के उप प्रधान एडवोकेट विनय गर्ग ने जिला उपभोक्ता आयोग में 1 मार्च 2024 को शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत के अनुसार विनय गर्ग ने रिलायंस स्मार्ट स्टोर से 2132 रुपए कीमत में 10 किलो आशीर्वाद शुद्ध आटा खरीदा था। इस 10 किलो आटे के साथ बेसन के 500-500 ग्राम के दो बैग फ्री में दिए जाने थे। फ्री में दिए जाने वाले इस बेसन के एक बैग की कीमत मात्र 71 रुपए थी। आशीर्वाद आटे की पैकिंग पर भी यह बेसन फ्री देने बारे लिखा गया था। लेकिन रिलायंस स्टोर के कर्मचारियों ने बेसन के बैग देने से साफ मना कर दिया। इस पर विनय गर्ग ने उपभोक्ता आयोग का दरवाजा खटखटाया।


# मनोहर लाल ने विधानसभा चुनाव लड़ने की अटकलों को किया खारिज

### भाजपा के कई सांसदों ने जताई विधानसभा में उतरने की इच्छा

एजेंसी

**चंडीगढ़।** केंद्रीय मंत्री एवं हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश में विधानसभा चुनाव लड़ने से साफ इनकार कर दिया है। भाजपा कोर ग्रुप की बैठक के बाद मनोहर लाल ने यह ऐलान किया। हरियाणा में कांग्रेस की तरह भारतीय जनता पार्टी में भी लोकसभा तथा राज्य सभा के सांसदों ने विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जताई थी, जिसे लेकर भाजपा में लगातार मंथन चल रहा है।

कुरुक्षेत्र में पिछले दिनों हुए दलित महासम्मेलन में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल द्वारा भाग लिये जाने के बाद हरियाणा में यह अटकलें शुरू हो गई थीं कि मनोहर लाल को फिर से प्रदेश की राजनीति में सक्रिय किया जा रहा है। मनोहर लाल लगातार हरियाणा में मुख्यमंत्री नायब सैनी के समानांतर जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। इसके चलते पिछले एक सप्ताह से मनोहर लाल के दोबारा करनाल से तथा मुख्यमंत्री नायब सैनी के लाडवा से चुनाव लड़ने की चर्चाएं जोरों पर हैं। इस बीच राज्य सभा के सांसद कृष्ण लाल पंवार ने इसराना विधानसभा हलके से चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। भाजपा समर्थित निर्दलीय राज्य सभा सांसद कार्तिकेय शर्मा अंबाला लोकसभा क्षेत्र में लगातार सक्रिय हैं। राज्य सभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा भी विधानसभा चुनाव लड़ने की इच्छा जता चुके हैं। ऐसे में मनोहर लाल ने



साफ कर दिया है कि वह पार्टी हाईकमान के निर्देश पर प्रदेश की राजनीति में सक्रिय तो रहेंगे लेकिन चुनाव नहीं लड़ेंगे। अन्य सांसदों के चुनाव लड़ने पर मनोहर लाल ने कहा कि इस बारे में हाईकमान द्वारा ही फैसला लिया जाएगा।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव में बैंक से लेनदेन पर प्रशासन की रहेगी कड़ी नजर : मंजीत कुमार

एजेंसी

**नारनौल।** हरियाणा विधानसभा आम चुनाव-2024 के मद्देनजर राज्य में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू है। ऐसे में इस दौरान सभी बैंक अधिकारी संदिग्ध लेनदेन पर कड़ी नजर रखेंगे। यह निर्देश नगराधीश एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मंजीत कुमार ने गुरूवार को लघु सचिवालय में जिला के बैंक अधिकारियों की बैठक में दिए।

नगराधीश ने स्पष्ट किया कि बैंक अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कहीं भी 10 लाख रुपए से अधिक निकासी हो तो तुरंत इनकम टैक्स डिपार्टमेंट को उसकी जानकारी दी जाए। उन्होंने कहा कि सभी बैंक अधिकारी इस बात पर भी कड़ी नजर रखेंगे कि जो बैंक खाते कई वर्षों से बंद पड़े हैं और उसमें अब अचानक लेनदेन होने लगा है तो ऐसे खातों में यदि एक लाख से ऊपर का लेन.देन हो तो चुनाव कार्यालय को इसकी सूचना भिजवाएं।

इसके अलावा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवार तथा उसके परिवार के सदस्यों के खाते में एक लाख से अधिक की निकासी की सूचना भी चुनाव कार्यालय को देनी है। उन्होंने कहा कि हरियाणा विधानसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर जिला



महेंद्रगढ़ में आदर्श चुनाव आचार संहिता की कड़ाई से पालना की जा रही है। हर तरह के लेनदेन पर जिला प्रशासन की कड़ी नजर रहेगी। इस बैठक में लीड बैंक मैनेजर विजय सिंह, तहसीलदार चुनाव सुरेंद्र सिंह तथा एडीआईओ हरीश शर्मा के अलावा अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

# भाजपा-कांग्रेस को हुई जेजेपी-एएसपी गठबंधन की घबराहट : दुष्यंत चौटाला

एजेंसी

**जींद।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि भाजपा और कांग्रेस को जननायक जनता पार्टी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) गठबंधन की घबराहट हो गई है इसलिए दोनों पार्टियों के नेताओं के जुबान पर बार-बार जेजेपी का नाम आ रहा है। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में जेजेपी-एएसपी गठबंधन का माहौल बनना शुरू हो गया है और अगले 30 दिन के समय में गठबंधन के नेता मजबूती से प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पहुंचकर हरियाणा में युवा शासन लाने का काम करेंगे। वीरवार को दुष्यंत चौटाला उचाना कलां हलके में जनसंपर्क के दौरान पत्रकारों से रूबरू थे। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि भाजपा और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा मिलकर चुनाव लड़ते है, इस बार का राज्यसभा चुनाव इसका ताजा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि पिछले



12 राज्यसभा चुनावों का इतिहास देखे तो कांग्रेस सिर्फ एक चुनाव जीती है, जिसमें दीपेंद्र हुड्डा राज्यसभा सांसद बने थे, लेकिन बाकी चुनावों में कांग्रेस क्यूं हारी ? इसका कारण भूपेंद्र हुड्डा और भाजपा की फिक्सिंग रही है। एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष उदयभान अपनी चिंता करे, अगर उनमें हिम्मत है तो वो होडल से चुनाव लड़कर देखे।

उचाना से संबंधित एक सवाल के जवाब में दुष्यंत चौटाला ने कहा कि कांग्रेस नेता बीरेंद्र सिंह जनता को बताएं कि उनके बेटे पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह ने किसान आंदोलन के दौरान नए कृषि कानूनों के समर्थन में ट्रैक्टर रैली निकाली थी और संसद में इन नए कानूनों के समर्थन में वोट किया था। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि जनता को जवाब न देना पड़े, इसी डर के कारण बृजेंद्र सिंह लोकसभा का चुनाव नहीं लड़े थे, लेकिन अब विधानसभा चुनाव में उन्हें जनता को इसका जवाब देना पड़ेगा।

पूर्व मंत्री अनिल विज के एक बयान पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि विज अपनी कटी हुई टिकट बचा ले, वही उनके लिए काफी है। उन्होंने कहा कि कटी पतंग तो फिर भी दोबारा डोर जोड़कर ऊंची उड़ान भरने की क्षमता रखती है लेकिन टिकट कटने पर पांच साल इंतजार करना पड़ता है।

## रोहतक में महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में बांसुरी स्वराज ने ममता बनर्जी पर किया कटाक्ष

एजेंसी

**रोहतक ।** नई दिल्ली लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज ने कोलकाता के आर.जी. कर मेडिकल कॉलेज में एक महिला डॉक्टर से बलात्कार और हत्या के मामले में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर गुरुवार को तीखा हमला बोला।

हरियाणा के रोहतक में आयोजित भाजपा के महिला सशक्तिकरण सम्मेलन में बांसुरी स्वराज ने ममता बनर्जी की आलोचना करते हुए सवाल उठाया कि वह खुद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और स्वास्थ्य मंत्री हैं। फिर वह किससे न्याय की उम्मीद कर रही हैं।

स्वराज ने कहा कि ममता बनर्जी केवल धरना-प्रदर्शन करने में विश्वास रखती हैं, जबकि एक मुख्यमंत्री होने के नाते उनका कर्तव्य है कि वह अपनी जिम्मेदारियों को निभाएं। उन्होंने आरोप लगाया कि पश्चिम बंगाल सरकार और प्रशासन हत्या के मामलों को आत्महत्या दिखाने में जुटा है। स्वराज ने यह भी कहा कि कोलकाता की घटना का दर्द देश की हर बेटी महसूस कर रही है, जबकि ममता बनर्जी इस पर केवल धरना-प्रदर्शन करने में व्यस्त हैं, न्याय दिलाने में नहीं। स्वराज ने ममता बनर्जी की चेतावनी को निंदनीय करार देते हुए कहा कि एक संवैधानिक पद पर बैठे व्यक्ति को इस तरह की बातें शोभा नहीं देतीं। उन्होंने टिप्पणी की कि ममता बनर्जी की सरकार और प्रशासन सबूत मिटाने में लगे हुए हैं, और यह साफ है कि वे किसी दोषी को बचाने की कोशिश कर रहे हैं। स्वराज ने ममता बनर्जी की विवशता की ओर इशारा करते हुए कहा कि वह पथ भ्रमित हो चुकी हैं और इसीलिए उन्होंने इस तरह की बातें की हैं। स्वराज ने मणिपुर के मुद्दे पर भी टिप्पणी की। उन्होंने मणिपुर में भाजपा सरकार की संवेदनशीलता की तारीफ करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री ने संसद सत्र शुरू होने से पहले ही मणिपुर मामले पर बयान दिया था, जो दर्शाता है कि भाजपा ने इस मुद्दे को बहुत गंभीरता से लिया। सशक्तिकरण सम्मेलन में स्वराज ने महिलाओं के जोश की सराहना करते हुए कहा कि यह स्पष्ट है कि महिला शक्ति ठान चुकी है कि हरियाणा में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है। उन्होंने सम्मेलन में महिलाओं के उत्साह और उनकी शक्ति को देश के भविष्य के लिए सकारात्मक संकेत बताया और भाजपा के लिए आगामी चुनावों में जीत का दावा किया।

# सीआरपीएफ के साथ मिलकर पुलिस ने पूंडरी में किया फ्लैग मार्च

एजेंसी

**कैथल।** स्थानीय पुलिस ने सीआरपीएफ के साथ मिलकर पूंडरी क्षेत्र मैं फ्लैग मार्च किया। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर स्थानीय पुलिस में जिला प्रशासन में निर्भीक होकर मतदान करने का संदेश दिया। लोगों को चुनाव को भय रहित वातावरण में निष्पक्ष तथा शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न करवाने के लिए आम जनता को अधिकाधिक संख्या में मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

एसपी राजेश कालिया ने बताया कि फ्लैग मार्च के दौरान नागरिकों को संदेश दिया गया कि किसी भी व्यक्ति को कानून-व्यवस्था व शांति भंग करने की किसी सूरत में इजाजत



नहीं दी जाएगी। पुलिस द्वारा नागरिकों को जागरूक किया गया कि वे झूठी अफवाहों पर ध्यान ना दे, निर्भीक होकर अपना मतदान करे। फ्लैग मार्च का उद्देश्य पुलिस की उपस्थिति दिखाकर महिलाओं तथा आम लोगों विशेषकर कमजोर वर्गों मध्य सुरक्षा की भावना पैदा करने सहित कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत करना शामिल है।

इस प्रकार के अभियान ना सिर्फ अपराधी तत्वों में भय पैदा करते है, बल्कि आमजन में सुरक्षा की भावना व पुलिस के प्रति विश्वास कायम करने में भी कारगर सिद्ध होते है। फ्लैग मार्च दौरान थाना पूंडरी पुलिस के एसआई रामबीर सिंह, चौकी पुंडरी पुलिस प्रभारी एएसआई राजेंद्र कुमार, सीआरपीएफ के जवान व लोकल पुलिस के जवान शामिल रहे।

## हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ ने जीएम को सौंपा ज्ञापन

एजेंसी

**जींद।** हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ की बैठक वीरवार को महाप्रबंधक के साथ उनके कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक में संघ द्वारा दिए गए मांग पत्र पर विचार विमर्श किया गया और मांग पत्र भी सौंपा गया। संघ नेता संदीप रंगा, सज्जन कंडेला ने कहा कि मांग पत्र में मुख्य रूप से 2008 वाले का दूसरी एसीपी, नाइट अलाउंस अगस्त 2023 से अगस्त 2024 तक का, रोहतक रूट का सर्वे दोबारा से करवाया जाने की बात कही कई। इसके साथ ही कर्मचारियों के लंबित पड़े केस जैसे की रिकवरी नोटिस, बीमार कर्मचारियों को लाइट ड्यूटी पर लगाना, वर्कशॉप में बीएस 6 बसों के लिए नए लेपटॉप मंगवाए जाने, चालक ओर परिचालक को अच्छी बुकिंग और केएमपीएल के लिए समानित करने, वर्कशॉप में पार्किंग शेड व बाहरी साधनों पर रोक लगाए जाने, पीने के पानी की उचित व्यवस्था करने की मांग की गई।

## युवाओं में देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था की समझ सक्रिय भागीदारी के लिए आवश्यक: प्रो. टंकेश्वर कुमार

एजेंसी

**नारनौल।** हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय (हकेवि) महेंद्रगढ़ में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के निर्देशानुसार युवा मंथन का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों को दो अलग-अलग वर्गों में बांटा गया यू.एन.डी.पी. और ए.ई.पी.पी.एम.। यू.एन.डी.पी. में विध्यार्तियों ने अलग-अलग देशों और ए.ई.पी.पी.एम. में अलग-अलग राजनीतिक दलों का नेतृत्व किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही यह आयोजन विद्यार्थियों में लोकतांत्रिक व्यवस्था की समझ को विकसित करने और उनकी इस व्यवस्था में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने में मददगार साबित होगी। कुलपति ने अपने संबोधन में विश्व कल्याण के लिए लोकतांत्रिक मूल्यों को महत्वपूर्ण बताया और कहा कि न सिर्फ भारत बल्कि समूचे विश्व में आपसी सहयोग, समरसता स्थापित करने की दिशा में प्रयास करने की आवश्यकता है।उन्होंने बताया कि कैसे हमारा सामान्य जीवन राजनैतिक दलों से प्रभावित होता है। शिक्षा मंत्रालय व यूजीसी के इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में युवाओं को



चाहिए कि वो न सिर्फ लोकतांत्रिक व्यवस्था व उससे जुड़ी संस्थाओं को जाने समझे बल्कि वे इनकी कार्यप्रणाली में सक्रिय भागीदारी जोकि उनके स्तर पर संभव है, वो भी निभाए। कुलपति ने कहा कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था जनता के लिए, जनता के द्वारा की नीति पर कार्य करती है। विश्व कल्याण के लिए आवश्यक है कि यह विचार समूचे विश्व के स्तर पर स्वीकार्य हो। आज समय है कि हम न सिर्फ संसद, विधानसभा जैसी संस्थाओं की प्रक्रिया को जाने समझे बल्कि उनमें सक्रिय भागीदारी भी करें। वोट का अधिकार तो हमें ज्ञात है आवश्यक है कि उसके महत्व को भी जाने। कुलपति ने युवा मंथन के इस दिशा में बेहद आवश्यक और समय की मांग बताते हुए कहा कि अवश्य ही ऐसे ही प्रयासों और उनमें युवाओं की सक्रिय भागीदारी से विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति सुनिश्चित होगी। इस मौके पर विश्वविद्यालय के सम कुलपति प्रो. सुषमा यादव, कुलसचिव प्रो. सुनील कुमार व डा. रेणु यादव, डा. मुलका आदि मौजूद रहे।

## हरियाणा के अंबाला में आचार संहिता के बीच

एजेंसी

**अंबाला।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता के बीच अंबाला प्रशासन ने अब तक 17,400 लीटर शराब पकड़ी है।

अंबाला के उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने बताया कि चुनावी प्रक्रिया के सुचारू संचालन के लिए सभी चुनावी पार्टियों को आवश्यक निर्देश जारी कर दिए गए हैं।चुनावी पोस्टर और झंडों के लिए भी स्थान निर्धारित कर दिए गए हैं। प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जो लोग पोलिंग बूथ तक नहीं पहुंच सकते, उनके लिए भी मतदान की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।उन्होंने कहा कि शराब के ठेकेदारों के स्टॉक पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है और अब तक 17,400 लीटर शराब पकड़ी जा चुकी है।

उपायुक्त ने बताया कि अंबाला जिले में कुल चार विधानसभा क्षेत्र हैं, जिनमें से तीन सामान्य और एक आरक्षित है। जिले में कुल 8,78,282 मतदाता हैं और 968 पोलिंग बूथ स्थापित किए जाएंगे। हथियारों की सुरक्षा के मद्देनजर, जिन लोगों के पास हथियार हैं, उन्हें जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। अब तक




2,669 हथियार जमा किए जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त, जिले में कंट्रोल रूम भी स्थापित किए गए हैं ताकि चुनावी गतिविधियों पर निगरानी रखी जा सके। सुरक्षा व्यवस्था के बारे में एएसपी सृष्टि गुप्ता ने बताया कि शराब के ठेकों पर निगरानी रखी जा रही है और समय-समय पर स्टॉक चेक किया जा रहा है। राज्य की सभी 90 सीटों पर 1 अक्टूबर को मतदान होना है। वोटों की गिनती 4 अक्टूबर को की जाएगी। हरियाणा विधानसभा का कार्यकाल 3 नवंबर 2024 को समाप्त होने वाला है।

## विभागों की संयुक्त बैठक बुलाकर करेंगे पानी की निकासी के लिए स्थाई समाधान : डॉ. वैशाली शर्मा

एजेंसी

**हिसार।** निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा है कि शहर की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से समस्याओं का समाधान करने की प्राथमिकता रहेगी। डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि समस्याओं का समाधान निकालते हुए यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी आमजन को नगर निगम की तरफ से कोई समस्या न आए। शहर की सफाई व्यवस्था बारे एक बैठक की गई है जिसमें निर्देश दिए गए हैं कि जहां पर कूड़ा एकत्रित होता है वहां की सफाई की जाए, जो लिगेसी वेस्ट है उसकी उसकी सफाई सही तरीके से हो और उसकी मॉनिटरिंग भी हो, इसको लेकर आदेश जारी किए गए हैं। उन्होने कहा कि आने वाले समय में सफाई व्यवस्था और बेहतर होगी। सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के बारे में उन्होंने कहा कि अभी नई एजेंसी को डोर टू डोर कचरे कनेक्शन का कार्य दिया गया है। यह एजेंसी डॉट टू डोर कलेक्शन का कार्य अच्छी तरह करेगी यह सुनिश्चित किया जाएगा। लिगेसी वेस्ट के लिए उन्होंने कहा कि समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा। यह सुनिश्चित करेंगे कि उनका उसका कार्य अच्छे तरीके से हो।बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने बारे निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि इसके लिए एक कमेटी गठित की जाएगी। शहर से पानी की निकासी बारे उन्होंने कहा कि इसके लिए सभी विभागों की एक संयुक्त बैठक करके समस्या का समाधान किया जाएगा। कॉलोनी के पानी के निकासी को लेकर निगमायुक्त ने कहा कि नालों की सफाई करवाई जाएगी। अधिकारियों व कर्मचारियों की ड्रेस के सवाल पर निगमायुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने कहा कि जो आदेश जारी किए गए हैं जो नगर निगम के अधिकारियों व कर्मचारियों पर हैं, वे फॉर्मल ड्रेस में आएं, इसके पीछे सिर्फ एक ही वजह है



कि जब उन्होंने ऑफिस का दौरा किया था। कुछ कर्मचारियों ने चप्पल पहन रखी थी, कानों में इयरफोन लगा रखा था, कुछ कर्मचारियों ने जींस पहन रखी थी। फॉर्मल ड्रेस पहनने के बाद ऑफिस में अधिकारियों व कर्मचारियों को पहचाना जा सकेगा और उनका जनता के साथ व्यवहार अच्छा होगा यह भी सुनिश्चित किया जाएगा।

# हरियाणा विधानसभा चुनाव में मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करेगी कांग्रेस: बाबरिया

एजेंसी

**चंडीगढ़।** विधानसभा चुनाव लड़ने का सपना देख रहे सांसदों के अरमानों पर पानी फेरने के बाद अब कांग्रेस ने साफ कर दिया है कि दो बार या इससे अधिक बार चुनाव हारे हुए नेताओं को भी उम्मीदवार नहीं बनाया जाएगा। पार्टी सीटिंग गैटिंग के फार्मूले पर भी गंभीरता से मंथन कर रही है। साथ हीकांग्रेस चुनाव से पहले मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करेगी। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के बाद हरियाणा कांग्रेस के प्रभारी दीपक बाबरिया ने बताया कि पार्टी इस विधानसभा चुनाव में किसी को भी मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित नहीं करेगी। अभी तक 60 सीटों पर पैनल के लिए चर्चा हो चुकी है। बाबरिया ने कहा कि पार्टी ने दो बार चुनाव हार चुके नेताओं को टिकट नहीं देने का निर्णय लिया है। बाबरिया ने कहा कि यह एक फैक्टर है कि उनका टिकट काटा जा सकता है। तीन बार चुनाव हार चुके और जमानत जब्त करा चुके उम्मीदवारों को टिकट नहीं देने का नीतिगत फैसला हो चुका है। अबकी बार पार्टी दागी चेहरों को भी चुनावी दंगल से दूर रखने पर गंभीरता से विचार कर रही है। पिछले दिनों आवेदन करने वाले व्यक्तियों से अपने-अपने बूथ की कमेटियों की सूची भी तलब की थी। जिन दावेदारों ने बूथ कमेटियां जमा नहीं कराई हैं, उनकी टिकटों पर कैंची चल सकती है। नई दिल्ली में हुई कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के दूसरे दिन कमेटी अध्यक्ष अजय माकन और सदस्यों ने भागीदारी की। बैठक में इस बात पर सहमति बनाने के प्रयास चल रहे हैं कि कांग्रेस हाईकमान के पास सिंगल नाम का पैनल भेजा जाएगा। कांग्रेस स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक के दूसरे दिन भी उम्मीदवारों के नामों पर चर्चा हुई। इससे पहले बुधवार को बैठक के पहले दिन कांग्रेस ने किसी भी सांसद अथवा राज्यसभा सदस्य को विधानसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाने से इनकार कर दिया था। अब कांग्रेस ने दो बार अथवा दो बार से ज्यादा विधानसभा चुनाव हार चुके लोगों को विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया जाएगा। स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक में राज्य की सभी 90 विधानसभा सीटों पर आए 2556 दावेदारों के नामों पर विचार विमर्श के बाद इनकी छंटनी कर दी गई है।

# आईओसीएल ने सरकार को दिए लांभाश किश्त के 5091 करोड़ रुपये

एजेंसी

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की तेल एवं गैस विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) ने सरकार को लाभांश किश्त के रूप में लगभग 5091 करोड़ रुपये दिया है। निवेश और लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग (दीपम) के सचिव ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी एक बयान में कहा कि केंद्र सरकार को इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) से लाभांश किश्त के रूप में लगभग 5091 करोड़ रुपये प्राप्त हुए हैं। दीपम वित्त मंत्रालय के तहत आता है।

# पेट्रोल-डीजल की कीमत स्थिर, कच्चा तेल 81 डॉलर प्रति बैरल के करीब



नई दिल्ली। देश में पेट्रोल और डीजल की कीमत स्थिर है। हां, अंतरराष्ट्रीय बाजार में जरूर कच्चे तेल की कीमत में उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड का भाव 81 डॉलर प्रति बैरल और डब्ल्यूटीआई क्रूड 76 डॉलर प्रति बैरल के करीब है। इंडियन ऑयल की वेबसाइट के मुताबिक, आज दिल्ली में पेट्रोल 94.72 रुपये, डीजल 87.62 रुपये,मुंबई में पेट्रोल 103.44 रुपये, डीजल 89.97 रुपये, कोलकाता में पेट्रोल 104.95 रुपये,डीजल 91.76 रुपये, चेन्नई में पेट्रोल 100.75 रुपये और डीजल 92.34 रुपये प्रति लीटर की दर पर उपलब्ध है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में हफ्ते के पांचवें दिन शुरुआती कारोबार में ब्रेंड क्रूड 0.14 डॉलर यानी 0.18 फीसदी की उछाल के साथ 80.08 डॉलर प्रति बैरल पर ट्रेंड कर रहा है। वेस्ट टेक्सस इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 0.07 डॉलर यानी 0.09 फीसदी की बढ़त के साथ 75.98 यूएस डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है।

# स्विगी ने अमितेश झा को बनाया स्विगी इंस्टामार्ट का सीईओ

नयी दिल्ली। ऑन-डिमांड सुविधा प्लेटफॉर्म स्विगी ने कहा कि उसने अमितेश झा को स्विगी इंस्टामार्ट प्लेटफार्म का मुख्य अधिशासी (सीईओ) नियुक्त किया। स्विगी की एक विज्ञप्ति के अनुसार झा की नियक्ति चार सितंबर से प्रभावी होगी। अमितेश झा को ई-वाणिज्य क्षेत्र का बड़ा अनुभव है और पिछले दो दशक से अधिक समय में कई बड़ी कंपनियों में काम कर चुके हैं। स्विगी के सह-संस्थापक और स्विगी इंस्टामार्ट के वर्तमान सीईओ, फणी किशन, अब स्विगी की कारोबार वृद्धि देखने वाली केंद्रीय यूनिट के प्रभारी होंगे और स्विगी समूह के मुख्य अधिशासी श्रीहर्षा माजेती की निकटता के साथ काम करेंगे।

# जियो नेटवर्क पर चलता है दुनिया का 8 फीसदी मोबाइल डेटा ट्रैफिक

मुंबई। रिलायंस जियो दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल डेटा कंपनी बन गई है, अकेले जियो के नेटवर्क पर दुनिया का 8 फीसदी मोबाइल डेटा ट्रैफिक चलता है। यह आंकड़ा कितना बड़ा है इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यह विकसित बाजारों सहित सभी प्रमुख वैश्विक ऑपरेटरों से अधिक है। यह जानकारी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड की 47वीं वार्षिक आम बैठक में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कंपनी के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने दी।

उन्होंने कहा कि कंपनी का ग्राहक आधार और डाटा उपयोग लगातार बढ़ रहा है। मुकेश अंबानी ने कहा कि, रिलायंस जियो को लॉन्च हुए अभी 8 वर्ष ही हुए हैं और इन आठ वर्षों में उसने दुनिया की सबसे बड़ी मोबाइल डेटा कंपनी बनने का कारनामा कर दिखाया। डिजिटल होम सर्विस के मामले में भी जियो दुनिया की सबसे बड़ी कंपनियों में से एक है। जियो 3 करोड़ से अधिक घरों में डिजिटल सर्विस देती है। जियोएयरफाइबर का लक्ष्य हर 30 दिनों में 10 लाख घरों को जोड़ कर रिकॉर्ड 10 करोड़ घरों तक पहुँचना है।'

2 जी ग्राहकों को 4जी में लाने का रोडमैप भी मुकेश अंबानी ने पेश किया, उन्होंने कहा 'जैसे-जैसे 5फीसदी फोन अधिक किफायती होते जाएंगे, जियो के नेटवर्क पर 5त्न अपनाने की गति बढ़ेगी, जिससे डेटा खपत में और वृद्धि होगी। और जैसे-जैसे अधिक उपयोगकर्ता 5फीसदी नेटवर्क की ओर बढ़ेंगे, हमारे 4फीसदी नेटवर्क की क्षमता बढ़ती जाएगी। जिससे जियो भारत में 20 करोड़ से अधिक 2फीसदी उपयोगकर्ताओं को जियो के 4फीसदी परिवार में शामिल करने की स्थिति में होगा।

# सर्राफा बाजार में सस्ता हुआ सोना, चांदी में बदलाव नहीं

एजेंसी

नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में आज सोना मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहा है। हालांकि चांदी के भाव में आज कोई बदलाव नहीं हुआ है। आज की गिरावट की वजह से देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में आज 24 कैरेट सोना 73,390 रुपये से लेकर 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 67,290 रुपये से लेकर 67,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में बदलाव नहीं होने के कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज भी 88,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है।

देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 73,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 67,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं, देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 67,190 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में



24 कैरेट सोना आज 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 67,140 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है।

लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 73,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 67,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। वहीं, पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 73,290 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है, जबकि 22 कैरेट सोना 67,190 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह जयपुर में 24 कैरेट सोना 73,390 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 67,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में मामूली गिरावट आई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना आज 73,240 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 67,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।


# देश में बढ़ी अरबपतियों की संख्या, शाहरुख खान को भी मिली दौलतमंदों की सूची में जगह

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय अर्थव्यवस्था में आ रही मजबूती के कारण देश में अल्ट्रा रिच लोगों की संख्या में काफी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। देश में 100 करोड डॉलर या इससे अधिक संपत्ति वाले अरबपतियों की संख्या बढ़ कर 334 हो गई है। सालाना आधार पर अरबपतियों की संख्या में 29 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। ये बात इसलिए भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है, क्योंकि भारत में जहां अरबपतियों की संख्या में 29 प्रतिशत का इजाफा हुआ है, वहीं भारत के पड़ोसी देश और दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चीन में अरबपतियों की संख्या में इसी दौरान 25 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है।

हुरून इंडिया द्वारा जारी की गयी अमीरों की सूची में पहली बार बॉलीवुड अभिनेता शाहरुख खान को भी स्थान मिला है। आईपीएल टीम कोलकाता नाइट राइडर्स और बॉलीवुड की प्रोडक्शन कंपनी रेड चिलीज एंटरटेनमेंट के ओनर शाहरुख खान की संपत्ति 7,300 करोड़ रुपये आंकी गई है। हुरून इंडिया के फाउंडर अनस रहमान जुनैद का कहना है कि भारत पूरे एशिया में दौलतमंदों का गढ़ बनता जा रहा है। ये बात भारत में अरबपतियों की संख्या में हुई बढ़ोतरी से स्पष्ट रूप से पता चलती है। हुरून इंडिया की सूची में 1,539 ऐसे लोगों के नाम शामिल किए गए हैं, जिनके पास एक हजार करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति है। एक हजार करोड़ रुपये से अधिक संपत्ति वाले अरबपतियों की सूची में इस बार 272 नए नाम जेड़े हैं। अनस रहमान जुनैद का कहना है कि अरबपतियों की संख्या में हुई बढ़ोतरी भारतीय इकोनॉमी के मजबूत भविष्य की तस्वीर दिखाने वाली है। इस सूची को जारी करते हुए बताया गया है की पिछले साल हर 5 दिन के अंतर पर एक नए अमीर को इस सूची में जगह मिली है। नए अमीर के रूप में इस सूची से जुड़ने वाले लोगों में सबसे अधिक लोग मुंबई के हैं, जबकि नए अमीरों के मामले में दिल्ली दूसरे स्थान पर बना हुआ है। इसी तरह हैदराबाद अमीरों के मामले में तीसरे स्थान पर और बेंगलुरु अमीरों के मामले में चौथे स्थान पर इस सूची में अपनी जगह बनाने में सफल रहा है।






हुरून इंडिया की ओर से बताया गया है कि इस साल के अमीरों की सूची में 11 ऐसे लोगों का नाम भी शामिल है, जिनका जन्म 90 के दशक में हुआ है। मतलब ये 11 लोग अधिकतम 33 से 34 साल के हैं। सूची में शामिल अमीरों में सबसे कम उम्र कॉमर्शियल ऐप जेप्टो के फाउंडर कैवल्य वोहरा की है। कैवल्य वोहरा सिर्फ 21 साल की उम्र में ही इस सूची में अपना नाम शामिल करने में सफल रहे हैं। इसी तरह जेप्टो के ही को-फाउंडर आदित पालिचा सिर्फ 22 साल की उम्र में इस सूची में अपना स्थान बनाने में सफल रहे हैं।

# रिलायंस ने 1.7 लाख नई नौकरियां दीं, समूह में कर्मचारियों की संख्या 6.5 लाख

एजेंसी

नई दिल्ली/मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) मुकेश अंबानी ने कंपनी में नौकरियों में कटौती की खबरों को भ्रामक बताते हुए कहा कि समूह ने पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में 1.7 लाख लोगों को रोजगार दिए हैं। इसके साथ ही समूह में कर्मचारियों की कुल संख्या बढ़कर 6.5 लाख से ज्यादा हो गई है।

देश के जाने-माने उद्योगपति मुकेश अंबानी ने यहां एवं आरआईएल की 47वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) संबोधित करते हुए कहा कि इसमें जियो यूजर्स को 100 जीबी तक का फ्री क्लाउड स्टोरेज मिलेगा। आरआईएल और डिज्नी विलय पर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) की मंजूरी पर उन्होंने कहा कि यह भारत के मनोरंजन उद्योग में एक नए युग की शुरुआत



है। मुकेश अंबानी ने 47वीं एजीएम में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए कहा कि कंपनी नए ऊर्जा कारोबार में 75 हजार करोड़ रुपये निवेश करने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि आरआईएल हरित ऊर्जा की दिशा में कदम बढ़ाते हुए इस वर्ष अपना पहला सौर उपकरण बनाने का कारखाना शुरू करने की योजना बना रही है। वहीं, देश की अग्रणी खुदरा विक्रेता रिलायंस रिटेल की निदेशक ईशा अंबानी ने अपने संबोधन में कहा कि कंपनी अगले तीन से चार साल में अपने कारोबार को दोगुना करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। रिलायंस रिटेल ने वित्त वर्ष 2023-24 में 3.06 लाख करोड़ रुपये का सकल राजस्व अर्जित किया है, जो उसके एक साल पहले की तुलना में 17.8 फीसदी अधिक है।

उल्लेखनीय है कि बीते वित्त वर्ष 2023-24 की कंपनी की वार्षिक रिपोर्ट में कर्मचारियों की संख्या में खासी कमी आने की बात कही गई थी। हालांकि, आज 47वीं वार्षिक आम बैठक में रिलायंस प्रमुख ने इसको खारिज किया है।

# जियो ब्रेन पेश करेगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस : मुकेश अंबानी

मुंबई। रिलायंस इंडस्ट्रीज के प्रमुख मुकेश अंबानी ने बताया कि रिलायंस समूह की दूरसंचार एवं डिजिटल सेवायें देने वाली कंपनी जियो अपने एक विकसित किये जा रहे व्यापक आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस ( एआई ) प्लेटफार्म जियो ब्रेन के जरिये जल्द ही ग्राहकों के लिये एआई सुविधा पेश करने की तैयारी कर रही है। आरआईएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अंबानी ने आरआईएल शेयरधारकों 47वीं वार्षिक महासभा (एजीएम) में कहा कि जियो ब्रेन की नेटवर्क से जुड़ी एआई सुविधा विश्व स्तरीय इंफ्रा के साथ प्रस्तुत की जायेगी। इसे कंपनी एआई एवरीवेयर फॉर एवरीवन (हर जगह, हर एक को) के नारे के साथ पेश किया जायेगा।

उन्होंने बताया कि इसके लिये जियो की ओर से उपकरणों और प्लेटफार्मों का एक व्यापक सूट विकसित किया जा रहा है - जिसे 'जियो ब्रेन'का नाम दिया गया है।

अंबानी ने कहा, मुझे उम्मीद है कि रिलायंस के भीतर जियो ब्रेन को बेहतर बनाकर, हम एक शक्तिशाली एआई सेवा प्लेटफॉर्म बनायेंगे हम जामनगर में गीगावाट-स्केल एआई-तैयार डेटा सेंटर स्थापित करने की योजना बना रहे हैं, जो पूरी तरह से रिलायंस की हरित ऊर्जा से संचालित होगा। हमारा लक्ष्य यहीं भारत में दुनिया की सबसे किफायती एआई इंफ़रेंसिंग बनाना है। इससे भारत में एआई एप्लिकेशन ज़्यादा किफ़ायती हो जायेंगे औय यह सभी के लिए सुलभ हो जायेगा। इस मौके पर श्री अंबानी ने जियो एआई-क्लाउड वेलकम ऑफ़र की घोषणा की - इसमें सभी डिजिटल सामग्री और डेटा को सुरक्षित रूप से रखने और एक्सेस करने के लिये 100 जीबी तक का मुफ़्त क्लाउड स्टोरेज दिया जायेगा। जियो के चेयरमैन आकाश अंबानी ने कई नयी एआई सेवाओं की घोषणा की। इसमें जियो टीवीओएस, जेलोजियो, जियो होम आईओटी सॉल्युशन, जियोहोम ऐप और जियो फोन कॉल एआई शामिल हैं।

# गिफ्ट-आईएफएससी के अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंजों में प्रतिभूति सूचीबद्धता होगी आसान

एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्रालय के आर्थिक विभाग ने खास कर स्टार्टअप इकाइयों की सुविधा के लिये प्रतिभूति अनुबंध विनियमन नियम (एससीआरआर), 1956 में संशोधन ऐसे संशोधन किये हैं, जिससे भारतीय कंपनियों की प्रतिभूतियों को सीधे गांधीनगर के गिफ्ट अंतराष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र (गिफ्ट आईएफएससी ) के अंतर्राष्ट्रीय एक्सचेंजों पर सूचीबद्ध कराया जा सकेगा। यह जानकारी वित्त मंत्रालय की जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी है।

विज्ञप्ति में कहा गया है कि नये संशोधन से भारतीय स्टार्टअप और उभरते एवं प्रौद्योगिकी क्षेत्र की कंपनियों के लिए वैश्विक पूंजी तक आसान पहुंच सुनिश्चित होगी। मंत्रालय ने कहा है कि यह कदम यह संशोधन आईएफएससी में कुशल एवं विश्वस्तरीय नियामकीय एवं कारोबारी माहौल उपलब्ध कराने के लिये सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। इससे वैश्विक वित्तीय प्रणाली में भारत की स्थिति मजबूत होगी। नियमों के अनुसार गिफ्ट आईएफएससी के तहत अंतरराष्ट्रीय एक्सचेंजों पर पूरी तरह सूचीबद्ध होने की इच्छा रखने वाली भारत की सार्वजनिक कंपनियों के लिए न्यूनतम सार्वजनिक पेशकश एवं आवंटन निर्गम के बाद की पूंजी का कम से कम 10 प्रतिशत होगा। ऐसी कंपनियों के लिये सूचीबद्धता को बरकरार रखने के लिये भी 10 प्रतिशत न्यूनतम सार्वजनिक शेयरधारिता निर्धारित की गयी है, जैसा कि एससीआरआर के नियम 19 (2) (बी) और 19 ए में वर्णित है।

# कृषि और ग्रामीण मजदूरों के लिए खुदरा महंगाई दर जुलाई में घटी

नई दिल्ली। मजदूरों (सीपीआई-आरएल) के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जुलाई 2024 में सालाना और मासिक आधार पर घट कर क्रमशः 6.17 प्रतिशत और 6.20 प्रतिशत रही।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार कृषि मजदूरों और ग्रामीण मजदूरों से संबंधित अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (आधारः 1986-87=100) में जुलाई 2024 के दौरान 10-10 अंकों की वृद्धि दर्ज की गई और ये सूचकांक क्रमशः 1290 और 1302 के स्तर पर पहुंच गए। इस आधार पर जुलाई महीने में कृषि मजदूरों से संबंधित मुद्रास्फीति 6.17 प्रतिशत और ग्रामीण मजदूरों से संबंधी खुदरा मुद्रास्फीति 6.20 प्रतिशत थी। जुलाई, 2023 में मुद्रास्फीति के ये आंकड़े क्रमशः 7.43 प्रतिशत और 7.26 प्रतिशत थे। जून, 2024 में सीपीआई-एएल 7.02 प्रतिशत और सीपीआई-आरएल 7.04 प्रतिशत थी।

# अदाणी एंटरप्राइजेज का एनसीडी इश्यू चार सितंबर को खुलेगा

एजेंसी

अहमदाबाद। अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ( एईएल) का एनसीडी इश्यू चार सितंबर को खुलेगा और 17 सितंबर को बंद होगा। कंपनी की ओर से यहां जारी बयान के अनुसार एईएल की पेशकश में 80,00,000 गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) शामिल होंगे, जिनमें से प्रत्येक का अंकित मूल्य 1,000 रुपये होगा। बेस साइज इश्यू 400 करोड़ रुपये है, जिसमें अतिरिक्त 400 करोड़ रुपये (÷ग्रीन शू ऑप्शन÷) तक ओवर-सब्सक्रिप्शन बनाये रखने का विकल्प है, जो कुल मिलाकर 800 करोड़ रुपये (÷इश्यू÷ ) है। यह इश्यू चार सितंबर बुधवार को खुलेगा और 17 सितंबर मंगलवार को बंद होगा, जिसमें समय से पहले बंद करने या विस्तार का विकल्प भी शामिल है। एनसीडी के लिये प्रत्येक आवेदन के लिए न्यूनतम आवेदन आकार सामूहिक रूप से सभी श्रृंखलाओं में 10,000 रुपये होगा और उसके बाद 1,000 रुपये के गुणकों में होगा।

इश्यू से प्राप्त आय का उपयोग मुख्य रूप से हमारी कंपनी द्वारा लिये गये मौजूदा ऋण के पूर्व भुगतान या पुनर्भुगतान, पूर्ण या आंशिक रूप से (कम से कम 75 प्रतिशत) और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्यों (25 प्रतिशत तक) के लिये समय-समय पर संशोधित भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (गैर-परिवर्तनीय प्रतिभूतियों का निर्गम और सूचीकरण) विनियम, 2021 (सेबी एनसीएस विनियम) के अनुपालन में किया जायेगा। ट्रस्ट इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड, ए.के. कैपिटल सर्विसेज लिमिटेड और नुवामा वेल्थ मैनेजमेंट लिमिटेड इस इश्यू के प्रमुख प्रबंधक हैं। एनसीडी 24 महीने, 36 महीने और 60 महीने की अवधि में उपलब्ध हैं, जिसमें आठ श्रृंखलाओं में तिमाही, संचयी और वार्षिक ब्याज भुगतान विकल्प हैं।

उन्होंने बताया कि अदाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड ( एईएल), अदाणी समूह की प्रमुख कंपनी और बाजार पूंजीकरण के मामले में भारत के सबसे बड़े बिजनेस इन्क्यूबेटरों में से एक, जिसका 1993 से स्थायी बुनियादी ढांचा व्यवसाय बनाने का लंबा ट्रैक रिकॉर्ड है, ने सुरक्षित, रेटेड, सूचीबद्ध रिडीमेबल, गैर- परिवर्तनीय डिबेंचर के अपने पहले सार्वजनिक जारी करने की घोषणा की है। इस इश्यू के तहत जारी किये जाने वाले प्रस्तावित एनसीडी को केयर रेटिंग्स लिमिटेड द्वारा केयर ए पॉजिटिव (सिंगल ए प्लस; आउटलुकः पॉजिटिव) रेटिंग दी गई है। इन रेटिंग वाली प्रतिभूतियों को वित्तीय दायित्वों की समय पर सेवा के संबंध में पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करने वाला माना जाता है। ऐसी प्रतिभूतियों में कम क्रेडिट जोखिम होता है।

# सेंसेक्स हुआ 82 हजारी

एजेंसी

मुंबई। विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर ऊर्जा, एफएमसीजी और तेल एवं गैस समेत दस समूहों में हुई लिवाली की बदौलत सेंसेक्स लगातार आठवें दिन चढ़ते हुए आज पहली बार 82 हजारी हो गया।

बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 349.05 अंक की छलांग लगाकर पहली बार 82 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 82,134.61 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 99.60 अंक उछलकर 25,151.95 अंक के सार्वकालिक उच्चतम स्तर पर बंद हुआ। हालांकि दिग्गज कंपनियों के विपरीत बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों के शेयरों में बिकवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.27 प्रतिशत गिरकर 48,807.81 अंक और स्मॉलकैप 0.72 प्रतिशत लुढ़ककर 55,602.45 अंक रह गया।

इस दौरान बीएसई में कुल 4047 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1420 में तेज़ी जबकि 2531 में गिरावट रही



वहीं 96 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 28 कंपनियों में लिवाली जबकि 22 में बिकवाली का दबाव रहा। बीएसई के 10 समूहों में लिवाली हुई। इससे ऊर्जा 0.88, एफएमसीजी 0.58, वित्तीय सेवाएं 0.13, आईटी 0.18, दूरसंचार 0.44, ऑटो 0.32, बैंकिंग 0.05, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.10, तेल एवं गैस 0.91 और टेक समूह के शेयर 0.29 प्रतिशत चढ़ गए। वहीं, कमोडिटीज 0.60, इंडस्ट्रियल्स 0.89, यूटिलिटीज 0.51, कैपिटल गुड्स 0.89, पावर 0.72 और सर्विसेज समूह के शेयर 0.74 प्रतिशत गिर गए।

अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.32, जर्मनी का डैक्स 0.80 और हांगकांग का हैंगसेंग 0.53 प्रतिशत मजबूत रहा जबकि जापान का निक्केई 0.02 और चीन का शंघाई कम्पोजिट 0.50 प्रतिशत फिसल गया।

शुरूआती कारोबार में सेंसेक्स 37 अंक बढ़कर 81,822.56 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 81,682.78 अंक के निचले स्तर तक गिरा गया। वहीं, लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 82,285.83 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया, अंत में पिछले दिवस के 81,785.56 अंक के मुकाबले 0.43 प्रतिशत उछलकर 82,134.61 अंक हो गया।

वहीं, निफ्टी 17 अंक फिसलकर 25,035.30 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 24,998.50 अंक के निचले जबकि 25,192.90 अंक के उच्चतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 25,052.35 अंक की तुलना में 0.40 प्रतिशत मजबूत होकर 25,151.95 अंक पर बंद हुआ।इस दौरान सेंसेक्स की जिन कंपनियों ने लाभ कमाया उनमें टाटा मोटर्स 4.19, बजाज फिन सर्व 2.41, बजाज फाइनेंस 2.41, एचसीएल टेक 1.72, आईटीसी 1.57, रिलायंस 1.51, टेक महिंद्रा 1.39, मारुति 0.83, एसबीआई 0.64, हिंदुस्तान यूनिलीवर 0.63, भारती एयरटेल 0.63, नेस्ले इंडिया 0.46, एक्सिस बैंक 0.39, अडानी पोर्ट्स 0.38, इंडसइंड बैंक 0.27, एनटीपीसी 0.23, टाइटन 0.19, एचडीएफसी बैंक 0.13 और टीसीएस 0.08 प्रतिशत शामिल रही।

वहीं, महिंद्रा एंड महिंद्रा 1.11, जेएसडब्ल्यू स्टील 1.01, सन फार्मा 0.85, कोटक बैंक 0.74, टाटा स्टील 0.46, पावरग्रिड 0.36, इंफ़ोसिस 0.35, आईसीआईसीआई बैंक 0.18, एलटी 0.17, अल्ट्रासिमको 0.14 और एशियन पेंट के शेयर 0.06 प्रतिशत नुकसान में रहे।

# रिलायंस नए ऊर्जा कारोबार में करेगा 75000 करोड़ का निवेश : मुकेश अंबानी

मुंबई। पेट्रोलियम समेत विभिन्न क्षेत्रों में कारोबार करने वाली दिग्गज कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक मुकेश अंबानी ने आज कहा कि कंपनी नए ऊर्जा कारोबार में 75 हजार करोड़ रुपये तक निवेश करने के लिए तैयार है। श्री अंबानी ने यहां कंपनी की 47वीं वार्षिक आम बैठक में कहा कि रिलायंस के नए ऊर्जा कारोबार चालू होने के पांच से सात वर्षों में ही उतनी कमाई करने लगेगा, जितनी हमारा ऑयल टू कैमिकल कारोबार करता है। कंपनी न्यू एनर्जी बिजनेस में ?75,000 करोड़ तक के निवेश के लिए तैयार हैं।

आरआईएल अध्यक्ष ने नए ऊर्जा कारोबार के बारे में बताया और कहा, ÷जैव-ऊर्जा कारोबार तेजी से विस्तार कर रहा है और वर्ष 2025 तक 55 ऑपरेटिंग कंप्रेस्ड बायोगैस (सीबीजी) संयंत्र तक पहुंच जाएगा। इससे किसान अन्नदाता से ऊर्जादाता बन जाएंगे और ग्रामीण क्षेत्रों में 30,000 से अधिक प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी।

श्री अंबानी ने बताया कि कंपनी ने कच्छ में बंजर भूमि को पट्टे पर लिया है। इस बंजर भूमि में अगले 10 वर्षों में लगभग 150 अरब यूनिट बिजली पैदा होगी, जो भारत की ऊर्जा आवश्यकताओं के लगभग 10 प्रतिशत के बराबर होगी।

आरआईएल अध्यक्ष ने आगे कहा कि इस साल के अंत तक, हम अपने स्वयं के सौर फोटो-वोल्टाइक (पीवी) मॉड्यूल का उत्पादन शुरू कर देंगे। अगली तिमाहियों में, हम अपनी एकीकृत सौर उत्पादन सुविधाओं का पहला चरण पूरा कर लेंगे। इसमें मॉड्यूल, सेल, ग्लास, वेफर, इंगोट और पॉलीसिलिकॉन शामिल हैं, जिनकी शुरुआती वार्षिक क्षमता 10 गीगावाट है। हमने जामनगर में 30 गीगावॉट वार्षिक क्षमता वाली एक एकीकृत उन्नत रसायन-आधारित बैटरी विनिर्माण सुविधा का निर्माण शुरू कर दिया है। अगले साल की दूसरी छमाही तक उत्पादन शुरू हो जाएगा।

# रोज सुबह खाली पेट पिएं किशमिश का पानी, सेहत से जुड़ी कई परेशानियों से मिलेगा छुटकाराहृक्क



**सेहत का ख्याल रखने के लिए आप भी कोई आसान तरीका खोज रहे हैं तो आपको ये आर्टिकल जरूर पढ़ना चाहिए। खाली पेट किशमिश का पानी पीना सेहत के लिए काफी फायदेमंद (Benefits of Raisin Water on Empty Stomach) हो सकता है। किशमिश में कैल्शियम प्रोटीन एंटी-ऑक्सीडेंट्स और विटामिन पाए जाते हैं जिनसे कई स्वास्थ्य समस्याओं से बचाव करने में मदद मिलती है।**

सुबह की शुरुआत कुछ हेल्दी खाकर या पीकर की जाए, तो इससे अच्छा क्या हो सकता है। आखिरकार अंग्रेजी की कहावत "Health is Wealth÷ पर अमल करना कितना जरूरी है, ये तो पिछले कुछ सालों में सभी की समझ में आ गया है।

ऐसे में सेहत का ख्याल रखने के लिए आप रोज सुबह खाली पेट किशमिश का पानी पी सकते हैं। किशमिश में कई जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जिन्हें रातभर पानी में भिगोने से, उस पानी में भी इसके गुण आ जाते हैं। इस आर्टिकल में हम रोज सुबह खाली पेट किशमिश का पानी पीने के फायदों (Benefits of Raisin Water) के बारे में जानेंगे।

बॉडी डिटॉक्स

बॉडी को डिटॉक्स करना बेहद जरूरी होता है। ऐसा न करने पर लिवर पर काफी जोर पड़ता है, जिसके कारण उससे जुड़ी परेशानियां शुरू हो सकती हैं। ऐसे में किशमिश का पानी बॉडी डिटॉक्स करने में काफी मददगार साबित होता है। इसमें एंटी-ऑक्सीडेंट्स और अन्य तत्व पाए जाते हैं, जो शरीर के टॉक्सिन्स को बाहर निकालते हैं और लिवर को हेल्दी रखने में मदद करते हैं।

आयरन की मात्रा बढ़ती है

शरीर में आयरन की कमी एनीमिया की वजह बनती है। इसमें शरीर में रेड ब्लड सेल्स कम होने लगते हैं। ये परेशानी ज्यादातर महिलाओं में देखने को मिलती है। इस परेशानी से बचने में भी किशमिश का पानी कारगर साबित हो सकता है। किशमिश में आयरन पाया जाता है, जिससे शरीर में आयरन की कमी नहीं होती और एनीमिया की समस्या से बचाव होता है।

हाइड्रेशन

किशमिश के पानी में एंटी-ऑक्सीडेंट्स, पोटिशियम और अन्य पोषक तत्व भी शामिल होते हैं। इसलिए सुबह खाली पेट किशमिश का पानी पीने से न केवल प्यास बुझती है, बल्कि रात को हुई डिहाइड्रेशन भी दूर होती है। इस वजह से आप एक्टिव और फ्रेश महसूस करते हैं।

हड्डियों की मजबूती

बढ़ती उम्र के कारण हड्डियां कमजोर होने लगती हैं। खासकर महिलाओं में 30 के बाद बोन डेंसिटी कम होने की समस्या शुरू हो जाती है। इस परेशानी से बचने में किशमिश का पानी पीना फायदेमंद हो सकता है। किशमिश में कैल्शियम और पोटेशियम पाया जाता है, जो हड्डियों की मजबूती के लिए काफी जरूरी है। इसलिए सुबह खाली पेट किशमिश का पानी पीना सेहत के लिए काफी फायदेमंद है।

स्किन के लिए फायदेमंद

किशमिश में विटामिन-ए, ई और एंटी-ऑक्सीडेंट्स पाए जाते हैं। ये सभी त्वचा के लिए काफी फायदेमंद होते हैं। इसलिए रोज सुबह खाली पेट किशमिश का पानी पीने से स्किन हेल्दी रहती है और इससे जुड़ी समस्याएं, जैसे- एक्ने, फाइन लाइन्स आदि भी कम होते हैं।

# दो अरब लोगों को पोष्टिक आहार की दरकार

**दुनिया के देशों की सरकारें लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए गंभीर है। पर इसके प्रमुख कारणों में से सहज उपलब्धता, पहुंच का अभाव, सामर्थ्य यानी कि गरीबी या पर्याप्त आय नहीं होना है। सबसे अधिक वैश्विक स्तर पर हालातों से निपटने के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है।**



अंतरराष्ट्रीय खाद्य नीति अनुसंधान संस्थान आईएफपीआरआई द्वारा हाल ही में जारी वैश्विक खाद्य नीति रिपोर्ट इस मायने में और अधिक गंभीर हो जाती है कि लाख प्रयासों के बावजूद दुनिया की बहुत बड़ी आबादी को पोष्टिक आहार नहीं मिल पा रहा है। हालिया रिपोर्ट के अनुसार दुनिया की 2.2 अरब आबादी आज भी पोष्टिक आहार से वंचित है। इसके कारण कुपोषण बढ़ रहा है और लोग बीमारियों का आसान शिकार बन रहे हैं। मजे की बात यह है कि हमारी आदतों के कारण बहुत बड़ी मात्रा में एक और भोजन की बर्बादी हो रही है तो हमारी व्यवस्थाओं के चलते बड़ी मात्रा में या तो खाद्यान्न बेहतर रखरखाव के अभाव में खराब हो जाता है या फिर पोस्ट हार्वेस्टिंग गतिविधियों को विस्तारित व काश्तकारों तक तकनीक की पहुंच नहीं होने के कारण खराब हो जाता है।

यानी की एक और हमारी आदतों के कारण तो दूसरी और खाद्यान्नों को सहेज के रखने की सही व्यवस्थाओं के अभाव में बेकार हो जाता है और इसका सीधे सीधे खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

यह कोई पहला अवसर नहीं है जब इस तरह की रिपोर्ट जारी हो रही हो, बल्कि आईएफपीआरआई का यह सालाना कार्यक्रम है और पतिवर्ष इस तरह की रिपोर्ट जारी होती है। इसमें भी कोई दो राय नहीं कि हालात में सुधार हो रहा है पर जिस तरह का सुधार होना चाहिए था वह हो नहीं हो पा रहा है। यह किसी एक देश की समस्या हो ऐसा भी नहीं है, कमोबेस यह हालात दुनिया के अधिकांश देशों में हैं। हां अंतर इतना है कि कम आय वाले देशों में समस्या अधिक गंभीर है। यह तो साफ हो गया है कि कुपोषण के कारण या यों कहे कि पौष्टिक आहार की सहज उपलब्धता नहीं होने के कारण सीधे सीधे स्वास्थ्य पर असर पड़ रहा है। एक मोटे अनुमान के अनुसार यदि लोगों को पौष्टिक आहार मिलने लगे तो पांच में से एक जान तो आसानी से बचाई जा सकती है। पौष्टिक भोजन नहीं मिलने की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि 14.8 करोड़ बच्चे अविकसित हो रहे हैं तो 4.8 करोड़ बच्चे कम वजनी हो रहे हैं। केवल पौष्टिक आहार नहीं मिलने के कारण ही 50 लाख लोग डायबिटिज के शिकार हो रहे हैं। अधिक वजन और मोटापा आम होता जा रहा है। कुपोषण के कारण गैर संचारी बीमारियों की गिरफ्त आते जा रहे हैं।

हांलाकि दुनिया के देशों की सरकारें लोगों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए गंभीर है। पर इसके प्रमुख कारणों में से सहज उपलब्धता, पहुंच का अभाव, सामर्थ्य यानी कि गरीबी या पर्याप्त आय नहीं होना है। सबसे अधिक वैश्विक स्तर पर हालातों से निपटने के समन्वित प्रयासों की आवश्यकता है। दुनिया के देशों को मांग और आपूर्ति की व्यवस्था को भी देखना होगा। इस सबके साथ ही हमारी बदलती जीवन शैली जिसमें अपौष्टिक खाद्य व पेय पदार्थों का सेवन आम होता जा रहा है उस पर भी रोक लगानी चाहिए और जब तक सरकारों के प्रयास सफल नहीं होते तब तक हमें भी हमारी आदतों को सुधारने की पहल करनी ही होगी। इसके सब के साथ ही दुनिया के देशों के सिविक सेंस को भी सकारात्मक बनाना होगा। हांलाकि कई देशों में होटलों, रेस्ट्रा, सामूहिक आयोजनों सहित विभिन्न आयोजनों में भोजन की बर्बादी रोकने के लिए सक्रियता दिखाई है। पर यह ऊंट के मुंह में जीरे से अधिक नहीं है। ऐसे में हमें अन्न के एक एक दाने को बचाने की सोचना होगा। जिस तरह से पार्टियों में खाने की बर्बादी होने लगी हैं यह अपने आपमें गंभीर है। बुफे के खानें में इसको आसानी से देखा जा सकता है। भले ही यह हालात हमारे देश में हो कि आयोजनों में किस तरह से लोग बुफे स्टॉल पर टूट पड़ते हैं, खाने की प्लेट को एक ही बार में भर लेते हैं और फिर जूठन के रुप में डस्टबिन को समर्पित कर देते हैं। यह तस्वीर खाने की बर्बादी को दर्शा देती है। कमोबेस यह हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। अब सोचिये इस तरह से बर्बाद खाना कितने लोगों के पेट को भर सकता है। खाने का यह दुरुपयोग आसानी से रोका जा सकता है। इसके लिए प्रकृति या व्यवस्था को दोष नहीं दिया जा सकता।

इसी तरह से खेत खलिहान में व्यवस्थाओं के अभाव में होने वाली कृषि उत्पादों का नुकसान भी कम किया जा सकता है। इस तरह से अन्न और खाद्यान्नों दोनों की बर्बादी को रोका जा सकता है तो दूसरी और यह सब जरुरतमंद लोगों तक पहुंचाने के लिए विश्व खाद्य संगठन व इसी तरह की अन्य संस्थाएं आसानी से कर सकती है। सवाल सीधा सा है कि उपलब्ध खाद्यान्नों से ही समस्या को एक हद तक तो दूर किया ही जा सकता है। इसके साथ ही दुनिया के देशों की सरकारों को अन्य उपायों पर भी ध्यान देना होगा ताकि लोगों को पौष्टिक आहार मिल सके।

## संपादकीय

# झारखंड में भाजपा की रणनीति

झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापकों में से एक, शिबू सोरेन के साथी चंपई सोरेन भगवा पटका पहनने को तैयार हो चुके हैं। मंगलवार को चंपई सोरेन ने इस बात की पुष्टि कर दी कि वे भाजपा में शामिल होने जा रहे हैं। इसके बाद चंपई सोरेन का एक ट्वीट आया है, जिससे यह जाहिर हो रहा है कि श्री सोरेन अब पूरी तरह से भाजपा के खेमे में जा चुके हैं। चंपई सोरेन ने सोशल मीडिया पर लिखा है कि आज बाबा तिलका मांझी और सिदो-कान्हू की पावन भूमि संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ बहुत बड़ी समस्या बन चुका है। इससे दुर्भाग्यपूर्ण क्या हो सकता है कि जिन वीरों ने जल, जंगल व जमीन की लड़ाई में कभी विदेशी अंग्रेजों की गुलामी स्वीकार नहीं की, आज उनके वंशजों की जमीनों पर ये घुसपैठिए कब्जा कर रहे हैं। इनकी वजह से फूलो-झानो जैसी वीरांगनाओं को अपना आदर्श मानने वाली हमारी माताओं, बहनों व बेटियों की अस्मत खतरे में है।चंपई सोरेन ने इस लंबे ट्वीट में लिखा कि आदिवासियों एवं मूलवासियों को आर्थिक तथा सामाजिक तौर पर तेजी से नुकसान पहुंचा रहे इन घुसपैठियों को अगर रोका नहीं गया, तो संथाल परगना में हमारे समाज का अस्तित्व संकट में आ जायेगा। पाकुड़, राजमहल समेत कई अन्य क्षेत्रों में उनकी संख्या आदिवासियों से ज्यादा हो गई है। राजनीति से इतर, हमें इस मुद्दे को एक सामाजिक आंदोलन बनाना होगा, तभी आदिवासियों का अस्तित्व बच पाएगा। चंपई सोरेन ने आगे लिखा है कि आदिवासियों के मुद्दे पर सिर्फ भाजपा ही गंभीर दिखती है और बाकी पार्टियां वोटों की खातिर इसे नजरअंदाज कर रही है। इसलिए आदिवासी अस्मिता एवं अस्तित्व को बचाने के इस संघर्ष में उन्होंने भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का फैसला लिया है।यानी जो बात घुसपैठ की समस्या और आदिवासियों की अस्मत से शुरु हुई थी, वो आखिर में इस बिंदु पर आकर खत्म हुई कि क्यों भारतीय जनता पार्टी से जुड़ने का उनका फैसला सही था। राजनीति में यह पहला दल बदल नहीं है, जिस पर अब आश्चर्य हो। इसलिए श्री सोरेन इतना स्पष्टीकरण नहीं भी देते तो कोई फर्क नहीं पड़ता। लेकिन राजनीति की जिस पृष्ठभूमि से चंपई सोरेन आए हैं, उसमें वे शायद खुद भी अब तक भाजपा में अपने प्रवेश को लेकर सहज नहीं हुए हैं। दरअसल पिछले 10-15 दिनों से झारखंड में यह हलचल रही थी कि चंपई सोरेन किस तरह अपनी नाराजगी को जाहिर करेंगे। जब हेमंत सोरेन को भूमि घोटाले में आरोपी बनाकर गिरफ्तार किया गया था, उस वक्त गिरफ्तारी से पहले इस्तीफा देकर हेमंत सोरेन ने अपनी जगह चंपई सोरेन को मुख्यमंत्री बनाया था, ताकि भाजपा को सत्ता हथियाने का मौका न मिले। हेमंत सोरेन की यह रणनीति काम कर गई और चंपई सोरेन ने सदन में विश्वासमत भी हासिल कर लिया। इसके बाद लोकसभा चुनावों के दौरान हेमंत की पत्नी कल्पना सोरेन के साथ चंपई सोरेन ने झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया गठबंधन के लिए प्रचार भी किया। जून के आखिरी में हेमंत सोरेन को जमानत मिल गई और जुलाई में उन्होंने फिर से मुख्यमंत्री का पद संभाल लिया। चंपई सोरेन पूर्व मुख्यमंत्री बन गए और तभी से उनकी नाराजगी बढ़ने लगी। कयास लग रहे थे कि चंपई सोरेन भाजपा में जा सकते हैं, लेकिन खुद उन्होंने इससे इंकार किया था। जब पिछले दिनों वे दिल्ली आए, तब उन्होंने कहा कि चश्मे का नंबर ठीक करवाने आया हूं। मगर मंगलवार को उनकी अमित शाह और हिमंता बिस्वासरमा के साथ तस्वीर सामने आई। खुद हिमंता बिस्वासरमा ने बता दिया कि चंपई सोरेन 30 अगस्त को भाजपा में शामिल हो रहे हैं और अब चंपई सोरेन ने भी इस बात को स्वीकार कर लिया है।भाजपा के नजरिए से यह बड़ी जीत है, क्योंकि झारखंड मुक्ति मोर्चा और इंडिया गठबंधन में दरार डालने की उसकी कोशिश आखिरकार सफल हुई। चंपई सोरेन को कोल्हान टाइगर कहा जाता है, कोल्हान क्षेत्र में उनकी अच्छी पकड़ी है और यहां की कम से कम 14 विधानसभा सीटों पर इस दलबदल का असर पड़ सकता है। भाजपा के हाथों से पिछली बार झारखंड की सत्ता फिसल गई थी, तब प्रधानमंत्री मोदी ने कपड़ों से पहचानने वाला विभाजनकारी बयान दिया था, उसका लाभ भी भाजपा को नहीं मिला था। इस बार भाजपा ने बांग्लादेशी घुसपैठियों का मुद्दा उठा लिया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा असम में इस मुद्दे को भुनाते ही रहते हैं, अब उन्हें झारखंड का प्रभारी बनाया गया है, तो वे यहां भी बांग्लादेशी घुसपैठियों को प्रमुख मुद्दा बना रहे हैं। चंपई सोरेन को भाजपा में लाने के पीछे श्री बिस्वासरमा की ही काफी मेहनत रही है, ऐसा माना जा रहा है। हो सकता है इस रणनीति से भाजपा को फायदा मिले। और अगर भाजपा सत्ता में आती है, तो यह छत्तीसगढ़ और ओडिशा के बाद उसकी एक बड़ी व्यापारिक जीत भी कही जा सकती है। क्योंकि पूंजीपतियों के हितों को साधने में प्राकृतिक संपदा के धनी राज्यों पर सत्ता काबिज करना पहली शर्त है, ताकि मनमाने दोहन में कोई अड़चन न आए।

सवाल यही है कि चंपई सोरेन ने आदिवासी अस्मिता और हितों की रक्षा की जो उम्मीदें भाजपा से लगाई हैं, क्या वे पूरी होंगी। क्या प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के लोग आदिवासियों को वनवासी बोलना छोड़ेंगे।

# आम आदमी पार्टी की प्रमुख नेता के रूप में उभरीं सुनीता केजरीवाल



सुनीता राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी जैसी अन्य पार्टियों से बातचीत कर रही हैं और उन्होंने विपक्ष के शीर्ष नेताओं तक पहुंच बना ली है। उम्मीदवारों के चयन और गठबंधन बनाने की उनकी रणनीति आम आदमी पार्टी के भविष्य के गठबंधनों पर निर्भर करती है। दिल्ली में तीसरी बार सत्ता में आने के लिए आप के लिए सत्ता विरोधी लहर पर काबू पाना चुनौतीपूर्ण है।किसने सोचा था कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल आम आदमी पार्टी में स्वीकार्य नेता के रूप में उभरेंगी! इस साल 21 मार्च से शराब घोटाले में अपने पति के जेल जाने के बाद दिल्ली की राजनीति में उनकी बढ़ती भागीदारी विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। वह अपने पर्ि और पार्टी के बीच एक महत्वपूर्ण कड़ी बन गयी हैं।हाल ही में हुए लोकसभा और विधानसभा चुनावों ने उन्हें अपनी क्षमता दिखाने का अवसर दिया। यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि केजरीवाल के जमानत पर रिहा होने के बाद वह पार्टी के लिए काम करना जारी रखेंगी या नहीं।राजनीतिक परिवारों की महिलाएं अक्सर अपने रिश्तेदारों के विकल्प के रूप में राजनीति में प्रवेश करती हैं। एक सफल उदाहरण सोनिया गांधी हैं। वह सिंहासन के पीछे की शक्ति थीं। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव की पत्नी राबड़ी देवी ने 2000 से 2005 तक बिहार की मुख्यमंत्री के रूप में कार्य किया। लालू को एक घोटाले में कथित संलिप्तता और अदालत द्वारा दोषी ठहराये जाने के कारण इस्तीफा देना पड़ा था। राबड़ी देवी केवल एक रबर स्टाम्प थीं, जबकि उनके पति वास्तविक मुख्यमंत्री थे।

हो सकता है कि वह राजनीति में नौसिखिया हों, लेकिन सुनीता अपने साथ बहुत अनुभव और ठोस पेशेवर पृष्ठभूमि लेकर आई हैं। आयकर विभाग में उनका 22 साल का कार्यकाल, जो आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आईटीएटी) में आयकरआयुक्त के रूप में समाप्त हुआ, उनकी योग्यता को दर्शाता है।सुनीता ने अपने पति केजरीवाल का समर्थन किया, यहां तक कि इंडिया अगेंस्ट करप्शन आंदोलन के दौरान भी जब वे एक राजनीतिक नेता और कार्यकर्ता बन गये। केजरीवाल ने खुद को एक पारिवारिक व्यक्ति के रूप में पेश किया और चुनावों के दौरान सुनीता के साथ प्रचार किया।आम आदमी पार्टी में सुनीता की बढ़ती भागीदारी, विशेष रूप से केजरीवाल के कारावास के बाद, उनकी प्रतिबद्धता और दृढ़ संकल्प को दर्शाती है। केजरीवाल भारतीय इतिहास में एकमात्र ऐसे मुख्यमंत्री हैं जिन्होंने अपनी गिरफ्तारी के बाद भी अपने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने से इनकार कर दिया। केजरीवाल के इस्तीफा देने पर उनके उत्तराधिकारी बनने की अटकलें लगाई जा रही हैं।

दूसरी बात, सुनीता का नेतृत्व महत्वपूर्ण है। वह ऐसे समय में आई हैं, जब आम आदमी पार्टी संकट से जूझ रही है। हरियाणा में अगले महीने विधानसभा चुनाव होने हैं और दिल्ली में जनवरी 2025 में चुनाव होने हैं। कई वरिष्ठ नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं। केजरीवाल की गिरफ्तारी ने पार्टी की चुनौतियों को और बढ़ा दिया है। केंद्र ने उन्हें लंबे समय तक पद पर बने रहने दिया और संवैधानिक विफलता के आधार पर उनकी सरकार को बर्खास्त नहीं किया।केजरीवाल के उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया का कहना है कि केजरीवाल के जेल से बाहर आने के बाद पार्टी में सुनीता की भूमिका खत्म हो जायेगी। सिसोदिया को पिछले साल आबकारी नीति मामले में भी गिरफ्तार किया गया था। आप सांसद संजय सिंह का दावा है कि केजरीवाल के संदेशवाहक के रूप में सुनीता की भूमिका बढ़ रही है। फिर भी, केजरीवाल का कहना है कि सुनीता की राजनीति में कोई रुचि नहीं है।तीसरा, हालांकि सुनीता को कामचलाऊ विकल्प के तौर पर देखा जा सकता है, लेकिन पार्टी में उनके बढ़ते प्रभाव के कारण उन्हें किनारे करना चुनौतीपूर्ण है। केजरीवाल के वापस आने पर भी पार्टी में सुनीता की भूमिका महत्वपूर्ण बनी रहेगी।

चौथा, पार्टी नेतृत्व के संकट का सामना कर रही है। आगामी हरियाणा और दिल्ली चुनावों के मद्देनजर आप को एक विश्वसनीय नेता और एक अच्छे प्रचारक की जरूरत है। सुनीता एक अच्छी प्रचारक के रूप में उभरी हैं। वह महिलाओं के बीच लोकप्रिय हैं। वह एक अच्छी वक्ता भी हैं।पांचवां, आप के सदस्यों ने सुनीता को कड़ी के रूप में स्वीकार किया है, हालांकि सुनीता के पास आप में कोई आधिकारिक पद नहीं है। उन्होंने 2024 के लोकसभा चुनावों के दौरान प्रचार किया और अभी हरियाणा में प्रचार शुरू किया है। वह मोदी सरकार और भाजपा पर तीखे प्रहार कर रही हैं। उनका बचाव यह था कि कुछ राजनीतिक ताकतें उनके पति को बदनाम करने में शामिल हैं।

विपक्षी इंडिया गठबंधन ने सुनीता की बढ़ती भागीदारी और स्वीकार्यता को स्वीकार किया है। हाल ही में रामलीला मैदान में हुई रैली में वह सोनिया गांधी के साथ प्रमुख स्थान पर बैठी थीं। सुनीता ने आगामी हरियाणा विधानसभा चुनावों के लिए %केजरीवाल की पांच गारंटी% के साथ अपना अभियान शुरू किया है। इनमें मुफ्त बिजली, चिकित्सा, शिक्षा, महिलाओं के लिए 1,000 डॉलर मासिक सहायता और युवाओं को रोजगार शामिल हैं। उन्होंने आप सरकार की पहल की सराहना की और लोगों से आप को वोट देने का आग्रह किया।

सुनीता के कुछ नकारात्मक पक्ष भी हैं। केजरीवाल की राजनीतिक सफलता के बावजूद, सुनीता की राजनीतिक परीक्षा नहीं हुई है। वह पार्टी को बरकरार रख पाती हैं या नहीं, यह अभी तय नहीं हो पाया है। उनका सीमित उद्देश्य जेल से केजरीवाल का संदेश पहुंचाना और आगामी चुनावों के लिए प्रचार करना है।

सुनीता राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी जैसी अन्य पार्टियों से बातचीत कर रही हैं और उन्होंने विपक्ष के शीर्ष नेताओं तक पहुंच बना ली है। उम्मीदवारों के और गठबंधन बनाने की उनकी रणनीति आम आदमी पार्टी के भविष्य के गठबंधनों पर निर्भर करती है। दिल्ली में तीसरी बार सत्ता में आने के लिए आप के लिए सत्ता विरोधी लहर पर काबू पाना चुनौतीपूर्ण है।

जब केजरीवाल वापस आयेंगे, तो उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि पार्टी नियंत्रण में हो और जनता में उनकी छवि खराब न हो। उन्हें पंजाब पर भी नजर रखनी होगी, जहां आप सत्ता में है। उन्हें पार्टी और सरकार के बीच कमान की एक कड़ी सुनिश्चित करनी होगी। उन्हें नेताओं की दूसरी पंक्ति विकसित करनी होगी।उन्होंने किसी भी नेता को उभरने नहीं दिया है। उन्हें अपनी टीम को एकजुट रखने और लाभ के अपने वायदों का वास्तविक रूप से मूल्यांकन करने की आवश्यकता है। हरियाणा और दिल्ली में आगामी चुनावों के परिणाम आप के भविष्य के राजनीतिक परिदृश्य को महत्वपूर्ण रूप से आकार दे सकते हैं। परिणाम बतायेंगे कि सुनीता सफल होती हैं या नहीं।



# कॅरियर के लिए अच्छा ऑप्शन हो सकता है कुकिंग और बेकरी का कोर्स

**जायकेदार खाना बनाने की कला के जरिए आप एक छोटे लोकल पब से लेकर फाइव स्टार या फिर इंटरनेशनल होटल में अपनी जगह बना सकते हैं**

जायकेदार खाना बनाने की कला के जरिए आप एक छोटे लोकल पब से लेकर फाइव स्टार या फिर इंटरनेशनल होटल में अपनी जगह बना सकते हैं.बस दिखाना है अपनी उंगलियों का कमाल, बनाना है ऐसा खाना की सामने वाला सिर्फ खाना ही नहीं बल्कि उंगलियां भी चाटता रह जाएं.अगर आपका इंट्रेस्ट कुकिंग, बेकिंग और लजीज खाना बनाने में है, अगर आप डिफरेंट डिशेज के साथ एक्सपेरिमेंट करना पसंद करते हैं तो एक नया कॅरियर ऑप्शन आपके इंतजार में हैं.होटल मैनेजमेंट में इन दिनों कॅरियर बनाने के कई ऑप्शन मौजूद हैं और उनमें से एक है कुकिंग एंड बेकरी

**प्रकृति :** कुकिंग और बेकरी का कोर्स आपके लिए एक अच्छा ऑप्शन बन सकता है, यदि आप एक बेहतर शेफ बनाना चाहते हैं.खाने की सम्पूर्ण जिम्मेदारी से लेकर किचन का रख-रखाव शेफ की निगरानी में होता है।हालांकि कई बार शेफ को फ्रंट में भी आना पड़ता है.ये एक मैनेजरियल एक्टिविटी का ही हिस्सा होता है, ताकि उसे पता चल सके कि लोगों को क्या पसंद है.और उसके अनुरूप वो लोगों के लिए वही डिश तैयार करे ताकि लोग बार-बार स्वाद लेने के लिए बरबस पहुंच जाए.

**कोर्स :** बीएससी इन हॉस्पिटैलिटी एंड होटल एडमिनिस्ट्रेशन, डिप्लोमा इन कुकरी, क्राफ्टसमैनशिप कोर्स इन फूड एंड बेवरेज सर्विस मैनेजमेंट, सर्टिफिकेट कोर्स इन कुकरी, सर्टिफिकेट कोर्स इन कुकरी फॉर होम मेकिंग, डिप्लोमा इन बेकरी एंड कंफेक्शनरी जैसे कोर्स कर कुकिंग और बेकरी में करियर बना सकते हैं.

**अवसर :** कुकिंग और बेकरी होटल मैनेजमेंट का एक अहम पार्ट है.इसमें करियर के कई अवसर हैं.सबसे अहम है फूड एंव बेवरेज डिविजन सर्विस के अलावा बतौर शेफ बनकर करियर को रौशन कर सकते हैं.मुख्य तौर पर होटल, रेस्तरां, क्रूज, टूरिज्म एसोसिएन, एयरलाइन कैटरिंग और केबिन सर्विस, क्लब मैनेजमेंट, लॉज, गेस्ट-हाउस भी होटल मैनेजमेंट पासआउट प्रोफेशनल्स ही चलाते है.बेकर्स के लिए भी जॉब के ऑप्शन्स की कमी नहीं है.बेकरी, हॉट ब्रेड शॉप, डिपार्टमेंटल स्टोर्स, होटल और कैफे में भी बेकर्स की काफी डिमांड है.पूरी दुनिया में टूरिज्म और एविएशन ने होटल बिजनेस के लिए अवसरों को बहुत बड़ा बना दिया है ।आने वाले समय में होटल इंडस्ट्री में जॉब की कमी नहीं होगी.इसके अलावा आप धीरे-धीरे खुद का होटल, बेकरी शॉप, रेंस्तरां य फिर कैटरिंग बिजनेस भी शुरु कर सकते हैं, ऐसा कहना है एलबीआईआईएचएम के डायरेक्टर कमल कुमार का

**योग्यता :** कुकिंग और बेकरी में सर्टिफिकेट कोर्स, डिप्लोमा व डिग्री कर सकते हैं.इन पाठ्यक्रमों में एडमिशन के लिए किसी भी मान्यता प्राप्त बोर्ड या विविद्यालय से 12वीं या स्नातक होना जरूरी है.12वीं में अंग्रेजी एक अनिवार्य विषय के रूप में होनी चाहिए.इस इंडस्ट्री में कामयाब होने के लिए कुछ व्यक्तिगत गुणों का होना भी जरूरी है जैसे मृदुभाषी होना।द्विभाषी (अंग्रेजी, हिन्दी) का ज्ञान हो तो और भी बेहतर.बेहतर पर्सनैलिटी, सुनने-समझने की अच्छी आदत, समस्याओं को सुलझाने की योग्यता, लीडरशिप और मैनेजरियल स्किल भी बेहद जरूरी है



# जॉब के साथ-साथ पढ़ाई करने की सहूलियत देता है डिस्टेंस एजुकेशन



**डिस्टेंस एजुकेशन प्रोग्राम स्टूडेंट्स को ऑनलाइन पढ़ने की सुविधा तो देते हैं, लेकिन इसकी क्रेडिबिलिटी को लेकर कंफ्यूज रहने के कारण स्टूडेंट्स इसे चुनने का निर्णय नहीं ले पाते। स्टूडेंट्स की इसी समस्या को दूर करने के लिए हम कर रहे हैं इसके हर पहलू का विश्लेषण।**

डिस्टेंस एजुकेशन प्रोग्राम स्टूडेंट्स को जॉब के साथ-साथ पढ़ाई करने की सहूलियत देता है । लेकिन बावजूद इसके कई स्टूडेंट्स इसकी वैल्यू को लेकर कन्फ्यूज्ड रहते हैं ।यह मोड ऑफ एजुकेशन स्टूडेंट्स के लिए कितना बेनिफीशियल हो सकता है, यह पूरी तरह से स्टूडेंट पर ही निर्भर करता है ।अगर आप भी डिस्टेंस मोड से हायर एजुकेशन पाने को लेकर कन्फ्यूज्ड हैं तो जानें डिस्टेंस लर्निंग प्रोग्राम की पूरी अनालिसिस ताकि आपके लिए डिसीजन लेना आसान हो जाए ।

## डिस्टेंस एजुकेशन के लाभ

### लचीलापन

फ्लेक्सिबल होने से वर्किंग प्रोफेशनल्स के लिए यह फायदेमंद है ।ऐसे स्टूडेंट्स जिन्हें काम के कारण अपनी पढ़ाई छोड़नी पड़ी या जो दूसरे शहर जाकर नहीं पढ़ सकते हैं, वो इसका फायदा उठा सकते हैं ।

### समय व ऊर्जा की बचत

अगर आप गांव या कस्बे में रहते हैं, जहां हायर एजुकेशन के लिए अच्छे कॉलेज नहीं हैं, तो डिस्टेंस मोड अच्छा ऑप्शन है ।

### कोई दबाव नहीं

कॉन्सेप्ट समझने और याद करने की हर स्टूडेंट की अपनी एबिलिटी होती है ।इसमें आप को प्रेशर या कांपीटिशन का दबाव महसूस नहीं होता है ।

### आर्थिक रूप से किफायती

रेग्युलर कोर्सेस की अपेक्षा इसके कोर्सेस सस्ते होते हैं साथ ही कॉलेज जाने या दूसरे शहर में रहकर पढ़ने का खर्चा भी बचता है ।

### सुविधाजनक

आप घर या ऑफिस कहीं से भी ऑनलाइन अपना असायनमेंट सब्मिट कर सकते हैं ।

### समय की सुविधा

आपको जब समय मिले, तब आप ऑनलाइन लेक्चर्स अटैंड कर सकते हैं ।वर्चुअल क्लासमेट्स से डिस्कस कर डाउट्स क्लियर कर सकते हैं ।

### कहीं से भी शुरू करें

आपको स्टडी मटैरियल प्रोवाइड किया जाता है । आप चाहे जिस टॉपिक से अपनी स्टडी शुरू कर सकते हैं ।






# बहुत मायने रखता है जो दिखता है वह बिकता है का कॉन्सेप्ट

'जो दिखता है वह बिकता है'' का कॉन्सेप्ट मॉल कल्चर के लिए बहुत मायने रखता है ।दुकानों के सामने सिर्फ डिस्प्ले लगाने का दौर अब नहीं रहा ।शो-रूम्स में हर चीज इतनी सलीके से रखी हुई मिलती हैं कि कस्टमर कोई वस्तु खरीदने जाता है, जो अन्य चीजें भी आकर्षित करने लगती हैं ।सेल्समैन से कुछ भी पूछने की जरूरत नहीं पड़ती । दरअसल, यह सब विजुअल मर्चेंडाइजिंग का कमाल है, जो अपने आप पूरी एक साइंस है यानी स्टोर में प्रोडक्ट को कैसे डिस्प्ले करना है? वॉल पर क्या कल अच्छा लगेगा? कैसे टारगेट कस्टमर को दुकान या स्टोर के अंदर लाया जाए. इत्यादि ।इसीलिए विजुअल मर्चेंडाइजर को 'साइलेंट सेलर'' भी कहा जाता है ।रिटेल स्टोर और मल्टी स्टोर का चलन बढ़ने से इस प्रोफेशन की डिमांड बहुत बढ़ गई है ।

## प्रोफेशनल थीम का जमाना

विजुअल मर्चेंडाइजिंग प्रेजेंटेशन का एक आर्ट है, जिससे किसी चीज की छवि बनाई जाती है ।दरअसल, यह मार्केटिंग का ही दूसरा रूप है ।एक विजुअल मर्चेंडाइजर का मुख्य ध्येय कस्टमर को प्रोडक्ट के प्रेजेंटेशन के जरिए लुभाना और उन्हें खरीददारी के लिए प्रोत्साहित करना है, ताकि सेल्स में बढ़ोत्तरी हो ।ऐसा करने के लिए स्टोर में चीजों को क्रिएटिव ढंग से लगाना, विंडो डिस्प्ले, विजुअल डिस्प्ले, कलर ब्लॉकिंग, काउंटर तथा इन-काउंटर डिस्प्ले जैसे तमाम तरीके इस्तेमाल किए जाते हैं ।मॉल का स्टोर के लिए पिक्चर, ब्रोशर और पोस्टर भी यही लोग तैयार करते हैं ताकि कस्टमल से बिना कुछ बोले कम्युनिकेट किया जा सके ।ऐसे प्रोफेशनल थीम के अनुसार अपनी स्ट्रेटेजी बदलते रहते हैं ।मसलन, किस मौसम में क्या विंडो थीम रखना है? होली, दीपावली जैसे त्योहारों पर या वैलेंटाइन जैसे मौकों पर स्टोर की विंडो थीम क्या होनी चाहिए?

## जॉब के अवसर

देश में रिटेल सेक्टर तेजी से विकास कर रहा है ।ऑनलाइन शॉपिंग कल्चर भी बढ़ रहा है ।वॉलमार्ट, आइटीसी, शॉपर्स स्टॉप, पैंटालून, तनिष्क और टाइटन जैसे ग्रुप छोटे से लेकर बड़े शहरों में दिनोंदिन मल्टीस्टोर खोल रहे हैं ।इसलिए विजुअल मर्चेंडाइजर्स के लिए यहां जॉब की संभावनाएं भी बहुत हैं ।मॉल्स, फैशन बूटीक्स, फाइव स्टार होटल्स और रेस्टोरेंट में भी ऐसे प्रोफेशनल्स की भारी डिमांड है । विजुअल मर्चेंडाइजिंग के जानकारों के लिए एम्पोरिया, डिजाइन कंपनी, आर्किटेक्चर फर्म तथा थीम पार्टी ऑर्गेनाइजिंग कंपनीज में भी जॉब के तमाम अवसर हैं ।युवा चाहें, तो पार्टटाइम के रूप में फ्रीलांसिंग भी कर सकते हैं ।

## करियर स्कोप

विजुअल मर्चेंडाइजर के लिए करियर स्कोप सिर्फ रिटेल सेक्टर में ही नहीं है ।ऐसे प्रोफेशनल्स की वैल्यू ई-कॉमर्स कंपनियों में भी बहुत है, जहां ये स्नैपडील, अमेजन जैसी कंपनियों की वेबसाइट का लुक तैयार करते हैं ।प्रोडक्ट डिस्प्ले पर काम करते हैं ।इसी तरह रेस्टोरेंट और कैफे में आजकल सीजनल थीम तय करने का काम यही प्रोफेशनल्स कर रहे हैं ।इनके हिसाब से ही खाने-पीने की चीजें कस्टमर को परोसे जाते हैं । स्टोर्स में भी प्रोडक्ट डिस्प्ले के लिए इनकी सेवाएं ली जा रही हैं ।अच्छी डिजाइनिंग और फैशन सेंस रखने की वजह से टेक्सटाइल इंडस्ट्री में भी इनके लिए स्कोप लगातार बढ़ रहे हैं ।

## जॉब ग्रोथ

इस फील्ड में ग्रोथ बहुत है ।अपने काम के आधार पर आप असिस्टेंट लेवल से लेकर क्लस्टर मैनेजर और ब्रांच मैनेजर तक बन सकते हैं ।कई बड़ी कंपनियों की डिप्स्ले टीम में ऐसे प्रोफेशनल शॉप फ्लोर मैनेजर, स्टोर विजुअल मर्चेंडाइजिंग को ऑर्डिनेटर, फ्रीलांस विजुएल डिस्प्ले पर्सन, रिटेल विजुअल मर्चेंडाइजर और असिस्टेंट के तौर पर अपनी सेवाएं देते हैं ।

## क्वॉलिफिकेशन

विजुअल मर्चेंडाइजिंग फील्ड में प्रवेश के लिए रिटेल या फैशन मर्चेंडाइजिंग का बैकग्राउंड होना जरूरी है । ग्रॉफिक डिजाइनिंग के जानकार भी यहां करियर बना सकते हैं । वर्तमान में कई इंस्टीट्यूट विजुअल मर्चेंडाइजिंग या फैशन कम्युनिकेशन में डिग्री, डिप्लोमा या सर्टिफिकेट कोर्स ऑफर कर रहे हैं ।डिप्लोमा कोर्स युवा ग्रेजुएशन के बाद कर सकते हैं । वहीं, डिग्री प्रोग्राम के लिए किसी भी स्ट्रीम से टेन प्लस टू उत्तीर्ण होना अनिवार्य है । विजुअल मर्चेंडाइजिंग कोर्स के अंतर्गत स्टूडेंट को रिटेल स्टोर के लेआउट, डिजाइन स्टोर डिस्प्ले, प्रोडक्ट प्रेजेंटेशन, इंटीरियर डेकोरेशन आदि की जानकारी दी जाती है ।

## सैलरी पैकेज

रिटेलिंग फील्ड में विजुअल मर्चेंडाइजर को काफी आकर्षक सैलरी मिलती है ।करियर के शुरुआती दिनों में ऐसे प्रोफेशनल्स को 3.5 लाख रुपए तक सैलरी पैकेज आसानी से मिल जाता है ।योग्यता और अनुभव के बल पर दो से तीन वर्षों बाद आपका सेलरी पैकेज 4 से 5 लाख रुपए तक पहुंच जाता है ।बड़ी कंपनियों में यह पैकेज और भी अधिक हो सकता है ।फ्रीलांसर के रूप में भी इस फील्ड में अच्छी कमाई है ।

## प्रेजेंटेशन पर बढ़ता जोर

देश की जीड़ीपी बढ़ रही है । खाने-पीने की सुविधा अब बहुत हो गई है ।लोगों की स्पेंडिंग कैपिसिटी भी बढ़ गई है । वीकेंड पर घूमने-फिरने का चलन बढ़ रहा है ।स्टैंडर्ड लाइफस्टाइल मैंटेन किया जा रहा है ।यही वजह है कि देश और विदेश के बड़े ग्रुप के रिटेल स्टोर तेजी से खुल रहे हैं । और उनका विस्तार भी हो रहा है ।इनमें प्रतिस्पर्धा भी बढ़ रही है ।इसलिए बेहतरीन प्रेजेंटेशन के जरिए प्रोडक्ट बेचने पर ज्यादा जोर दिया जा रहा है ।विजुअल मर्चेंडाइजर के लिए स्कोप रेस्टोरेंट और ब्रांडेड नाम वाले खाने-पीने के स्टोर्स में भी बढ़ रहा है ।इसलिए युवाओं के लिए यहां बहुत अच्छा क रियर है ।



## मेघालय सरकार ने बांग्लादेशी नेता के शव मिलने की जांच उच्च स्तरीय एजेंसी से कराने से किया इनकार

एजेंसी
**शिलांग।** बांग्लादेश के फिरोजपुर और शेख हसीना सरकार के प्रभावशाली नेता इसाक अली खान पान्ना का मे शव मिलने को लेकर मेघालय ने स्पष्ट किया है कि इस मामले में उच्चस्तरीय एजेंसी से जांच कराने से इनकार कर दिया है। मेघालय के उपमुख्यमंत्री प्रेस्टोन तिनसॉन्ग ने शुक्रवार को कहा कि बांग्लादेश के अवामी लीग के नेता इसाक अली खान पान्ना की मौत और शव की बरामदगी मामले की जांच किसी भी उच्च स्तरीय एजेंसी या एनआईए से कराने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि शव की बरामदगी के बारे में बांग्लादेश उच्चायोग को सूचना दे दी गई है। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश के नेता की मौत के कारणों का पता फॉरेंसिक जांच के बाद ही चल पाएगा। इसाक के शव मिलने के बाद मेघालय पुलिस ने घटना के सिलसिले में बांग्लादेश के उच्चायुक्त से संपर्क किया है।

उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश में भयावह हालात के बीच मेघालय में उन्कियांग में 26 अगस्त की शाम को तमोल बाग में क्षतविक्षत शव मिला था। बाद में नेता की पहचान अवामी लीग के इसाक अली खान पान्ना के रूप में हुई। इसाक बांग्लादेश के फिरोजपुर में शेख हसीना सरकार के प्रभावशाली नेता थे। बांग्लादेश छात्र विद्रोह के दौरान इसाक लापता हो गये थे। उनकी मौत का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका।

## पहली बार ग्रीक के चार लड़ाकू जेट भारत पहुंचे, हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' में लेंगे हिस्सा

**नई दिल्ली।** भारतीय वायु सेना की मेजबानी में पहली बार हो रहे बहुराष्ट्रीय हवाई अभ्यास 'तरंग शक्ति' के दूसरे चरण की औपचारिक शुरुआत शुक्रवार से राजस्थान के जोधपुर में हो गई। इसमें शामिल होने के लिए बांग्लादेश के अलावा अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ग्रीस, सिंगापुर और यूएई की वायु सेनाएं रेगिस्तानी इलाके में पहुंचीं हैं। यह पहला मौका है जब हेलेनिक वायु सेना भी इस अभ्यास में भाग लेने के लिए चार ग्रीक लड़ाकू जेट के साथ भाग लेने भारत आई है। तरंग शक्ति का दूसरा और अंतिम चरण 14 सितंबर तक राजस्थान के जोधपुर में होगा। अभ्यास के दूसरे चरण में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, यूएई की वायु सेनाओं के लड़ाकू विमान, हेलीकॉप्टर, विशेष ऑपरेशन विमान, मध्य हवा में ईंधन भरने वाले और हवाई चेतावनी और नियंत्रण प्रणाली (अवाक्स) विमान सहित 70-80 विमान रेगिस्तानी इलाके में पहुंचे हैं। इस अभ्यास में अमेरिका अपने एफ-16 और ए-10 विमानों के साथ भाग लेगा। इस चरण में 18 देश पर्यवेक्षकों के रूप में शामिल होंगे। अभ्यास का पहला चरण 6-14 अगस्त तक दक्षिण भारत के सुलूर में हो चुका है, जिसमें जर्मनी, फ़्रांस, स्पेन और ब्रिटेन की वायु सेनाओं ने हिस्सा लिया था।

## प्रदेश में राजनैतिक गठजोड नहीं, लेकिन क्षेत्र के विकास के लिए रहेंगे सदैव तत्पर : मदन राठौड़

**जयपुर।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि जनप्रतिनिधियों को अपने व्यवहार में शालीनता और धैर्य रखना चाहिए क्योंकि शालीनता से किसी भी आवेशित व्यक्ति को शांत किया जा सकता है। जनप्रतिनिधि जनता के सेवक है और जनसेवक बनकर ही सेवा भाव से प्रत्येक नागरिक की समस्या के समाधान का प्रयास करना चाहिए। वहीं दूसरी ओर राठौड़ ने आगामी उप चुनावों में बिना किसी गठबंधन के चुनाव लड़ने का दावा करते हुए कहा कि उपचुनावों में भाजपा किसी भी ऐसे दल या राजनैतिक पार्टी के साथ गठबंधन करने वाली नहीं है जो समाज को तोड़ने का कार्य करती है। भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि राजधानी में एक शौर्य चक्र सम्मानित पूर्व सैनिक फरियाद लेकर जनप्रतिनिधि के पास पहुंचता है और वहां उसकी समस्या का समाधान तो दूर उसके साथ मारपीट जैसी घटना जनप्रनिधियों के असंयमित व्यवहार को दर्शाता है। जनप्रतिनिधियों को नागरिकों के साथ व्यवहार में संयम बरतना चाहिए और समस्या का समाधान नहीं होने पर शांति एवं शालीनता से समझाइश की जानी चाहिए।

## मुख्यमंत्री ईमानदार लेकिन समाजवादी पार्टी के एजेंट के तौर पर काम कर रही पुलिस : नंद किशोर गुर्जर

**गाजियाबाद ।** उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद में एक 16 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ दुष्कर्म और उसके बाद हुई हिंसा को लेकर सियासत गरमा गई है। जिले की लोनी विधानसभा सीट से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने रेप की घटना को लेकर अपनी ही सरकार पर सवाल उठाया। उन्होंने कहा, यहां हम पूरी तरह से बारूद की ढेर पर बैठे हैं। रोहिंग्या और बांग्लादेशियों के साथ यहां स्थानीय मुसलमानों ने मिलकर नरक कर दिया है। यह घटना तो सामने आ गई। ऐसी सैकड़ों घटनाएं हैं, जिनको बहन बेटियां अपनी इज्जत की वजह से समाज में बता नहीं पाती हैं। गरीब लोगों की घटनाएं सामने आ जाती हैं, लेकिन जो थोड़े ठीक-ठाक लोग हैं वे सामने नहीं आते। यह घटना अगर किसी मुसलमान के साथ हुई होती तो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी समेत तमाम विपक्ष के नेता इस पीड़ित परिवार के यहां आ जाते, लेकिन इस मामले पर वे चुप्पी साधे हुए हैं।

# तपेदिक से निपटने के लिए सामूहिक प्रयास जरुरी : अनुप्रिया पटेल

एजेंसी
**नई दिल्ली ।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा है कि भारत में तपेदिक का एक बड़ा बोझ है तथा इसे समाप्त करने की चुनौतियों पर विजय पाने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता है।

श्रीमती पटेल ने गुरुवार देर शाम यहां हरियाणा में तपेदिक उन्मूलन में निजी अस्पताल मेदांता के मिशन टीबी फ्री अभियान के 10 साल पूरे होने पर एक कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कहा कि हरियाणा में तपेदिक के वर्ष 2024 में 54 हजार 107 तपेदिक रोगियों को अधिसूचित किया गया, जिसमें निजी क्षेत्र की हिस्सेदारी 38 प्रतिशत थी। उन्होंने कहा कि मेदांता ने इस क्षेत्र में विशेष भूमिका निभायी है। इसके अलावा राज्य सरकार, यूएसएआईडी और संपूर्ण चिकित्सा समुदाय ने सराहनीय काम किया है। इस अवसर पर मेदांता के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक डॉ. नरेश त्रेहान और हरियाणा के जन स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय में उप निदेशक - केंद्रीय तपेदिक विभाग उपस्थित रहे।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह प्रयोग अब दिल्ली और उत्तर प्रदेश में भी दोहराया जा रहा है। इसकी शुरुआत लखनऊ से हुई है, तथा



राज्य के अन्य जिलों तक विस्तार करने की योजना है। राज्य के महत्वपूर्ण क्षेत्रों में तपेदिक सेवाओं को और मजबूत किया जा रहा है। निजी क्षेत्र के सहयोग से निक्षय पोषण योजना जैसी प्रमुख पहलों को आगे बढ़ाया गया है और नैदानिक ??सुविधाओं का विस्तार किया है, जिससे टीबी की घटनाओं में 16 प्रतिशत की कमी आई है और टीबी से होने वाली मौतों में 18 प्रतिशत गिरावट देखी गयी है। उन्होंने कहा कि टीबी उन्मूलन का लक्ष्य केवल निरंतर सहयोग, अभिनव निदान और समुदाय-स्तरीय देखभाल से प्राप्त किया जा सकता है।

इस अवसर पर मेदांता ने मोटरबाईक-कंपैटिबल अल्ट्रापोर्टेबल एक्स-रे मशीन और मोबाईल वेन शुरु की, जिनसे इस कार्यक्रम को और ज्यादा वंचित समुदायों तक पहुँचाया जा सकेगा। सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की संस्थाओं के साथ साझेदारी में मेदांता ने 'आरोग्य कर्मी' परियोजना भी शुरू की। इससे औद्योगिक कर्मियों के बीच टीबी और इसके साथ होने वाली अन्य समस्याओं जैसे फेफड़ों के रोग एवं गैर संचारी बीमारियों की जागरुकता, समय पर निदान और इलाज में सुधार होगा। पोर्टेबल एक्स-रे डिवाईस, एआई असिस्टेड डायग्नोस्टिक्स जैसी आधुनिक टेक्नोलॉजी का उपयोग जारी रहेगा। मेदांता का 'मिशन टीबी फ्री' एक जनस्वास्थ्य अभियान है, जिसने हरियाणा और आस-पास के क्षेत्रों में क्षय रोग (टीबी) की पहचान और उसके इलाज में क्रांतिकारी परिवर्तन ला दिया। एक दशक में, 'मिशन टीबी फ्री' के तहत क्षय रोग के लिए 10 लाख लोगों की जांच की गयी है और 80 हजार लोगों की छाती के एक्स-रे किए हैं तथा हरियाणा और सीमावर्ती राज्यों दिल्ली और उत्तर प्रदेश में टीबी के 10 हजार से अधिक मामलों का निदान किया है। डॉ. त्रेहान ने कहा कि 'मिशन टीबी फ्री' अभियान देश को टीबी मुक्त बनाने में भारत के राष्ट्रीय उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## झारखंड के पूर्व सीएम चंपई सोरेन बीजेपी में शामिल ,शिवराज सिंह चौहान समेत कई दिग्गज नेता मौजूद

एजेंसी
**रांची।** झारखंड के पूर्व सीएम और पूर्व जेएमएम नेता चंपई सोरेन केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा और झारखंड बीजेपी अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी की मौजूदगी में बीजेपी में शामिल हुए।




झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को झटका देकर उनकी पार्टी के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन को भाजपा के साथ जोड़ने में अहम भूमिका निभाने वाले असम के मुख्यमंत्री एवं झारखंड प्रदेश के चुनाव सह-प्रभारी हिमंत बिस्वा सरमा ने उनके भाजपा में शामिल होने की घोषणा की। हिमंत बिस्वा सरमा ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह,चंपई सोरेन और अपनी मुलाकात की तस्वीर को शेयर करते हुए एक्स पर पोस्ट कर बताया, ' झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के प्रतिष्ठित आदिवासी नेता चंपई सोरेन जी ने थोड़ी देर पहले माननीय केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह जी से मुलाकात की। वह 30 अगस्त को रांची में आधिकारिक तौर पर भाजपा में शामिल होंगे।'

# ई-कॉमर्स से एक नए युग का हुआ सूत्रपात : सीएम योगी

एजेंसी
**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश को 'उद्यम प्रदेश' बनाने की दिशा में प्रयासरत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म को नए युग की शुरुआत करने वाला कदम बताया। यहां शुक्रवार को लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने उन्नाव और वाराणसी में ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट के वेयरहाउस का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करने के बाद यह बात कही।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने डिजाइन, तकनीक, मार्केट समेत विभिन्न पहलुओं पर काम करके पैकेजिंग और एक्सपोर्ट पर फोकस किया। लेकिन इसको और गति देने का कार्य तब हुआ जब फ्लिपकार्ट ग्रुप हमारे साथ जुड़ा और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के रूप में सेवाएं देनी प्रारंभ की। इसके बाद एक जिला, एक उत्पाद (ओडीओपी) योजना न केवल प्रदेश बल्कि देश और दुनिया में प्रसिद्धि पाती दिखाई दी। स्वाभाविक रूप से ई-कॉमर्स के माध्यम से एक नए युग का सूत्रपात हुआ है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा दे रहा है और हर नागरिक को इस प्लेटफॉर्म के माध्यम से दुनिया के किसी भी बाजार तक अपने उत्पाद पहुंचाने का



सामर्थ्य प्राप्त हुआ है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में वेयरहाउसिंग नीति का लाभ लेकर कंपनियों से इस क्षेत्र में असीम संभावनाओं पर कार्य करने का भी आह्वान किया।

सीएम योगी ने कहा कि राज्य में सैकड़ों साल से एमएसएमई का एक बेस है। लेकिन, समय के अनुरूप तकनीक, डिजाइन, पैकेजिंग समेत विभिन्न पहलुओं पर बदलते वक्त की मांग के अनुसार ध्यान न देने और ठोस कार्ययोजना न बनाए जाने के कारण यह उद्योग पिछले तीन-चार दशकों से दम तोड़ रहा था। मौजूदा सरकार ने परंपरागत उत्पादों को एक प्लेटफॉर्म प्रदान कर ओडीओपी योजना को आगे बढ़ाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि दुनिया के किसी भी बाजार तक अपने उत्पाद को पहुंचाने का काम पहले कठिन लगता था, लेकिन आज तकनीक ने इस असंभव से दिखने वाले कार्य को न केवल संभव बनाया, बल्कि इसे नई दिशा भी दी। इसी दिशा में आज लखनऊ कमिश्नरी से जुड़े जनपद उन्नाव में और प्रदेश की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विख्यात वाराणसी में वेयरहाउस स्थापित किये गये हैं।

उन्होंने कहा कि वेयरहाउस से रोजगार मिलेगा, ई-कॉमर्स कंपनी अच्छी सेवा दे पाएगी और फलस्वरूप कालाबाजारी थमेगी क्योंकि इससे एकाधिकार समाप्त होता है। साथ ही, किसी प्रकार की धोखाधड़ी पर लगाम लगेगी।

## दिल्ली में चार दिवसीय मध्य प्रदेश उत्सव का मुख्यमंत्री यादव ने किया शुभारंभ

एजेंसी
**भोपाल।** दिल्ली के चाणक्यपुरी मार्ग पर स्थित मध्य प्रदेश भवन में शुक्रवार से चार दिवसीय मध्य प्रदेश उत्सव का आगाज हुआ। प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को दुनिया के सामने प्रस्तुत करने के उद्देश्य से आयोजित इस उत्सव का मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश अपनी सांस्कृतिक, पर्यटन, इतिहास और अलग-अलग अंचल के रहवास की दृष्टि से अद्भुत और आनंददायी प्रदेश है। देश के लोग इसे जानें, इसलिए देश की राजधानी में इस उत्सव का आयोजन किया गया है। इस उत्सव में चार दिनों तक मप्र में पर्यटन, व्यंजन, हस्तशिल्प कला, इतिहास, संस्कृति की जानकारी दी जाएगी। पुरातत्व के क्षेत्र में हमारी सरकार काम कर रही है। पुराने ऐसे मंदिर और देवस्थान जो नष्ट-भ्रष्ट हो गए हैं, उनको पुनर्स्थापित करके वापस साकार में लाने का काम चुनौतीपूर्ण है लेकिन यह हमारी पुरानी गौरवशाली परंपरा को स्थापित करने का महत्व है। गौंडकालीन चित्रकारी से लेकर भीमबेटका (भीमबैठका) की 10 हजार साल पुरानी चित्रकला को भी सबके सामने लाकर मप्र की समृद्धशाली विरासत से सबको परिचित कराने का प्रयास किया है। विधायक केपी त्रिपाठी समेत अन्य प्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे। मप्र भवन में पुरातत्व विभाग द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का भी मुख्यमंत्री ने शुभारंभ कर अवलोकन किया।



प्रदेश के अलग-अलग अंचलों- मालवा, विंध्य, महाकौशल और बुंदेलखंड के विशिष्ट व्यंजन भी इस उत्सव में परोसे जाएंगे। श्रीअन्न खाकर तो आनंद आ जाएगा। मैंने भी टेस्ट किया है। मुख्यमंत्री ने 'मध्यप्रदेश उत्सव' के लिए सभी को आमंत्रित किया है। इस अवसर पर प्रदेश के मंत्री विश्वास सारंग, पूर्व मंत्री अरविंद सिंह भदौरिया, पूर्व

इससे पहले राज्य सरकार की अनुसूचित जाति एवं जनजाति छात्रवृत्ति पर दिल्ली में रह कर अध्ययन कर रहे छात्रों ने मध्यप्रदेश भवन में मुख्यमंत्री से भेंट की एवं सरकार की योजना का आभार प्रकट किया। मुख्यमंत्री ने छात्रों से कहा कि आप जीवन के सफलता के शिखर प्राप्त करें, हम आपके उज्वल भविष्य की कामना करते हैं।

## महिला अपराधों के खिलाफ अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी : राजनाथ

एजेंसी
**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को कहा कि देश में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचारों और अपराधों को देखते हुए तमाम बदलावों के बावजूद ऐसा लगता है कि अभी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। हमारी सरकार ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों के प्रति सख्त रवैया अपनाया है लेकिन कई राज्य इस दिशा में ईमानदारी से प्रयास नहीं कर रहे हैं। कोलकाता में हाल ही में हुई दिल दहला देने वाली



घटना बेहद दुखद और शर्मनाक है। हमने बलात्कार जैसे जघन्य अपराध के लिए मृत्युदंड का प्रावधान करने के लिए कानून में संशोधन किया है। इस कानून का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।तिरुवनंतपुरम में एक कॉन्क्लेव में राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों में हमारे देश ने कई युगान्तरकारी परिवर्तन देखे हैं। आर्थिक सुधारों से लेकर बड़े सामाजिक परिवर्तन तक, सांस्कृतिक पुनरुत्थान से लेकर महत्वपूर्ण राजनीतिक परिवर्तनों तक कई बड़े बदलाव हुए हैं। इस परिवर्तन में सरकार के साथ-साथ हमारे देश के नागरिकों ने सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सशस्त्र बलों में महिलाओं के प्रवेश की अनेक बाधाएं दूर की गई हैं। सशस्त्र बलों के तीनों विंग में हमने महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाया है। सैनिक स्कूलों में भी महिलाओं को प्रवेश दिया जा रहा है।

## नक्सली भर्ती मामला: एनआईए की दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उप्र में छापेमारी

एजेंसी
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने नक्सली भर्ती के एक मामले में चार राज्यों दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और उप्र में छापेमारी की है। एनआईए ने आज जारी एक बयान में कहा है कि यह छापेमारी शुक्रवार को भी जारी है। एनआईए के मुताबिक जांच से पता चला है कि कई फ्रंटल संगठनों और छात्र विंग को भारत सरकार के खिलाफ युद्ध छेड़ने के उद्देश्य से कैडरों को प्रेरित करने और भर्ती करने के साथ-साथ नक्सल विचारधारा का प्रचार करने का काम सौंपा गया है। आरोपितों ने इस एजेंडे के लिए आतंक और हिंसा के कृत्यों को अंजाम देने की साजिश रची। पिछले साल छह सितंबर को एनआईए ने नक्सली नेताओं और भाकपा (माओवादी) के कैडरों द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन को पुनर्जीवित करने के प्रयासों पर भी कार्रवाई की थी।

## संघ की समन्वय बैठक में 'पंच परिवर्तन' पर रहेगा जोर- सुनील आंबेकर

एजेंसी
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और उससे प्रेरित समविचार संगठनों की तीन दिवसीय बैठक शनिवार से केरल के पालक्काड में आयोजित की जा रही है। बैठक से पूर्व शुक्रवार को रा.स्व. संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने एक पत्रकार वार्ता में बैठक में सम्मिलित होने वाले संगठनों और बैठक में विचार किए जाने वाले विषयों के बारे में जानकारी दी। इस बैठक में संघ प्रेरित 32 संगठनों के 230 राष्ट्रीय पदाधिकारी सम्मिलित होंगे जबकि रा.स्व.संघ की ओर से 90 केन्द्रीय पदाधिकारी व कार्यकर्ता सम्मिलित होंगे। सुनील आंबेकर ने बताया कि सन् 1925 में गठित रा.स्व. संघ इस विजयादशमी से अपने शताब्दी वर्ष (100वें) में प्रवेश करने जा रहा है। संघ वैसे तो समय समय पर अपने कार्य की समीक्षा व कार्य विस्तार की योजनाओं पर कार्य करता ही रहता है। इस शताब्दी वर्ष को ध्यान में रखते हुए अपने सामाजिक कार्यों को और भी तेज गति से चलाने के लिए इस बैठक में विस्तार से चर्चा होगी। इन सामाजिक कार्यों के लिए संघ में पंच परिवर्तन पर जोर दिया जा रहा है। संघ के पंच परिवर्तन में सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण



संरक्षण, स्व पर जोर एवं नागरिक दायित्व शामिल है। इसमें समविचारी संगठन क्या सहयोग कर सकते हैं, इस पर समन्वय बैठक में मुख्य रूप से चर्चा होगी।संघ की वार्षिक स्तर पर होने वाली इस महत्वपूर्ण बैठक में संघ के संगठनों के बीच बेहतर समन्वय और राष्ट्रीय व सामाजिक महत्व के विषयों पर भी चर्चा होगी। बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले सहित संघ के सभी छह सह सरकार्यवाह और अन्य प्रमुख पदाधिकारी भाग लेंगे। इस बैठक में भारतीय जनता पार्टी, राष्ट्र सेविका समिति, वनवासी कल्याण आश्रम, विश्व हिंदू परिषद, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय किसान संघ, विद्या भारती, भारतीय मजदूर संघ सहित 32 संघ प्रेरित विविध संगठनों के राष्ट्रीय अध्यक्ष, संगठन मंत्री एवं प्रमुख पदाधिकारी निमंत्रित किए जाते हैं।

# अब असम में शुक्रवार को नमाज के लिए नहीं रुकेगी विधानसभा कार्यवाही

एजेंसी
**गुवाहाटी।** असम विधानसभा ने शुक्रवार को सर्वसम्मति से एक बड़ा फैसला लिया। विधानसभा ने अब शुक्रवार को नमाज के लिए ब्रेक को खत्म करने के लिए नियम 11 में संशोधन कर दिया गया। इससे अब से नमाज के लिए विधानसभा में कोई ब्रेक नहीं होगा। एआईयूडीएफ के अधिकांश सदस्यों ने इस पर आपत्ति जताई। इस नियम की अनुपालना अगले सत्र से होगी। आज पांच दिवसीय विधानसभा का अंतिम दिन था।दरअसल, असम विधानसभा में कार्यवाही हर दिन 11.30 बजे से नमाज के लिए रोक दिया जाता था। यह नियम सैयद सदुल्ला के दिनों से चला आ रहा था। इसको लेकर पहले भी आपत्ति जताई जाती रही है, लेकिन इसको समाप्त नहीं किया गया था। असम विधानसभा में आज अंतिम बार इस नियम के तहत विधानसभा की कार्रवाई को नमाज के लिए स्थगित किया गया। आज विधानसभा में सर्वसम्मति से नियम 11 में संशोधन कर अगली बैठकों से



नमाज के नाम पर हर शुक्रवार को नमाज के लिए रुकने वाली कार्यवाही को रोकने के प्रावधान को समाप्त कर दिया गया। इस नियम का अनुपालन विधानसभा की अगली बैठक से होगा। आज पांच दिवसीय विधानसभा का अंतिम दिन था। विधानसभा में फैसले के बाद धिंग के विधायक अमीनुल इस्लाम ने विधानसभा में नमाज का समय पहले की तरह ही बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायकों का एक वर्ग मुसलमानों को नमाज नहीं पढ़ने देना चाहता है। इसका उद्देश्य भाजपा विधायकों के लिए असहिष्णुता का माहौल बनाना है। विधायक वाजिद अली चौधरी ने भी सरकार के इस फैसले का विरोध किया। इस निर्णय पर एआईयूडीएफ के अधिकांश विधायकों ने अपनी आपत्ति जताई। कुछ विधायकों का कहना था कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। वहीं, दूसरी सर्वसम्मति निर्णय को लेकर पूछे जाने पर कांग्रेस के विधायक रेकीबुद्दीन अहमद ने कहा कि उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है, लेकिन अगर ऐसा हुआ है तो यह उचित नहीं है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष से इस बारे में पूछेंगे और इस व्यवस्था को फिर से बहाल रखने की अपील करेंगे। उन्होंने कहा कि वे तीसरी बार विधायक चुने गये हैं और तीनों कार्यकाल के दौरान शुक्रवार को नमाज के लिए विधानसभा की कार्यवाही स्थागित की जाती रही है।

## मुझे इंदिरा गांधी के जीवन से मिला सबसे बड़ा सबक है: कंगना रनौत

**नई दिल्ली।** किसान आंदोलन पर अपने बयान को लेकर सांसद और अभिनेत्री कंगना रनौत इस समय सुर्खियों में हैं। ऐसे में कंगना की आने वाली फिल्म 'इमरजेंसी' भी चर्चा में है। इस फिल्म की कहानी आपातकाल के दौरान घटनाओं पर आधारित है। कुछ सिख संगठन इस फिल्म पर प्रतिबंध लगाने की भी मांग कर रहे हैं। कंगना रनौत के बयान के बाद अब इस फिल्म को लेकर दर्शकों उत्सुकता बढ़ गई है। एक मीडिया को दिए इंटरव्यू में कंगना ने बताया कि उन्होंने इंदिरा गांधी से क्या सीखा। अभिनेत्री कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी 6 सितंबर को रिलीज हो रही है। फिलहाल जब जम्मू-कश्मीर और हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर उनके एक सियासी माहौल गर्म है। आपातकाल पर आधारित यह फिल्म राजनीतिक जगत में चर्चा का विषय बनी हुई है। इसी पृष्ठभूमि में कंगना रनौत की प्रतिक्रियाओं के भी मायने निकाले जा रहे हैं। इंटरव्यू में कंगना रनौत ने इस फिल्म को लेकर अपनी स्थिति साफ की है। कंगना ने कहा कि, मैंने इस फिल्म के लिए बहुत मेहनत की है। मुझे पता था कि इसमें इतना समय लगेगा। मैं कुछ ऐसा देना चाहती थी, जो न केवल मनोरंजन के लिए हो बल्कि हमारी पीढ़ी के लिए भी हो। आपात स्थिति में हम हमेशा एकजुट रहते हैं। आजकल संविधान पर खूब चर्चा हो रही है। आपातकाल के दौरान संविधान की हत्या कर दी गयी।

# अकाल तख्त से सुखबीर बादल तनखैया करार, जत्थेदार सुनाएंगे धार्मिक सजा

एजेंसी
**चंडीगढ़।** अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष एवं पूर्व उपमुख्यमंत्री सुखबीर सिंह बादल को धार्मिक सजा सुनाते हुए तनखैया करार दिया है। सुखबीर बादल एक सामान्य सिख श्रद्धालु की तरह 15 दिन के भीतर अकाल तख्त साहिब पर पेश होंगे। इस बीच सुखबीर बादल ने अकाल तख्त जत्थेदार के फैसले को कबूल कर लिया है।

पंजाब में लोकसभा चुनाव के बाद से ही अकाली दल में फूट पैदा होने के चलते अकाली दल के बागी गुट ने 1 जुलाई को श्री अकाल तख्त साहिब पर पहुंचकर जत्थेदार को माफीनामा दिया था, जिसमें सुखबीर बादल के कार्यकाल में हुई चार गलतियों पर माफी मांगी गई थी। इनमें सबसे अहम डेरा सच्चा सौदा मुखी राम रहीम को माफी देने की गलती मानी गई है। 2015 में फरीदकोट के बरगाड़ी में बेअदबी की सही जांच न होने के लिए भी माफी मांगी गई थी। इसके अलावा आईपीएस अधिकारी सुमेध सैनी को डीजीपी बनाने और मुहम्मद इजहार आलम की पत्नी को विधानसभा चुनाव का टिकट देने की भी गलती मानी गई। पांचों तख्तों के सिंह साहिबानों की पिछली बैठक में सुखबीर बादल को नोटिस जारी किया गया था, जिसका जवाब देते हुए सुखबीर बादल ने अपनी गलतियों को स्वीकार कर लिया था। सुखबीर बादल के जवाब के बाद शुक्रवार को अकाल तख्त साहिब का फैसला आने से पहले उन्होंने अकाली दल अध्यक्ष पद को छोड़ दिया था। गुरुवार की रात पूर्व सांसद बलविंदर सिंह भूंदड़ को अकाली दल का कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया गया था। शुक्रवार को अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुबीर सिंह ने सुखबीर बादल को तनखैया (दोषी) करार देते हुए कहा कि अकाली दल प्रधान और डिप्टी सीएम रहते हुए सुखबीर बादल ने कुछ ऐसे फैसले लिए, जिससे पंथक स्वरूप को नुकसान पहुंचा है। अकाल तख्त जत्थेदार ने कहा कि सुखबीर बादल एक साधारण सिख की तरह अकाल तख्त पर आकर अपने गुनाहों की माफी मांगें। सुखबीर बादल 15 दिन के भीतर अकाल तख्त पर पेश हों। इसी बीच अकाली दल प्रवक्ता एवं पूर्व मंत्री दलजीत सिंह चीमा ने कहा कि अब सुखबीर बादल अकाल तख्त में पेश होंगे। उसके बाद उन्हें गुनाह बताए जाएंगे, जिस पर सुखबीर बादल अपना पक्ष रखेंगे। अकाल तख्त से सुखबीर बादल को दोषी करार दिए जाने के बाद उन्होंने ट्वीट करके कहा कि दास अपना सिर झुकाते हुए मिरी पीरी के सबसे ऊंचे स्थान श्री अकाल तख्त साहिब के आदेश को स्वीकार करता है। आदेश के मुताबिक मैं जल्द ही श्री अकाल तख्त साहिब के सामने पेश होकर क्षमा याचना करूंगा।





# इस तरह से करें बेकार पड़े प्लास्टिक के कपों का इस्तेमाल



हम सभी बाजार से बहुत सी ऐसी चीजें ला कर इस्तेमाल करते हैं जो प्लास्टिक के कपों, बोतल, बर्तनों, थैलों आदि में आती है। हम घर की सफाई करने के लिए इन कपों, बोतलों आदि का इस्तेमल करने के बाद कचरे में फेक देते हैं। पर यह सभी चीजें फेंकने के बाद भी जल्दी से गलती नहीं हैं। ऐसी प्लास्टिक की चीजों को गलने में बहुत समय लगता है। बहुत से शहरों और राज्यों में इन चीजों का उपयोग करने के लिए प्रतिबंध लगाएं गए हैं। इसलिए आज हम आपको इन प्लास्टिक के कपों को घर में इस्तेमाल करने के लिए कुछ आसान से टिप्स बताएगें। इसे आप इन चीजों को फिर से रीसायकल बिन कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं...

- पेन रखने के लिए स्टैंड बनाएं

आप इन कपों से पेन रखने के लिए स्टैंड बना सकते हैं। ताकि बच्चें अपना प्रोजेक्ट बनाने का सारा सामान इसमें इकठ्ठा करके रख सकें। - टूथब्रश रखने के लिए होल्डर अक्सर हम सभी जब बाजार से दही लेकर आते हैं तो दही खाने के बाद उन कपों को फेक देते हैं। आप इन कपों को फेंकने की जगह रंगों से डिजाइन बना कर घर में इस्तेमाल कर सकते हैं। जैसे कि उन्हें बाथरूम में टूथब्रश रखने के लिए होल्डर बना कर टांग सकते हैं।

- पैसे रखने के लिए

आप इन बेकार पड़े प्लास्टिक कपों में टूटे सिक्कों रख सकते हैं, ताकि आप सिक्को को एक जगह पर रखे सकें और ढूंढने में किसी तरह की दिक्कत भी न हो। - एस्सेसरीज चीजें रखने के लिए

जब भी हम किसी फंक्शन से आते हैं तो अपनी कीमती चीजें जैसे कि ईयरिंग्स या चैन आदि को घर में कही भी रख देते हैं। जिसे यह सारी चीजें गुम हो सकती हैं। इसलिए इन्हें एक जगह पर रखने के लिए ऐसी एस्सेसरीज चीजों को इकठ्ठा करके इन प्लास्टिक कपों में संभाल कर रख सकती हैं। - पौधे लगाने के लिए बीज बोएं

आप घर में इन बेकार पड़े प्लास्टिक कपों और बाल्टियों में मिट्टी डालकर पौधो के बीज लगा सकते हैं, जैसे कि धनिया, पुदिना आदि के बीज। - कपों का पेपरवेट बनाएं

बाजार से मंहगे पेपरवेट लाने की जगह पर आप घर में बेकार पड़े सामान और प्लास्टिक के हैवी कपों का पेपरवेट बना सकते है। - कलर पैलेट

अगर आपके बच्चों चित्रकला का करने का शौक रखते हैं तो उन्हें रंगों के अलग-अलग शेड बनाने के लिए प्लास्टिक के कप दें सकते है। इन कपों में रंग सूखते नहीं है और उन्हें इस्तेमाल में भी लाया जा सकता हैं।



# घर में कॉकरोचों का खात्मा करने के लिए अपनाएं ये टिप्स

आजकल हर घर में कॉकरोच आम देखने को मिलते हैं। कॉकरोच घर में जगह-जगह पर आपना घर बना कर मजे से रहते हैं। ऐसे में अगर हमारी किचन में खाने पीने की चीजों के आस पास कॉकरोच घुमते रहें तो पेट जैसी बहुत सी बीमारियां हो जाती हैं। अगर आप कॉकरोचों से परेशान हो गए है तो आज हम आपको कॉकरोचों का खात्मा करने के लिए कुछ आसान से घरेलू टिप्स बताएगें। तो आइए जानते हैं...



**-लौंग**

वैसे तो हम सभी लौंग का इस्तेमाल खाने में करते हैं, पर अगर आपके रसोईघर में बहुत ज्यादा कॉकरोच है तो उनसे मुक्ती पाने के लिए भी इसका उपयोग कर सकते है। ऐसे में अगर आप किचन कैबिनेट के अंदर थोड़े लौंग रख दें ताकि कॉकरोच भाग जाए।

**-रेड वाइन**

आप रसोईघर में बनी कैबिनेट के अंदर एक कटोरी में 1/3 रेड वाइन रख कर भी इनका खात्मा कर सकते हैं। - पाउडर वाली चीनी कॉकरोचों का खात्मा करने के लिए आप एक कटोरी में या फिर किसी बोतल की ढक्कन में चीनी का पाउडर डाल कर रख दें। चीनी को बोरिक एसिड के साथ मिलाकर भी रख सकते है।

**-अण्डा**

घर में हर कोई अंडा तो खाता ही है। पर हम सभी अण्डे के छिलकों को कचरे के डिब्बा में फेक देते है। अब आप ऐसा न करें। यदि आपकी किचन में कॉकरोच हैं तो उन्हें दूर करने के लिए आप अण्डे के छिलको को कैबिनेट या स्लेब पर रख दें।

**-बेकिंग पाउडर**

किचन में कॉकरोचों का खात्मा करने के लिए कटोरे में बेकिंग पाउडर डाल कर कैबिने के अंदर और बाहर रख दें। ध्यान में रखें कि 10-15 दिनों के बाद इस बदल जरूर दें क्योंकि नमी की वजह से इसकी महक चली जाती है।

### घर में रखा है पालतू जानवर, तो इस तरह से करें

# साफ-सफाई

जिन लोगों को घर में जानवर रखने का शौक है उन्हें उसकी देखभाल के साथ-साथ घर की साफ-सफाई का भी बहुत ध्यान रखना पड़ता है। वह जानवर की देखभाल अपने बच्चों की तरह करते हैं। फिर भी वह जितनी भी कोशिश कर लें, पर उनके लिए घर की सफाई करना थोड़ा मुश्किल हो जाता है। ऐसे में जानवर आपके घर की साफ-सफाई को खराब कर ही देता है क्योंकि उसके शरीर के बाल घर में जगह-जगह पर बिखरे रहते हैं। इसलिए आज हम आपको बताएंगे कि आप जानवर होने पर किस तरह से घर की साफ-सफाई करें। तो आइए जानते है कैसे...

- नस्ल के बारे में जान लें घर में जानवर रखने से पहले उसकी नस्ल के बारे में जरूर जान लें क्योंकि कुछ नस्ल के जानवरों के बाल गिरते रहते हैं। ऐसे में आप घर पर हल्के बालों वाले जानवर ही पाले।

- देखभाल

अगर आपने घर में ऐसी नस्ल वाला जानवर रखा है जिसके बाल गिरते है तो ऐसे जानवरों के बालों की देखभाल जरूर करें। ऐसे में उसे समय पर नहलाएं और उसकी एक ड्रेस बना कर पहनाएं। हो सके तो जानवर के बालों को अच्छा रखने वाली दवा व क्रीम लगाएं।

- कारपेट और कपड़े

घर की सफाई करते समय कॉरपेट, बेडशीट, बिस्तर, सोफा आदि को अच्छे से साफ जरूर करें क्योंकि इस पर जानवर के बाल भी लगे हो सकते हैं। कोशिश करें कि हर हफ्ते एक बार वैक्यूम क्लीनर से घर के साफ जरूर करें।

- दाग

जानवर घर में कहीं भी मल या मूत्र देखे हैं, जिससे उस जगह पर दाग पड़ जाते हैं।अगर वह कॉरपेट पर कर दें तो यह जल्दी खराब हो जाता है। इसलिए उस जगह को शीघ्र ही साफ करें।

- कमरे की सजावट

कमरे में पड़े महंगे सामान को जानवर की पहुंच से दूर रखें। कमरे को तभी खोंले जब घर में मेहमान आएं। हो सके तो सभी चीजों की दिन में एक बार डस्टिंग जरूर कर लें।

- जानवर से फर्श को बचाएं

अगर आपके घर में पीवीसी शीट वाली फर्श बिछी है तो जानवर से फर्श को बचाएं क्योंकि सभी जानवरों के पंजे गढ़ाने की गंदी आदत होती है। वह शीट वाली फर्श को खराब कर सकता है। - प्रशिक्षण दें

अगर आप घर में जानवर को रखना चाहते हैं तो उसे घर में बैठने-उठने की अच्छी ट्रेनिंग दें।



# खुश रहना है बहुत आसान

आपको यह बात थोड़ी अटपटी लग सकती है, लेकिन सच है कि कुछ छोटी-छोटी बातों को अपनी जीवनशैली में शामिल करके हमेशा तनावमुक्त और खुश रह सकती हैं।

1. सुबह अपने लिए थोड़ा समय जरूर निकाले ताकि आपके मस्तिष्क में अच्छे विचार आ सकें। इसके लिए आंखें बंद करके सकारात्मक भाव वाली किसी कविता या प्रार्थना का सस्वर पाठ करते हुए गहराई से उसका अर्थ समझने का प्रयास करे। इस दौरान नाक से सांस लें और उसे मुंह से वापस छोड़े। दिन भर तनावमुक्त रहने के लिए यह अच्छा व्यायाम है।

2. हाल ही में किए गए सर्वेक्षणों से यह तथ्य सामने आया है कि जो लोग सुबह का नाश्ता नहीं करते उनमें शारीरिक और मानसिक तनाव बहुत अधिक होता है और जो लोग सुबह के नाश्ते में पौष्टिक चीजें जैसे स्प्राउट्स, फल, जूस आदि लेते है उन्हे किसी तरह के तनाव का अनुभव नहीं होता। नाश्ते में मौजूद जिंक, विटमिन सी, विटमिन बी और मैग्नीशियम आपके शरीर को तनाव के नकारात्मक असर से लड़ने की ऊर्जा देते है।

3. अपने शारीरिक और मानसिक तनाव के लक्षणों को पहचानने की कोशिश करे कि किस स्थिति में आप स्वयं को ज्यादा तनावग्रस्त महसूस करती है। जब कभी तनाव महसूस हो तो इसे दूर करने के लिए आप यह करे-अपनी पीठ बिलकुल सीधी रखें, पेट के निचले हिस्से को भीतर की ओर हलका सा सिकोड़े और वापस उसी अवस्था में छोड़ दें। कम से कम चार-पांच बार ऐसा करने से आप स्वयं को तनावमुक्त महसूस करेगी। इससे सांस सही ढंग से चलने लगती है।

4. कंप्यूटर पर लगातार काम करते-करते आंखें थक जाती है। इस समस्या से बचने के लिए कम से कम हर तीन घंटे के अंतराल पर अपनी हथेलियों से दो मिनट के लिए पलकें बंद करे और फिर धीरे-धीरे आंखें खोलें। इससे आराम महसूस होगा।



5. हंसना तनाव दूर करने का सबसे आसान उपाय है। इसलिए टीवी पर गंभीर कार्यक्रमों के बजाय कोई कॉमेडी शो देखें।

6. संगीत तनाव दूर करने का सबसे बेहतर जरिया है। इसलिए वीकएंड में न सिर्फअपनी पसंद का संगीत सुनें, बल्कि खुद भी खुले गले से गुनगुनाएं। वैज्ञानिक सर्वेक्षणों से साबित हो चुका है कि गाने से मस्तिष्क तक ऑक्सीजन का प्रवाह तेज गति से होता है और इससे व्यक्ति तनावमुक्त महसूस करता है।

## शीतल देवी पैरालंपिक तीरंदाजी स्पर्धा के क्वार्टरफाइनल में



**एजेंसी**

**पेरिस।** भारतीय पैरा एथलीट शीतल देवी ने महिला व्यक्तिगत कंपाउंड तीरंदाजी के क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन करते हुए 720 में से 703 अंक हासिल कर क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली है। आज यहां हुई स्पर्धा में वह 703 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर रही। इसी के साथ उन्होंने अपने पिछले 698 अंक के सर्वश्रेष्ठ रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया है। तुर्की की क्यूरी गिर्डी ने 704 अंकों के साथ नया विश्व रिकॉर्ड बनाया और वह पहले स्थान पर रही। शीतल को अगले राउंड में बाई मिल गई है और अब वह शनिवार को क्वार्टर फाइनल मैच खेलेंगी।

## अरुणा तंवर ताइक्वांडो के प्री-क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हारी



**पेरिस।** भारतीय महिला एथलीट अरुणा तंवर पेरिस पैरालंपिक 2024 की ताइक्वांडो स्पर्धा के प्री क्वार्टर फाइनल मुकाबले में हारकर बाहर हो गयी। अरुणा तंवर को आज खेले गए मुकाबले में तुर्की की नूरसिहान एकिनसी ने 19-0 से हराया। अरुणा तंवर को 44-47 किग्रा के मुकाबले में बहुत अधिक चोट लगी लेकिन फिर भी वह वापस लड़ने के लिए तैयार हो गई। इस हार के साथ अरुणा का अभियान समाप्त हो गया।

## ज्योति पैरा साइक्लिंग के क्वालीफाइंग राउंड में दसवें स्थान पर रही



**पेरिस।** भारतीय पैरा एथलीट ज्योति गडेरिया पेरिस पैरालिंपिक 2024 खेलों में पैरा साइक्लिंग ट्रैक महिला सी1-3 3000 मीटर व्यक्तिगत क्वालीफाइंग राउंड में दसवें स्थान पर रही।ज्योति गडेरिया ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन 4:53.929 के समय के साथ 10वें स्थान पर रहीं। गडेरिया अपने प्रयास के बावजूद पदक राउंड में जगह बनाने में विफल रहीं। ज्योति 31 अगस्त को सी1-3 500 मीटर टाइम ट्रायल में स्पर्धा में भाग लेगी।

## यूएस ओपन 2024: बालाजी और भांबरी अपने जोड़ीदारों के साथ दूसरे दौर में


**न्यूयॉर्क।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी एन श्रीराम बालाजी और यूकी भांबरी ने यूएस ओपन 2024 में युगल मुकाबलों में अपने-अपने जोड़ीदारों के साथ जीत दर्ज करते हुए अगले दौर में जगह बना ली है।

श्रीराम बालाजी और गुइडो आंद्रेओजी की जोड़ी ने बुधवार को खेले गये तीन सेटों के रोमांचक मुकाबले में न्यूजीलैंड के मार्कस डेनियल और मैक्सिको के मिगुएल एंजेल रेयेस-वरेला की जोड़ी को हराकर पुरुष युगल के अगले दौर में प्रवेश किया। इंडो-अर्जेंटीना की जोड़ी ने पहला सेट 5-7 से हारने के बाद वापसी करते हुए दूसरे सेट को 6-1 से जीतकर अपना दबाव बनाया और इसके बाद तीसरा सेट 12-10 से अपने नाम कर लिया। दो घंटे 36 मिनट चले मुकाबले इंडो-अर्जेंटीना की जोड़ी ने मुकाबला जीत लिया। इस बीच भारत के युकी भांबरी और उनके फ्रांसीसी जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी ने सीधे सेटों में अपना पहला मैच जीतकर आसान जीत हासिल की। इस जोड़ी ने पैट्रिक ट्रहाक और रयान सेगरमैन की अमेरिकी वाइल्डकार्ड जोड़ी को 77 मिनट तक चले मुकाबले में 6-3, 6-4 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। अनुभवी भारतीय खिलाड़ी रोहन बोपन्ना एवं उनके जोड़ीदार ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू एबडेन का शुरुआती मुकाबला डच जोड़ी रॉबिन हासे और सैंडर एरेन्ड्स से होगा। इसके अलावा बोपन्ना इंडोनेशिया के एल्डिला सुत्जियादी के साथ मिश्रित युगल में प्रतिस्पर्धा करेंगे।

## कार्तिग्ये-समीर की जुगलबंदी से मिली लखनऊ फाल्कन्स को जीत

**एजेंसी**

**लखनऊ।** कार्तिग्ये सिंह (69 नाबाद) और समीर चौधरी (26 नाबाद) के बीच शतकीय साझीदारी की मदद से लखनऊ फाल्कन्स ने यूपी टी20 लीग में गोरखपुर लायंस को 33 रन से हरा कर आसानी से हरा कर मौजूदा संस्करण में जीत का खाता खोला। इकाना स्टेडियम में टॉस हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरे लखनऊ फाल्कन्स ने अपने पांच विकेट 71 रन पर गंवा दिये थे मगर नये बल्लेबाज समीर ने कार्तिग्ये के साथ मिलकर आखिरी के नौ ओवर में 101 रन जोड़े जिसकी बदौलत लखनऊ 172 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा कर सकने में सफल रहा। दूसरी ओर लखनऊ के विपराज निगम (19 रन पर पांच विकेट) और अभिनंदन सिंह (30 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के आगे गोरखपुर लायंस की टीम आत्मसमर्पण की मुद्रा में नजर आयी। आर्यन जुयाल (60) और सिद्धार्थ यादव (39) को छोड़ कर उसका कोई भी बल्लेबाज अपने निजी स्कोर को दहाई के अंक तक पहुंचाने में विफल रहा और पूरी टीम 18.1 ओवर में 139 रन बना कर पवेलियन लौट गयी।




## मारिया को हराकर गॉफ यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंची

**एजेंसी**

**न्यूयॉर्क।** गत चैंपियन कोको गॉफ अपनी सर्विस में आ रही दिक्कतों को दूर करते हुए महिला एकल मुकाबले में जर्मनी की तात्याना मारिया को हराकर यूएस ओपन के तीसरे दौर में पहुंच गई है।

खेले गये मुकाबले में एक सेट हाथ में होने के बाद गॉफ ने और अधिक ध्यान से खेलना शुरू किया और मारिया को 6-4, 6-0 से हराया। गॉफ का तीसरे दौर में यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना से मुकाबला होगा एलिना ने हमवतन एनहेलिना कलिनिना को 6-1, 6-2 से हराया।

मैच के बाद गॉफ ने कहा, मैंने बिल्कुल भी अच्छी सर्विस नहीं की। उन्होंने कहा, मैं भाग्यशाली रही। मुझे लगता है कि मेरी सर्विस केवल एक बार टूटी, लेकिन शायद मेरी सर्विस दो बार और टूट सकती थी।

गॉफ ने एलिना को लेकर कहा, उनके साथ खेल चुकी हूं, और वह एक कठिन मैच था। मुझे पता है कि मुझे उसके खिलाफ मुकाबला जीतने के



लिए अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलना होगा। वह स्पष्ट रूप से एक कठिन प्रतिद्वंद्वी है। उन्होंने कहा, मैंने ऑकलैंड में

## नितेश, तरुण, सुकांत, सुहास, मनीषा, थुलसिमथी और पलक ने जीते बैडमिंटन मुकाबले

**एजेंसी**

**पेरिस।** भारत के पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी नितेश कुमार, तरुण ढिल्लों, सुकांत कदम और सुहास यतिराज ने पुरुष एकल तथा मनीषा रामदास, पलक कोहली और थुलसिमथी मुरुगेसन ने महिला एकल के बैडमिंटन मुकाबलों में जीत दर्ज की।

तरुण ढिल्लों ने मैच में अपनी शानदार शुरुआत करते हुए ब्राजील के ओलिवेरा रोजेरियो जूनियर जेवियर डी को 2-0 से हराया। मैच में तरुण ढिल्लों ने ओलिवेरो रोजेरिया को 21-17, 21-19 से हराकर जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में नितेश कुमार ने कड़े मुकाबले वाले ग्रुप मैच में हमवतन मनोज सरकार को 21-13, 18-21, 21-18 से हराया।

मनोज का अगला मुकाबला शुक्रवार को थाईलैंड के मोंगखोन बन्सन से होगा। वहीं नितेश कुमार का मुकाबला 30 अगस्त को चीन के जियानयुआन यांग से भिड़ेगे। इससे पहले सुकांत कदम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के अमीन बुरहानुद्दीन को 2-1 से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में सुहास यतिराज ने इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी पर 2-0 से जीत दर्ज की।

आज यहां खेले गये मुकाबले में




सुकांत कदम ने मलेशिया के अमीन बुरहानुद्दीन पर 17-21, 21-15, 22-20 से जीत दर्ज की। कदम ने पहले गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए विश्व के नंबर चार खिलाड़ी अमीन को दूसरे और तीसरे गेम में हराकर मुकाबला अपने नाम किया। 41 वर्षीय सुहास यतिराज ने विश्व के नंबर 8 खिलाड़ी इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी को एकतरफा मुकाबले में 21-7, 21-5 से हराया। सुहास का अगला मुकाबला कोरियाई खिलाड़ी के साथ शुक्रवार को होगा।

इसी तरह भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी शिवराजन सोलाईमलाई और निथ्या श्री को अमेरिका के माइल्स क्रेजवेस्की और जेसी साइमन ने 2-0 से हराया। मैच में एक समय भारतीय जोड़ी अच्छा खेल रही थी लेकिन आखिरी समय पर अमेरिकी जोड़ी ने शानदार खेल का मुजाहिरा करते 21-23, 21-11 से मुकाबला जीत लिया।

वहीं भारत की दूसरी वरीयता प्राप्त बैडमिंटन खिलाड़ी मनीषा रामदास ने महिला एकल एसयू5 श्रेणी के ग्रुप चरण में अपना पहला मैच जीत लिया है। उन्होंने लेफोर्ट मौड को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में हराया। पहले राउंड में मनीषा 8-21 से पीछे थीं, लेकिन उसने करते हुए मैच 8-21, 21-6, 21-19 से जीत लिया। वह शनिवार को अपने अगले दौर के मैच में खेलेंगी। एक अन्य महिला एकल मुकाबले में पलक कोहली ने फ्रांस की मिलना सुरेउ को 2-0 से हराया। पलक ने सुरेउ को 21-12, 21-14 से शिकस्त दी। पलक का शुक्रवार को अगले दौर में इंडोनेशिया की लीनी रात्री ओक्टिला से मुकाबला होगा। थुलसिमथी मुरुगेसन ने इटली की रोजा मार्को को 21-9, 21-11 से हराकर पैरालंपिक खेलों के पहले दिन अपनी दूसरी जीत दर्ज की। उनका अगला मुकाबला पुर्तगाल की बीट्रीज मोंटेइरो से शुक्रवार को होगा।

मनदीप कौर पैरा बैडमिंटन के एसएल 3 ग्रुप बी में नाइजीरिया की मरियम बोलाजी के खिलाफ मुकाबले में 08-21 और दूसरे गेम में 12-17 से हार गईं।

## डॉटिन ने संन्यास के फैसले को बदलते हुए टीम में वापसी की

**एजेंसी**

**एंटीगुआ।** वेस्टइंडीज महिला क्रिकेट खिलाड़ी डिएंड्रा डॉटिन ने अपने संन्यास के फैसले को बदलते हुए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में होने वाले महिला टी20 विश्व कप के लिए टीम में वापसी की है।क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) की ओर से घोषित 15 सदस्यीय टीम में डिएंट्रा डॉटिन का नाम शामिल है। टीम में नेरिसा क्राफ्टन के रूप में एक अनकैप्ड खिलाड़ी भी शामिल है।सीडब्ल्यूआई के अध्यक्ष किशोर शालो ने टीम घोषणा के बाद कहा, हमारी टीम में अनुभव और युवाओं का अच्छा मिश्रण है।÷ उन्होंने कहा, ÷हमारे पास 19 साल के आसपास के कुछ खिलाड़ी हैं, मुझे लगता है कि जैदा अभी भी शायद युवा है और वहां एक या दो युवा खिलाड़ी हैं। इसलिए इस मिश्रण से वास्तव में खुश हूं।

उन्होंने कहा कि साथ ही मुझे लगता है कि हम सभी वेस्टइंडीज की टीम में डिएंड्रा डॉटिन को वापस देखकर उत्साहित हैं। डॉटिन का हालिया फॉर्म विशेष रूप से उत्साहजनक है। वह डब्ल्यूसीपीएल 2024 लीग चरण में तीसरी सबसे अधिक रन बनाने वाली खिलाड़ी थीं, जिन्होंने चार पारियों में 28.25 की औसत और 111.88 की स्ट्राइक रेट से 113 रन बनाए एवं सत्र में दो से अधिक छक्के लगाने वाली एकमात्र बल्लेबाज भी थीं।

उल्लेखनीय है कि महिला टी20आई में सबसे तेज शतक लगाने वाली डॉटिन ने 2022 कॉमनवेल्थ गेम्स में बारबाडोस की अगुआई करते हुए वेस्टइंडीज टीम में 'अनुकूल' माहौल नहीं होने पर अचानक संन्यास लेने का फैसला किया था।

**महिला टी-20 विश्वकप के लिए घोषित की गई वेस्टइंडीज की टीम इस प्रकार है:-**

हेली मैथ्यूज (कप्तान), शेरमेन कैम्पबेल, आलियाह एलीने, एफी फ्लेचर, अशिमनी मुनिसार, चेडियन नेशन, चिनेल हेनरी, डिएंड्रा डॉटिन, करिश्मा रामहरैक, मैंडी मंगरू, नेरिसा क्राफ्टन, कियाना जोसेफ, शमिला कॉनेल, स्टेफनी टेलर और जैडा जेम्स।

## चोटिल राशिद न्यूजीलैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में टीम से हुए बाहर

**एजेंसी**

**काबुल।** अफगानिस्तान क्रिकेट टीम के प्रमुख खिलाड़ी राशिद खान पीठ की चोट के कारण नौ सितंबर से भारत के उत्तर प्रदेश में न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए टीम से बाहर हो गए हैं। टीम प्रबंधन के अनुसार राशिद को पिछले महीने अफगानिस्तान के घरेलू टी-20 टूर्नामेंट शपेजा क्रिकेट लीग (एससीएल) में स्पीन घर टाइगर्स (एसजीटी) के लिए खेलते समय चोट लगी थी।राशिद ने एससीएल में 18 अगस्त से लगातार हुए सभी तीन मैचों छह विकेट लिए। अपने तीसरे मैच में राशिद ने एमो शार्क्स के खिलाफ एक संक्षिप्त मैच में अपनी टीम के लिए सिर्फ 26 गेंदों पर 53 रन बनाए। उस मैच के दौरान ही राशिद को पीठ में दर्द का अनुभव हुआ



जिसके कारण वह दो दिन बाद एसजीटी के अगले मैच से भी बाहर हो गए थे। राशिद पिछले वर्ष अक्टूबर-नवंबर में एकदिवयीय विश्वकप के ठीक बाद पीठ की चोट और उसके बाद की सर्जरी से भी गुजरे थे। इस चोट के कारण वह चार महीने तक क्रिकेट से बाहर रहे उसके बाद वह गत मार्च में आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में वापसी करने में सफल रहे और अपनी हालिया पीठ की परेशानी से एक हफ्ते पहले हंड्रेड में ट्रेंट रॉकेट्स का प्रतिनिधित्व करते हुए राशिद को हैमस्ट्रिंग में खिंचाव का सामना करना पड़ा था। राशिद इस सत्र के अपने आखिरी दो मैच नहीं खेल पाए थे। अफगानिस्तान टीम ने उत्तर प्रदेश में अपने घरेलू मैदान ग्रेटर नोएडा में अभ्यास शुरू कर दिया है। पहली बार दोनों टीमें टेस्ट मैच एक-दूसरे का सामना करेंगी। यह ग्रेटर नोएडा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ग्राउंड पर खेला जाने वाला पहला टेस्ट भी होगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट मैच के तुरंत बाद अफगानिस्तान की टीम 18 सितंबर से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला खेलने के लिए शारजाह के लिए रवाना होगी।

## शाहीन अफरीदी दूसरे टेस्ट मैच से बाहर

**एजेंसी**

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान ने शुक्रवार से रावलपिंडी में बंगलादेश के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट के लिए बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी को टीम से बाहर कर दिया है।

पाकिस्तान ने आज मैच की पूर्व संध्या पर 12 सदस्यीय टीम की घोषणा की जिसमें लेग स्पिनर अबरार अहमद और तेज गेंदबाज मीर हमजा शामिल हैं। अफरीदी को दूसरे टेस्ट की टीम से बाहर किये जाने पर मुख्य कोच जेसन गिलेस्पी ने कहा कि वह अपनी प्रभावशीलता में सुधार करने के लिए 'कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं।' गिलेस्पी ने कहा, 'शाहीन इस मैच में नहीं खेल पायेंगे।' उन्होंने कहा, 'हमने उनसे बातचीत की है और वह इसके पीछे की सोच को अच्छी तरह समझते हैं। शाहीन को कुछ फीडबैक दिया गया है। वह अपनी गेंदबाजी के साथ कुछ चीजों पर काम कर रहे हैं ताकि वह यथासंभव प्रभावी हो सकें। वह अजहर महमूद के साथ वास्तव में अच्छा काम कर रहे हैं। हम शाहीन को उनकी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में देखना चाहते हैं। क्योंकि हमें सभी प्रारूपों में बहुत अधिक क्रिकेट खेलना है और शाहीन इसमें वास्तव में बड़ी भूमिका निभाने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हालांकि अबरार को शुरुआती एकादश में शामिल किए जाने की संभावना है लेकिन पहले टेस्ट के लिए पाकिस्तान द्वारा सभी तेज गेंदबाजों को चुनने के फैसले के बाद गिलेस्पी ने कहा कि मेजबान टीम ने रावलपिंडी में मौसम की स्थिति के कारण 12 खिलाड़ियों का चयन किया है।

## बरिंदर सरन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से लिया संन्यास

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट खिलाड़ी बरिंदर सरन ने अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

सरन ने इंस्टाग्राम पर लिखा, जब मैं आधिकारिक तौर पर क्रिकेट से संन्यास ले रहा हूं तो मैं अपने सफर को कृतज्ञता से भरे दिल से देखता हूं। उन्होंने कहा, क्रिकेट ने मुझे अनगिनत और अविश्वसनीय अनुभव दिए हैं। तेज गेंदबाजी जल्द ही मेरा लकी चार्म बन गई और प्रतिष्ठित आईपीएल फ्रेंचाइजी का प्रतिनिधित्व करने के लिए मेरे दरवाजे खुल गए आखिरकार 2016 में भारत का प्रतिनिधित्व करने का सर्वोच्च सम्मान मिला।

सरन ने कहा, भले ही मेरा अंतरराष्ट्रीय करियर छोटा था लेकिन जो यादें बनीं वे हमेशा याद रहेंगी। मैं भगवान का हमेशा आभारी रहूंगा कि



उन्होंने मुझे सही कोच और प्रबंधन दिया जिन्होंने मेरी पूरी यात्रा में मेरा साथ दिया। सरन को ऑस्ट्रेलिया में खेलने के लिए भारतीय एकदिवसीय टीम के लिए चुना गया। उस समय उनके नाम केवल आठ लिस्ट ए मैच थे। उन्होंने 12 जनवरी को एमएस धोनी की कप्तानी में अपना वनडे पदार्पण किया जिसमें उन्होंने पर्थ में 56 रन देकर तीन विकेट लिए। सरन को जून 2016 में जिम्बाब्वे के सफेद गेंद दौरे के लिए भी टीम में चुना गया जहाँ उन्होंने अपना टी-20 पदार्पण किया। वह हरारे में दूसरे मैच में 10 रन देकर चार विकेट लेकर प्लेयर-ऑफ-द-मैच रहे। इसके बाद उन्हें टीम फिर मौका नहीं मिला। सरन ने कुल मिलाकर 2011 से 2021 के बीच 18 प्रथम श्रेणी, 31 लिस्ट-ए और 48 टी20 मैच खेले। आईपीएल में उन्होंने रॉयल्स, किंग्स इलेवन, सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस का प्रतिनिधित्व किया और गुजरात टाइटन्स के लिए नेट बॉलर भी रहे। सरन ने आखिरी बार फरवरी 2021 में मध्य प्रदेश के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में पंजाब के लिए मैच खेला था।

## बैडमिंटन:सुकांत कदम और सुहास यतिराज ने जीते अपने शुरुआती मुकाबले



**एजेंसी**

**पेरिस।** भारतीय पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी सुकांत कदम और सुहास यतिराज ने पुरुष एकल के शुरुआती मुकाबलों में जीत दर्ज की है। सुकांत कदम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मलेशिया के अमीन बुरहानुद्दीन को 2-1 से हराया। वहीं एक अन्य मुकाबले में सुहास यतिराज ने इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी पर 2-0 से जीत दर्ज की।

आज यहां खेले गये मुकाबले में सुकांत कदम ने मलेशिया के अमीन बुरहानुद्दीन पर 17-21, 21-15, 22-20 से जीत दर्ज की। कदम ने पहले गेम हारने के बाद शानदार वापसी करते हुए विश्व के नंबर चार खिलाड़ी अमीन को दूसरे और तीसरे गेम में हराकर मुकाबला अपने नाम किया।

41 वर्षीय सुहास यतिराज ने विश्व के नंबर 8 खिलाड़ी इंडोनेशिया के हिकमत रामदानी को एकतरफा मुकाबले में 21-7, 21-5 से हराया।

सुहास का अगला मुकाबला कोरियाई खिलाड़ी के साथ को होगा।

## पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट का पहला दिन बारिश से धुला

**एजेंसी**

**रावलपिंडी।** पाकिस्तान और बांग्लादेश के बीच दूसरे टेस्ट मैच का शुरुआती दिन शुक्रवार को लगातार बारिश के कारण धुल गया। बांग्लादेश दो मैचों की श्रृंखला में 1-0 से आगे है। उसने पिछले सप्ताह इसी स्थान पर 10 विकेट की ऐतिहासिक जीत दर्ज की थी। इस मैच में पाकिस्तान की दूसरी पारी पांचवें और अंतिम दिन महज 146 रन पर सिमट गई थी। तेज बारिश के कारण खिलाड़ी और टीम अधिकारी होटल में ही रुके रहे और अंपायरों ने स्थानीय समयानुसार दोपहर 12:05 बजे दिन का खेल रद्द कर दिया। भारी बारिश के कारण मैदान का आउटफील्ड जलमग्न है। दोनों टीमें विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप तालिका में सबसे निचले स्थान पर काबिज वेस्टइंडीज से ठीक ऊपर हैं। इसमें बांग्लादेश सातवें स्थान पर और पाकिस्तान आठवें स्थान पर है।

पिछले साल शान मसूद को कप्तान बनाए जाने के बाद से लगातार चार टेस्ट मैच हार चुके पाकिस्तान ने दिसंबर 2021 में दक्षिण अफ्रीका को हराने के बाद से एक भी घरेलू



टेस्ट नहीं जीता है। न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गये चार टेस्ट मैच ड्रॉ पर छूटे थे। पाकिस्तान ने अपनी 12 सदस्यीय टीम में तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को बाहर कर दिया और लेग स्पिनर अबरार अहमद के साथ एक और बाएं हाथ के स्पिनर मीर हमजा को इसमें शामिल किया है।

## जो रूट का 33वां टेस्ट शतक, पहुंचे कुक की बराबरी पर, इंग्लैंड पहले दिन 358/7

**एजेंसी**

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के भरोसेमंद बल्लेबाज जो रूट ने श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार शतक जड़ दिया है। यह रूट के करियर का 33वां शतक है। ऐसा कर उन्होंने इंग्लैंड के ही दिग्गज एलिस्टेयर कुक की बराबरी कर ली है जोकि 33 शतक लगा चुके हैं। रूट अब इसी के साथ अपने सलकालीन प्रतिद्वंद्वी स्टीव स्मिथ (32 शतक) से आगे निकल गए हैं। रूट का यह शतक तब सामने आया जब इंग्लैंड ने पहले 10 ओवर में ही डेनियल लॉरेंस और कप्तान ओली पोप का विकेट गंवा दिया था। रूट ने 206 गेंदों पर 18 चौकों की मदद से 143 रन बनाए जिससे इंग्लैंड को 250 का स्कोर पार करने में सफलता मिली। पहले दिन का खेल समाप्त होने तक इंग्लैंड ने 7 विकेट खोकर 358 रन बना लिए हैं। गस एटकिंसन 74 रन पर नाबाद खड़े हैं।



टेस्ट फार्मेट में सबसे ज्यादा शतक बनाने वाले बल्लेबाज

51 सचिन तेंदुलकर
45 जैक कैलिस
41 रिकी पोंटिंग
38 कुमार संगाकारा
36 राहुल द्रविड़
34 यूनिस खान, सुनील गावस्कर, ब्रायन लारा, महेला जयवर्द्धने
33 जो रूट, एलिस्टेयर कुक

मैच में श्रीलंका ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया था। श्रीलंकाई कप्तान धनंजय डिसल्वा ने टॉस जीतने के बाद कहा कि हम पहले गेंदबाजी करने जा रहे हैं। पहले घंटे में हमेशा स्विंग होती है।

वह सफेद गेंद क्रिकेट (निसंका) में अच्छी फॉर्म में हैं। मैनचेस्टर से बेहतर प्रदर्शन करने की जरूरत है। वहीं, इंग्लैंड की ओर से ओली पोप ने कहा कि हम एक बल्ला लेने जा रहे थे। जब आप लॉर्ड्स पहुंचते हैं, तो आप ऊपर देखते हैं और फिर नीचे देखते हैं, वे यही कहते हैं। वह सफेद शर्ट को वापस पहनने के लिए उत्सुक है, खासकर क्रिकेट के घर में।

**पहला टेस्ट जीत चुकी है इंग्लैंड**

श्रीलंका ने पहले टेस्ट में पहले बल्लेबाजी करते हुए धनंजय के 74 तो मिलन के 72 रन की बदौलत 236 रन बनाए थे। जवाब में इंग्लैंड ने जेमी स्मिथ के शतक की बदौलत 358 रन बना लिए। श्रीलंका ने दूसरी पारी में मैथ्यूज के 65, चांदीमल के 79 तो कुमांदु मेंडिस के 113 रनों की बदौलत 326 रन बनाए लेकिन इंग्लैंड ने दूसरी पारी में मिले 205 रन के लक्ष्य को जो रूट के 62, जेमी स्मिथ के 39 रनों की बदौलत हासिल कर लिया।

दोनों टीमों की प्लेइंग 11

श्रीलंका :दिमुथ करुणारत्ने, पथुम निसांका, निशान मदुष्का (विकेटकीपर), एंजेलो मैथ्यूज, दिनेश चंडीमल, धनंजय डी सिल्वा (कप्तान), कामिंदु मेंडिस, प्रभात जयसूर्या, असिथा फर्नांडो, लाहिरू कुमारा, मिलन प्रियनाथ रथनायके

इंग्लैंड : बेन डकेट, डैनियल लॉरेंस, ओली पोप (कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रूक, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, मैथ्यू पॉट्स, ओली स्टोन, शोएब बशीर

## जब Rajkummar Rao की पत्नी को प्लेन में पड़ा जोरदार थप्पड़, तो क्यों याद आ गईं

# तापसी पन्नू



इस हफ्ते ओटीटी पर कई धमाकेदार फिल्में और वेब सीरीज आने वाली हैं. फैन्स इसका बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं. इन्हीं में से एक है- ब्रुष्ट 814: The Kandahar Hijack. यह सीरीज नेटफ्लिक्स पर आने वाली हैं. हाल ही में मेलबर्न के HOYTS में इंडियन फिल्म फेस्टिवल के दौरान इसका प्रीमियर हुआ, जहां पहले के दो एपिसोड दिखाए गए थे. इस सीरीज में कंधार हाईजैक के सात दिनों की कहानी दिखाई गई है, जो सच्ची स्टोरी पर बेस्ड है. 29 अगस्त को इसे नेटफ्लिक्स पर लाया जा रहा है. सीरीज को अनुभव सिन्हा ने डायरेक्ट किया है. इसमें दीया मिर्जा, नसीरुद्दीन शाह, अमृता पुरी, पूजा गौर, विजय वर्मा और पत्रलेखा समेत कई स्टार्स नजर आ रहे हैं. 7 दिन पहले ट्रेलर आया था, जिसे गजब का रिस्पॉन्स मिला था. 2 मिनट 56 सेकंड के वीडियो में कंधार हाईजैक की कहानी का एक हिस्सा पता लगा है. सीरीज में 6 एपिसोड होंगे.सीरीज में एयर होस्टेस का किरदार निभा रहीं पत्रलेखा ने शूटिंग के दौरान के कुछ किस्से शेयर किए हैं. उन्होंने बताया कि शूटिंग के दौरान किन परेशानियों का उन्हें सामना करना पड़ा था. हाल ही में न्यूज 18 को पत्रलेखा ने इंटरव्यू दिया था. उन्होंने कहा कि- प्लेन के अंदर बंद होने का एक्सपीरियंस बहुत अजीब था. जहां क्रू को मिलाकर एयरक्राफ्ट के अंदर लगभग 100 लोग मौजूद थे.

**जब पत्रलेखा को प्लेन में पड़ा जोरदार थप्पड़**

इंटरव्यू के दौरान पत्रलेखा ने बताया कि, प्लेन में एसी चल रहा था, लेकिन आवाज आने के चलते उसे बंद करना पड़ गया. इसके बाद एयरक्राफ्ट में ऐसे हालात हो गए थे कि पत्रलेखा का दम घुटने लगा. माहौल भी काफी खराब हो गया था. सीन्स को पूरा करने के बाद उनकी तबीयत काफी बिगड़ गई थी. वहीं उन्हें पूरी तरह से ठीक होने में एक हफ्ते से ज्यादा का समय लगा था. आगे वो कहती हैं:

शूटिंग के दौरान डायरेक्टर अनुभव सिन्हा और मैं बीमार पड़ गई थी. मुझे इससे बाहर आने में एक हफ्ते से ज्यादा का समय लगा. मैं बीमार पड़ गई, अनुभव सर को बुखार था. फिर भी कुछ समय बाद आपका दिमाग वहीं रहता है. यह पूरा प्रोसेस की काफी मुश्किल था. उम्मीद है कि मैं कभी भी हाईजैक की स्थिति में नहीं आऊंगी. पर यह डरावना भी था.

इस दौरान पत्रलेखा ने यह भी बताया कि कैसे फिल्म के एक्शन सीन्स को शूट किया गया था. वो कहती है कि- फिल्म में एक ऐसा सीन है, जिसे फिल्माने के लिए उन्हें जोरदार थप्पड़ भी खाना पड़ा. हालांकि, इसके लिए वो मेंटली तैयार थी. थप्पड़ वाले सीन को करने से पहले उन्हें तापसी पन्नू याद आ गईं थी. उनका कहना था कि यह सुनने के बाद कि फिल्म 'थप्पड़' की शूटिंग के दौरान तापसी पन्नू को 15 बार थप्पड़ पड़े थे. इस बात ने उन्हें यह मुश्किल सीन को पूरा करने में मदद की है.बात है साल 1999 की. इंडियन एयरलाइंस की फ्लाइट 814 हाईजैक हुई थी. 'आईसी 814: कंधार हाईजैक' की कहानी को इस सीरीज में दिखाया गया है. फिल्म में पत्रलेखा के किरदार का नाम है- 'इंद्राणी', जो एयर होस्टेस होती हैं.

## 9 साल में 99 प्रतिशत फिल्में FLOP, कंगना रनौत के लिए 'इमरजेंसी' का हिट होना क्यों जरूरी?



कभी 'तनु वेड्स मनु' की तनु बनकर तो कभी 'कृष 3' की काया बनकर अपनी एक्टिंग का कमाल दिखाने वाली कंगना रनौत अब भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के किरदार में पर्दे पर आ रही हैं. साल 1975 में भारत में लगे आपातकाल पर वो 'इमरजेंसी' नाम की एक फिल्म ला रही हैं. अभिनय के साथ-साथ कंगना ने इस पिक्चर को डायरेक्ट भी किया है. ये फिल्म 6 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है.रिलीज से पहले ये फिल्म काफी ज्यादा सुर्खियों में बनी हुई है. ज्यादा सुर्खियों में इसलिए, क्योंकि इस पिक्चर पर विवाद शुरू हो गया है. पंजाब में इस फिल्म की रिलीज पर रोक लगाने की मांग हो रही है. पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट में एक याचिका भी दायर हुई है, जिसमें कहा गया कि इस फिल्म में सिखों को गलत तरीके से दिखाया गया है. कंगना को जान से मारने की धमकी भी मिलचुकी है. यानी फिल्म के खिलाफ मामला गर्माता जा रहा है.

**विवाद से फायदा भी नुकसान भी**

जब भी किसी फिल्म को लेकर विवाद होता है तो मामला दो तरफ जाता है. पहला ये कि विवाद की वजह से फिल्म का एक तरह से प्रमोशन हो जाता है और फिर लोग उस फिल्म को देखने के लिए उत्सुक हो जाते हैं कि आखिर पिक्चर में ऐसा क्या है, जो विवाद हो रहा है. ऐसे में कहीं न कहीं फिल्म की कमाई में इजाफा हो जाता है. दूसरा मामला ये कि विवाद कि वजह से अधिकतर बार फिल्म को फजीहत झेलनी पड़ती है, कंट्रोवर्सी इस कदर बढ़ जाती है कि फिल्म फ्लॉप की ओर चली जाती है.

पहलू दो हैं और सवाल सिर्फ एक कि कंगना की इस फिल्म का हाल क्या होगा? क्या ये फिल्म बॉक्स ऑफिस पर हिट में शुमार हो जाएगी या फिर फ्लॉप होकर कहीं गुमनाम हो जाएगी? इस सवाल का जवाब फिल्म रिलीज होने के बाद ही मिलेगा. लेकिन एक बात है, जो पहले से साफ है, वो ये है कि इस पिक्चर का कंगना के लिए हिट होना काफी जरूरी है.ऐसा हम क्यों कह रहे हैं, इस सवाल का जवाब कंगना के करियर में ही छिपा हुआ है. दरअसल, कंगना ने साल 2006 में रिलीज हुई फिल्म 'गैंगस्टर' से अपना करियर शुरू किया था. फिल्म लोगों को पसंद आई, बॉक्स ऑफिस पर अच्छी कमाई भी हुई है. उसके बाद कंगना कई पिक्चर्स में दिखीं. उनमें से कुछ सक्सेसफुल हुईं तो कुछ के ऊपर फ्लॉप का धब्बा लग गया. मिला-जुलाकर मामला लगभग ठीक-ठाक चल रहा था. लेकिन फिर 2015 से उनके करियर ने ऐसी करवट ली कि फिर मामला ठीक-ठाक से नीचे चला गया.

## Anupama के वनराज लड़ा चुके हैं प्रियंका चोपड़ा के साथ इश्क! 19 साल पहले किया था साथ काम



छोटे पर्दे पर अक्सर किसी न किसी सीरियल का राज देखने को मिलता रहता है. पिछले कुछ सालों से इस वक्त जो नंबर 1 की कुर्सी हथियाए बैठा है, वो सीरियल है अनुपमा. 'अनुपमा' घर-घर में देखा जाने वाला शो है. जब-जब अनुपमा की आंखों में आंसू आते हैं, तो उनके फैन्स की आंखें भी नम हो जाती हैं. हालांकि अनुपमा को रुलाने वाला शख्स कोई और नहीं, बल्कि वनराज है. वनराज का किरदार सुधांशु पांडे ने इतनी बखूबी निभाया है कि उन्हें लोगों की नफरत का कई बार सामना भी करना पड़ा है. खैर, बिना विलेन के कोई कहानी पूरी नहीं होती है. लेकिन इसी बीच पता चला है कि सुधांशु पांडे अब इस शो का हिस्सा नहीं होंगे.सुधांशु पांडे ने खुद इस बात का खुलासा किया है कि वो अब 'अनुपमा' में नजर नहीं आएंगे. इस खबर के सामने आने के बाद फैन्स काफी हैरान हैं. क्योंकि जब तक हीरोइन की जिंदगी में मुश्किलें पैदा करने वाला विलेन नहीं होगा, तो कहानी में मजा कहां से आएगा. इसके अलावा अब वनराज की जगह ले पाना भी दूसरे एक्टर के लिए मुश्किल होने वाला है. लोग वनराज से काफी कनेक्ट कर पाते हैं और वो एक अच्छे एक्टर भी हैं. हालांकि सीरियल के साथ-साथ सुधांशु फिल्मों में भी भी नजर आते रहते हैं. सुधांशु पांडे 19 साल पहले प्रियंका चोपड़ा के साथ भी रोमांस कर चुके हैं.

**प्रियंका के साथ इश्क लड़ा चुके हैं 'वनराज'**

साल 2005 में फिल्म 'यकीन' रिलीज हुई थी. इस पिक्चर में प्रियंका चोपड़ा और अर्जुन रामपाल लीड रोल में नजर आए थे. वहीं सुधांशु पांडे ने 'यकीन' में सपोर्टिंग रोल निभाया था. सुंधाशु को फिल्म में प्रियंका के साथ रोमांस करते हुए भी देखा गया है. पिक्चर की कहानी के मुताबिक प्रियंका शादीशुदा होते हुए भी उनके प्यार में पड़ जाती हैं और सुधांशु के साथ रिश्ता कायम करती हैं. अपने छोटे से रोल को भी सुधांशु ने बेहतरीन तरीके से निभाया था.

**सलमान खान के साथ भी कर चुके हैं काम**

सुधांशु पांडे को पिछली बार सलमान खान की फिल्म राधे में देखा गया था, जिसमें उन्होंने लोकल गैंगस्टर दिलाबर का रोल निभाया था.

सलमान खान के अलावा सुधांशु पांडे मेगास्टार रजनीकांत और अक्षय कुमार जैसे सितारों के साथ भी नजर आ चुके हैं. एक्टर ने विलेन के तौर पर भी कई फिल्मों में काम किया है, लेकिन जो फेम उन्हें अनुपमा में वनराज मिलकर मिला, वो किसी फिल्म से हासिल नहीं हुआ.

## 'प्रेम और प्रीति वापस आ गए हैं...' सलमान-सोनाली बेंद्रे को एक साथ देख फैन्स को आई 'हम साथ-साथ हैं' की याद



बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान जहां भी जाते हैं रंग जमा देते हैं. कुछ ऐसा ही हुआ मुंबई में ऑर्गनाइज इको-फ्रेंडली गणपति उत्सव में, जहां भाईजान ने महफिल में धमाल मचा दिया. ऑडियंस का दिल जीतने में सलमान माहिर हैं, फिर चाहे वो उनकी एक्टिंग हो या फिर उनका सोशल वर्क. दिव्याज फाउंडेशन की तरफ से आयोजित एक इवेंट में पहुंचे सलमान ने लोगों से इको-फ्रेंडली तरीके से गणेश चतुर्थी मनाने की अपील की.अब इवेंट में सलमान हों और उनका मस्तमौला अंदाज देखने को न मिले, ऐसा भला कैसे हो सकता है.

यहां भी बॉलीवुड के टाइगर ने जोरदार डांस किया और लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया. यही नहीं इस दौरान उन्होंने 'आते जाते जो मिलता है तुमसा लगता है' गाना भी गाया. सलमान पर्यावरण के अनुकूल गणेशोत्सव को समर्थन देते हुए 'बच्चे बोले मोरया' नाम के इवेंट में भी शामिल हुए थे. इस दौरान उन्होंने पर्यावरण सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इको फ्रेंडली गणेश चतुर्थी मनाने पर जोर दिया.

**सलमान ने किया 'वॉन्टेड' के गाने पर डांस**

लाइट ग्रे कलर की टी-शर्ट और जीन्स पहने सलमान ने अपनी हिट फिल्म 'वॉन्टेड' के गाने 'मेरा ही जलवा' पर डांस किया. जैसे ही सलमान ने अपना हुक स्टेप किया लोग तालियां बजाने लगे. वहीं सल्लू ने भी फैन्स को फ्लाइंग किस दिया. इस इवेंट के कई वीडियो सामने आए हैं, जिसमे सलमान का ये मस्ती भरा अंदाज साफ देखा जा सकता है.

**इको फ्रेंडली गणेशोत्सव मनाने का संदेश**

'बच्चे बोले मोरया' इवेंट में सलमान खान ने स्पीच भी दी. एक्टर ने इको फ्रेंडली गणेशोत्सव मनाने का संदेश दिया.

उन्होंने कहा कि इको फ्रेंडली गणेश लाओ और अपनी सोसायटी, अपनी बिल्डिंग, अपने घर में ही उसका विसर्जन करो. उन्होंने कहा कि बहुत खराब लगता है जब लोग पीओपी की मूर्ति लाते हैं. उसका विसर्जन करने समंदर पर जाते हैं, लेकिन अच्छे से विसर्जन नहीं करते. एक्टर ने कहा कि विसर्जन के बाद कुछ मूर्तियों के सिर, धड़, पैर हर जगह बिखर जाते हैं और कुछ लोग भगवान गणेश की बिखरी हुई मूर्तियों पर पैर रख देते हैं, ये अच्छी बात नहीं है.

**सोनाली बेंद्रे से गले मिले सलमान**

इस इवेंट में सलमान की बहन अलवीरा अग्निहोत्री, अमृता फडणवीस, सोनाली बेंद्रे, सोनू निगम, कैलाश खेर, पुलिस कमिश्नर विवेक फलसंकर और बीएमसी कमिश्नर भूषण गगरानी भी मौजूद थे.

इस मौके पर सलमान, सोनाली बेंद्रे से गले मिलते नजर आए, फिल्म 'हम साथ साथ हैं'कि जोड़ी प्रेम और प्रीति ने एक दूसरे को गले लगाया. दोनों को सालों बाद एक साथ देखकर फैन्स काफी खुश हो गए. सोशल मीडिया पर इनकी जोड़ी के लिए लोग कमेंट कर रहे हैं. एक फैन ने लिखा है प्लीज कोई इन्हें फिर से एक साथ कास्ट करे, जबकि दूसरे ने लिखा , हाय, प्रेम और प्रीति वापस आ गए हैं !.

**फिल्म 'सिकंदर' में आएंगे नजर**

सलमान इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म 'सिकंदर' को लेकर सुर्खियों में बने हुए हैं. ये फिल्म अगले साल ईद के मौके पर रिलीज होगी. इस फिल्म में पहली बार सलमान एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना के साथ नजर आएंगे. फैन्स इस फिल्म का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.